आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 3, अंक 302, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घना कोहरा व शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची, बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

- **मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर गहरा शोक जताया, उच्चस्तरीय बैठक में लिए कई फैसले**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



### प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से किया धामी को फोन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दु:खद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की।

### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

### बुरी तरह जले मिले शव, डीएनए सैंपलिंग

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, संयुक्त दलों द्वारा पूरे क्षेत्र को घेरकर खोज और बचाव अभियान चलाया गया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। मौके पर ही राख के ढेर मिले। फॉरेन्सिक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

## एक नजर

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव (धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों का खात्मा करने के लिए अर्श डल्ला के निर्देश पर काम कर रहे थे। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), पंजाब ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई लक्षित हत्या की एक साजिश को नाकाम कर दिया और दो प्रमुख गुर्गों कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रत्येक नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- **शाह बोले-60244 युवाओं में से किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ी परिवर्तनकारी युग यह शासन**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी। अगले पांच वर्ष में ऐसी व्यवस्था होगी कि किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला।

शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की। एलान किया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

### इन 15 पुलिसकर्मियों को मंच से दिए नियुक्ति पत्र

संतकबीर नगर के सत्यम नायक, खीरी के प्रेम सागर, फर्रुखाबाद की शालिनी शाक्या, बलिया के उपेंद्र कुमार यादव, बरेली की शिल्पा सिंह, कानपुर देहात के बीनू बाबू, महोबा के योगेंद्र सिंह, उन्नाव के शिवांश पटेल, वाराणसी के मनीष त्रिपाठी, लखनऊ की रोशन जहां, कानपुर नगर के आजाद कुशवाहा, गोरखपुर की मिथिलेश भट्ट, रायबरेली की सोनी रावत, मऊ की नेहा गोंड, बागपत के सचिन सैनी को मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया।

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- **राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार**



### जांच को गठित उच्चतस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना ह्दयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8), तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4) शामिल रही। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए। भरपहीं निवासी फेंकू की पुत्री खुशबू (11) की मौत हो गई है जबकि छोटे भाई सागर का बेटा अजय (10) और बेटी ज्योति (12) आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गये। बरेली (बहेड़ी/भोजीपुरा) के बहेड़ी व भोजीपुरा में आकाशीय बिजली गिरने से रविवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई। एक युवक बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बहेड़ी के गांव सिमरा निवासी 22 वर्षीय फरदीन अंसारी बाइक से रविवार सुबह किसी काम से घर से बाहर निकला था। बारिश से बचने के लिए वह पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भोजीपुरा के गांव जटौआ निवासी दुर्गा प्रसाद (25) रविवार सुबह घर से शौच के लिए गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव गांव के पास ही एक निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास पड़ा मिला।



प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- **कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें**

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।



# पिकअप से टकराई एंबुलेंस, 5 की मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार:** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह करीब छह बजे के आसपास शव लेकर बिहार जा रही एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के सेवरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर हुई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव उनके परिजन ले जा रहे थे। एंबुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस के माइल स्टोन संख्या 59.70 पर एंबुलेंस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

इस हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम संजय कुमार चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, यूपीडा टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

## दर्दनाक हादसा

- **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह शव को लेकर जा रही थी एंबुलेंस**




# आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- **प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

# शिक्षा के माध्यम से हो हिंदी का विकास: प्रो. सूर्य

## अवध विश्वविद्यालय में अवधी का भविष्य विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में जुटे कई मनीषी



अवध विवि में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में गोस्वामी जी अंक का विमोचन करते प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, प्रो. पवन अग्रवाल व अन्य।



संगोष्ठी में प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित का स्वागत करते एलबीएस गोंडा के डॉ शैलेन्द्र मिश्रा।

**आयोजन**

- अवधी के संवर्धन के लिए साझे प्रयास पर दिया बल
- राम मंदिर निर्माण के बाद अवधी का प्रसार प्रचार बढ़ा : प्रो. पवन

### नई शिक्षा नीति के साथ भाषा नीति पर सक्रियता जरूरी

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. रवीन्द्र कुमार पांडेय ने सफल सेमिनार के आयोजन के लिए ऑक्टा और प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वभाषा में ही किसी देश की शैक्षिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक उन्नति हो सकती है। उपनिवेशवाद के कारण हमें हमारी भाषा से वंचित किया गया। नई शिक्षा नीति के साथ हमें नई भाषा नीति पर सक्रिय रूप से काम करना होगा। श्री रामचरितमानस के वैश्विक भाषांतर पर विस्तार से डॉ. आशुतोष तिवारी, रामजस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने जानकारी दी। ऑक्टा के अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी ने अतिथियों का स्वागत और महामंत्री डॉ. अमूल्य कुमार सिंह ने किया। डॉ. सत्य प्रकाश शुक्ल, एएनडी कॉलेज बभनान के संचालन में द्वितीय सत्र में आरएसएस के अवध क्षेत्र के प्रांत प्रचारक कौशल ने रामचरितमानस की महत्ता को व्यक्त किया।

### गोस्वामी तुलसीदास पत्रिका का विमोचन

राष्ट्रीय संगोष्ठी में अवध ज्योति पत्रिका के गोस्वामी तुलसीदास जन्मभूमि विशेषांक को लोकार्पित किया गया। इस अंक के अतिथि संपादक प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र और संपादक डॉ. राम बहादुर मिश्र ने जानकारी दी। इस पत्रिका में गोस्वामी तुलसीदास की जन्मभूमि त्रिमुहानी सूकरखेत को पूरे साक्ष्य के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा कि प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि संबंधी कुहासा छंट गया किंतु उनके अनन्य उपासक तुलसीदास की जन्मभूमि गोण्डा है। यह बात अब तय हो गई है, इसे बिना किसी दुराग्रह के स्वीकार कर लेना चाहिए। डॉ. राम बहादुर मिश्र ने अवध ज्योति के इतिहास-विकास पर प्रकाश डाला। साहित्य भूषण शिवाकांत मिश्र 'विद्रोही' ने राम नाम का महत्व निरूपित करते हुए गोंडा को तुलसी की जन्मभूमि माने जाने पर बल दिया। डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अवधी गद्य के विकास पर बल दिया। डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येन्दु' ने रामचरितमानस के ग्राह्य सूत्रों को प्रकट किया। साहित्य भूषण विजय शंकर मिश्र ने अवधी में गांव-गिरांव की बातें साझा की।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवधी शब्दों के संकलन और संग्रहण को अभियान चलाकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। अवधी और हिंदी को शिक्षा की माध्यम भाषा के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यह विचार रविवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ,महाविद्यालय शिक्षक संघ और श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर के संत कबीर सभागार में 'अवधी का भविष्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रख्यात हिंदी मनीषी प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि अवधी भाषा का व्याकरण बिना विकसित किए उसका मानक रूप स्थिर नहीं हो सकेगा। अवधी के तीव्रगामी प्रसार के लिए इसे आंदोलन का स्वरूप देना होगा। प्रो. दीक्षित ने कहा कि सरकार को इसकी अकादमी यथाशीघ्र बनानी चाहिए। हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के अध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल ने 'अवधी के भविष्य' पर कहा कि अवधी गद्य को समृद्धतर किए जाने की जरूरत है। अवधी का विकास राम मंदिर के नवनिर्मित मंदिर के साथ तेजी से पुनः फैलना शुरू हुआ है। अवधी साहित्य के प्रारंभ और उसकी विकास-यात्रा के साथ भविष्य पर भी उन्होंने मूल्यवर्द्धक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते बवंडरी संचारी परिदृश्य में अवधी के विकास की राह आसान नहीं है, इसके लिए भाषा को रोजगार से जोड़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय, झांसी के निदेशक डॉ संजीव कुमार सिंह ने पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न अभिव्यक्तियों की रूपरेखा स्पष्ट की। बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने कहा कि बच्चे अपनी लोकभाषा अवधी में बातचीत खूब कर रहे हैं। रामायण की रामकथा अमिट और अनश्वर है, उसके साथ ही अवधी बढ़ती जाएगी।

**राष्ट्रीय संगोष्ठी में इन मनीषियों की रही उपस्थिति:** साहित्यकार विजय रंजन, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. विजय रंजन, डॉ. लक्ष्मी कांत पाण्डेय, डॉ राम बहादुर, प्रो. जय शंकर तिवारी, डॉ. नीरज पाण्डेय, विपुन पगारे, लक्ष्मी नाथ पाण्डेय, राजेश चौबे इत्यादि की उपस्थिति रही। अवधी भाषा, साहित्य, संस्कृति और राम कथा से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## योग व समग्र स्वास्थ्य पर गोष्ठी आज

**अयोध्या कार्यालय:** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'योग व समग्र स्वास्थ्य' का आयोजन सोमवार प्रातः 11 बजे हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा। राजभवन द्वारा जारी गाइडलाइन एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ वीसी कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह करेंगे। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. एसएस मिश्र ने बताया संगोष्ठी में अमेरिका, कुवैत और नेपाल से शिक्षाविद प्रतिभाग करेंगे। मुख्य वक्ता साकेत पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी होंगे।

## सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाने वालों पर नगर निगम करे कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर में सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, विद्यालय परिसरों, दीवारों, बिजली खंभों, फ्लाईओवरों, सार्वजनिक संकेतकों और निजी संपत्तियों पर तेजी से फैल रही अवैध पोस्टरबाजी, प्रचार-पेंटिंग और दीवार लेखन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने चिंता व्यक्त की है। मैं भी जागरूक अभियान के संयोजक, स्वच्छता व पर्यावरण कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने कहा कि अवैध प्रचार न केवल शहर की सुंदरता को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह नागरिक उत्तरदायित्व और नगर की सांस्कृतिक मर्यादा का भी सीधा अपमान है। कहा कि हमें अपने नगर को पोस्टर मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक संकल्प लेना चाहिए। निगम से मांग की कि नगर क्षेत्र में हो रही अवैध पोस्टरबाज़ी व प्रचार गतिविधियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही जिन संस्थानों या व्यक्तियों ने प्रचार किया है, उन्हें चिन्हित कर चेतावनी दी जाए अथवा सफाई, रंगाई का खर्च उनसे वसूला जाए। कहा कि ऐसा न करने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। अभिषेक ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम ने भी माना है कि इस प्रकार की गतिविधियां "अयोध्या नगर विज्ञापन पर अनुज्ञा शुल्क निर्धारण और वसूली उपविधि 2019" के अंतर्गत दंडनीय हैं।

## कैंडल जला रात में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**नाराजगी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और बेतहाशा विद्युत कटौती। आम लोगों के सब्र का पैमाना अब टूट रहा है। कटौती के विरोध में ग्रामीणों के साथ समाजवादी पार्टी ने प्रदर्शन किया। रात के अंधेरे में ग्रामीणों के साथ कैंडल जलाकर सरकार विरोधी नारे लगाए।


कैडल जलाकर विद्युत कटौती के खिलाफ प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के गुंधौर चौराहे पर रात के लगभग 11 बजे ग्रामीणों के साथ समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने कैंडल जलाकर, सरकार विरोधी नारे लगाए। समरजीत ने कहा- भाजपा सरकार में विद्युत व्यवस्था धराशाई हो गई। जनता त्राहिमाम कर रही है। 6 से 10 घंटे ही सप्लाई क्षेत्र को मिल पा रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विरोध प्रदर्शन में अजय वर्मा, पवन यादव, शिव सिंह, शेखर, विजय कनौजिया, जोखू वर्मा, विजय यादव राजेंद्र वर्मा आदि थे।

## जमीन दान कर ग्रामीणों के लिए निकलवाई सड़क

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** आजादी के बाद से अब तक सकतपुर गांव के लोगों के लिए गांव तक पहुंचने के लिए मार्ग नहीं था। मार्ग के लिए ग्राम वासियों ने अपने-अपने खतौनी का कुछ अंशदान कर दिया तो विधायक ने भी विधायक निधि से पीडब्ल्यूडी को मार्ग को पिच कराने के लिए अनुमोदित कर दिया, जिससे गांव के लोग खुश हैं।


सड़क निर्माण के दौरान मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

तारुन ब्लाक के गयासपुर के मजरे सकतपुर के लोगों के लिए गांव में जाने के लिए मार्ग नहीं था। पांच हजार की आबादी रास्ते से वंचित थी। गौराघाट चौराहे से गयासपुर मार्ग से सकतपुर जाने के लिए करीब एक किमी दूरी तय करना पड़ता है, जिसमें से करीब ढाई सौ मीटर मार्ग ही नहीं था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए गांव के कुछ लोगों ने अपने-अपने खतौनी के कुछ अंश दान देकर ग्रामीणों के लिए मार्ग का निर्माण शुरू करा दिया। गयासपुर गांव के समाजसेवी अवनीश सिंह, शिवम सिंह, अखिलेश सिंह, देव सिंह, सौरभ सिंह, मित्रसेन सिंह, अरविंद सिंह, हरीश सिंह, बबलू सिंह, संजीव सिंह आदि ने बंद पड़े करीब ढाई सौ मीटर सड़क मार्ग के लिए अपने-अपने खतौनी से जमीन देकर मार्ग को बहाल करा दिया तो विधायक अभय सिंह ने अपने निधि से 95 लाख स्वीकृत कराकर निर्माण शुरू कर दिया है। मार्ग का निर्माण शुरू होने से सकतपुर गांव निवासी मन्नू यादव, पवन यादव, श्रवण यादव, विक्की गुप्ता, डॉ. देवनारायण यादव, पातीराम यादव, उमाशंकर गौड़, पप्पू गौड, बुद्धू प्रजापति, फूलचंद कनौजिया, मूलचंद कनौजिया, सुखदेव मौर्य, दशरथ मौर्य, श्याम लाल यादव ने मार्ग के लिए अपनी जमीन देने वाले ग्रामीणों व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 100 बच्चों वाले स्कूलों को जुलाई में स्पोर्ट्स ग्रांट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने खेल के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया है। जुलाई माह में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों को स्पोर्ट्स ग्रांट जारी की जाएगी। 25 हजार रुपये की धनराशि 100 बच्चों वाले स्कूलों को जुलाई में भेजी जाएगी। विद्यालयों में मिलने वाले स्पोर्ट्स ग्रांट से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं में बच्चों को प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया जाएगा। स्पोर्ट्स ग्रांट मिलने से बच्चे शिक्षा के साथ ही खेल में भी निपुण हो सकेंगे। फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, शतरंज और कैरम जैसे खेलों में बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। स्पोर्ट्स ग्रांट की धनराशि निश्चित नहीं होती है। बच्चों की संख्या के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अमूमन 100 बच्चों वाले विद्यालयों को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता शासन से मिलती है। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया कि जुलाई माह में स्पोर्ट्स ग्रांट की धनराशि आने की संभावना है।

## पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकले शिकारी

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** समदा पक्षी विहार में मछलियों का अवैध शिकार रुक नहीं रहा है।

शनिवार रात ऐसा ही मामला देखने को मिला। रात में स्थानीय लोग जाल, पचकी लेकर मछली मार रहे थे जब तक पुलिस वहां पहुंची उसके पहले ही शिकारी वहां से नौ दो ग्यारह हो गए। कोला गांव के पास 67 एकड़ में फैली समदा झील को पक्षी विहार के रूप में विकसित करने की कवायद विकास प्राधिकरण ने शुरू की। करोड़ों के लागत से बंधा निर्माण, पौधरोपण और सौंदर्यीकरण किया गया। इसके रखरखाव व सुरक्षा के लिए वन विभाग की ओर से सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए गए। जब तक सुरक्षा के लिए गार्ड मौजूद रहे तब तक तो यहां व्यवस्था सही रही लेकिन काम बंद होते ही इस झील पर दुर्दशा का खतरा मंडराने लगा।


कोला गांव के पास स्थित समदा पक्षी विहार।

शनिवार रात एक बार फिर झील में मछ्ली मारने की सूचना पर पहुंची पुलिस खाली हाथ लौट आई। लोगों का कहना है कि इस खेल में पर्दे के पीछे मछली के ठेकेदार शामिल हैं। वन विभाग रेंजर रत्नेंद्र कुमार ने बताया कि पहले प्लांटेशन की देखरेख मेरे विभाग की थी तो विभाग की ओर से झील पर गार्ड की तैनाती की गई थी बाद में इसका जिम्मेदारी एडीए की हो गई है।


विकसित भारत संकल्प सभा की शुरुआत कराते पूर्व सांसद व विधायक।

### मोदी सरकार ने साकार किया सुरक्षित भारत का सपना: लल्लू

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** अमानीगंज ब्लाक के पुर उर्फ सुमेरपुर में भारतीय जनता पार्टी ने विकसित भारत अमृत काल : सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह और मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान रहे। पूर्व सांसद ने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार ने सशक्त भारत, सुरक्षित भारत के सपने को साकार किया है। विधायक ने गरीब कल्याण और सुशासन के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, चंद्रबली सिंह, बब्लू पासी, अनूप सिंह, अमरेंद्र मौर्य, सुनील पासवान समेत अन्य मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ सम्मेलन में जुट रहे लोग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कांग्रेस ने कौशलपुरी कॉलोनी में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य अतिथि व जिला प्रभारी राम जी गिरी ने कहा कि हम सब यहां एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक उद्देश्य से एकत्र हुए हैं। यह कोई साधारण सभा नहीं है। यह उस चेतना की पुकार है जो आज हर जिम्मेदार भारतीय के अंतःकरण से उठ रही है।


संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम।

जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा हमारा संविधान करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की मूल आत्मा पर कुठाराघात कर रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह और रामदास वर्मा ने कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायपालिका और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता भी अब जनता के बीच संदिग्ध होती जा रही है। कांग्रेस नेता शैलेंद्र पांडे, महानगर महिला अध्यक्ष नाजिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान विनय कुमार मिश्रा, आसाराम जागरथ, डा. जब्बार, सुहाना, विजय लक्ष्मी और मुस्कान ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, बसंत मिश्रा, फ्लावर नकवी, जय प्रताप गुप्ता, मो. आरिफ, आसाराम यादव, जनार्दन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### हमारा संविधान जनता की आवाज: रामजी गिरि

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली विधान सभा क्षेत्र के रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया में संविधान बचाओ सम्मेलन में कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर रामजी गिरि ने कहा कि संविधान एक दिन में नहीं बना। बाबा साहब के नेतृत्व ने तमाम विद्वानों ने संविधान की संरचना की। हमारा संविधान जनता की आवाज है। यह हर हिंदुस्तानी के लिए दस्तावेज है। संयोजक तथा एआईसीसी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने कहा कि भाजपा संविधान को कमजोर करने का चाहे जितना प्रयास करे लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। सम्मेलन में पीसीसी सदस्य कारिब करनी, कांग्रेस नेता मुनीर अहमद खां, मो. रफीक उर्फ बफ़ाती, रणजीत सिंह, तारिक रुदौलवी, मो इरफान खां मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**

### शिक्षकों के हित में भी स्कूल होने चाहिए बंद : नीलमणि


नीलमणि त्रिपाठी।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में परिषदीय विद्यालयों को खोले जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों के हित देखे जाने की बात करते हुए स्कूल 30 जून तक बंद किए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष प्रांतीय ऑडीटर नीलमणि त्रिपाठी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा है कि सरकार और विभाग को शिक्षक वर्ग के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य किए गए आदेश को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां भीषण गर्मी के कारण बच्चों की छुट्टियां 30 जून तक बढ़ा दी गई हैं, वहीं शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शिक्षोपार्जक कर्मचारियों को विद्यालय आने का आदेश देना अमानवीय और अनुचित है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी शिक्षक वर्ग की अपील और मांग शासन तक पहुंचाने का अनुरोध किया है।

### सभी को राम के आदर्शों से जुड़ना चाहिए: कुलसचिव


कुलसचिव बनाए गए परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह का स्वागत करते कर्मचारी।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव सभागार में परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह को कुलसचिव बनाए जाने पर कर्मचारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि अवध विश्वविद्यालय मर्यादा पुरुषोत्तम राम की जन्मस्थली पर स्थित है। हम सभी को राम जी के आदर्शों से जुड़ना चाहिए। हमें विश्वविद्यालय के लिए एक अच्छा प्रबंध करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, उप कुलसचिव डॉ. रीमा श्रीवास्तव, उप कुलसचिव मो. शहील, सहायक कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र वर्मा, सहायक कुलसचिव सत्यप्रिय सावंत, सहायक कुलसचिव बीएनडी दुबे, डॉ. राजेश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता को पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत ख्वासपुरा इलाके में पट्टीदारों ने अधिवक्ता को जमकर पीटा व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। अधिवक्ता राकेश वैद्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पट्टीदार उनसे रंजिश रखते हैं। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे सौरभ व आयुष पुत्र केशव अपने दो अन्य साथियों के साथ उनके दरवाजे पर आए व गाली गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो उन्होंने उन पर हमला कर दिया, वह भागकर घर में घुसे तो आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर लात मुक्कों से पीटा व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर मचने पर घर की महिलाएं व उनके पुत्र आदि आए तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## जिले के 955 रिक्रूट आरक्षियों के खिले चेहरे


रिक्रूट आरक्षियों की बस को हरी झंडी दिखाते एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी।


आरक्षी बैरकों में रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता करते एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर।

- जिले से चयनित हुए हैं 287 महिला और 668 पुरुष अभ्यर्थी
- थानों पर परिवार के लोगों ने देखा समारोह का सीधा प्रसारण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती में चयनित अयोध्या जिले के 955 रिक्रूट आरक्षियों को लखनऊ में आयोजित समारोह में गृहमंत्री अमित शाह ने नियुक्ति पत्र वितरित किया। इनमें 287 महिला और 668 पुरुष शामिल हैं। वहीं लखनऊ में आयोजित समारोह का कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के खंडासा, तारुन, मवई, कोतवाली बीकापुर, हैदरगंज, गोसाईगंज समेत सभी थानों में किया गया। थाना प्रभारियों ने चयनित अभ्यर्थियों के परिवार के लोगों को थाने पर आमंत्रित कर कार्यक्रम दिखाया व उन्हें जलपान भी कराया। नियुक्ति वितरण कार्यक्रम लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता की सराहना की।

### एसपी ग्रामीण ने बसों को दिखाई हरी झंडी

पुलिस भर्ती में चयनित सिपाहियों को रविवार की सुबह रोडवेज की बसों से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बसों को हरी झंडी दिखायी। इससे पहले सभी अभ्यर्थियों को पानी समेत आवश्यक सामग्री अपने साथ रखने की सलाह दी गई ताकि रास्ते में उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। वहीं, शनिवार की देर रात एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने तुलसी नगर में स्थित आरक्षी बैरकों में नियुक्ति पत्र हेतु आए रिक्रूट आरक्षियों के लिए बैरकों में मूलभूत सुविधाओं जैसे सीसीटीवी, जनरेटर, कूलर, फ्रिज, रहने-खाने के लिए पर्याप्त सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता भी की व दिशा-निर्देश दिए।

## अचेत अवस्था में मिला युवक, मृत किया गया घोषित

**सोहावल, अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के गांव मोइया कपूरपुर में शनिवार/ रविवार की भोर में एक युवक अचेत अवस्था में मिला, जिसे परिजन और ग्रामीण सीएचसी सोहावल ले गए। मोइया कपूरपुर गांव निवासी रवि सिंह उर्फ आशू सिंह पुत्र स्वर्गीय राम नरेश सिंह (27) अपने घर के पास एक कोलिया में अचेत अवस्था में पड़ा मिला, जिसे एंबुलेंस से परिजन और ग्रामीणों ने सीएससी सोहावल पहुंचाया। वहां पर मौजूद चिकित्सक ने स्थिति को देखते हुए मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम



- जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुबह 09 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी बैठक सुबह 11 :00 बजे से।

### होटल में आग से हड़कंप

**रुदौली, अमृत विचार :** शहर के कटरा तिराहे के मुन्ना होटल में रविवार की शाम अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। आग ने होटल की पूरी रसोई को अपनी चपेट में ले लिया। होटल संचालक आदिल ने बताया कि होटल की रसोई में समोसा बन रहा रहा था। अचानक सिलेंडर की आग कड़ाही के तेल तक पहुंच गई। लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

# 47 सुइट व 77 स्टैंडर्ड रूम वाले वीवीआई गेस्ट हाउस का निर्माण शुरू

## गेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल समेत वीवीआईपी के ठहरने की होगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अयोध्या में प्रधानमंत्री आवास एवं लाउंज, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट तीन नंबर। चौंकिए नहीं यह अयोध्या में प्रधानमंत्री के आवास का पता नहीं है, लेकिन उनके यदा-कदा पहुंचने पर रहने की व्यवस्था जरूर है। इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह अयोध्या में निर्माणाधीन वीवीआईपी गेस्ट हाउस का हिस्सा है। साल 2026 के बाद अयोध्या में चाहे किसी भी स्तर का वीआईपी आएगा। उसके प्रोटोकाल के हिसाब से रहने की व्यवस्था मिलेगी। यह वीवीआईपी गेस्ट हाउस अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर होगा।

अयोध्या वैश्विक नगरी बन रही है। केवल श्री राम मंदिर ही नहीं, अन्य कई ऐसे स्थल विकसित हो रहे हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के होंगे। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश-विदेश से वीआईपी और वीवीआईपी मेहमानों का आना जाना बढ़ गया है। अब तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, विदेशी राजनयिक, उद्योगपति, फिल्म अभिनेता, संत-महात्मा और कई-कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल यहां आ चुके हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के लोगों की आमद के मद्देनजर अयोध्या में प्रदेश सरकार से एक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वीवीआईपी गेस्ट हाउस का निर्माण शुरू कराया गया है। गेस्ट हाउस अयोध्या के माझा मीरापुर क्षेत्र में 14510 वर्ग मीटर में बनाया जा रहा है। यह श्री राम राम मंदिर से कुछ ही दूर पर स्थित है। इसका क्षेत्रफल ही इसके विहंगम होने का अहसास कराता है। परियोजना को इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड के तहत तैयार किया जा रहा है। इस पर कुल लगभग 9375.46 लाख रुपये खर्च होंगे। निर्माण लोक निर्माण विभाग करा रहा है। वीवीआईपी गेस्ट हाउस में कुल 47 सुइट और 77 स्टैंडर्ड रूम होंगे। यह सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। कमरों साज-सज्जा, आधुनिक शौचालय और मेहमानों की सुविधा के लिए जरूरी सुविधाएं होंगी। गेस्ट हाउस छह ब्लॉक (ए से एफ) का होगी। इसमें अलग-अलग श्रेणी के मेहमानों के लिए विशेष व्यवस्था होंगी। मुख्यमंत्री ब्लॉक में प्री-कास्ट कंक्रीट (पीसीसी) का कार्य पूरा हो चुका है, और राफ्ट के साथ स्टील बाइंडिंग का काम चल रहा है। रेजिडेंशियल ब्लॉक में खोदाई की जा रही है।

### पर्यावरण के अनुकूल होगा गेस्ट हाउस

गेस्ट हाउस पर्यावरण के अनुकूल होगा। इसमें ऊर्जा संरक्षण और जल प्रबंधन की सुविधाएं भी होंगी। बिजली के लिए पूरा एक उपकेंद्र बनेगा। गेस्ट हाउस में सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन निकास जैसे सुरक्षा उपाय की प्राथमिकता है। मेहमानों के लिए विशाल पार्किंग क्षेत्र, हरियाली अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### हर ब्लॉक में सुविधाओं का मानक तय

- **ए ब्लॉक जी प्लस फोर होगा :** ग्राउंड फ्लोर पर एंट्रेंस (फ्रंट एंड रियर), रिसेप्शन दो नंबर, ओडीओपी दो नम्बर, वेटिंग एरिया, सुइट आठ नंबर, प्रथम तल पर वीसी रूम, बफेट एरिया, पैंट्री, सुइट आठ नंबर।
- **दूसरा तल :** राज्यपाल आवास एवं आफिस, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट तीन नंबर।
- **तीसरा तल :** मुख्यमंत्री आवास एवं आफिस, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट तीन नंबर।
- **चतुर्थ तल :** प्रधानमंत्री आवास एवं लाउंज, वेटिंग लाउंज, पीएस आफिस, ओएसडी रूम, सुइट तीन नंबर।

### टैरेंस-मशीन रूम

- **बी :** रेजीडेन्शियल ब्लॉक (बी+जी+5) : फोर व्हीलर पार्किंग, टू व्हीलर पार्किंग, एंट्रेंस, ओडीओपी किचन, कैफेटेरिया, डायनिंग एरिया मैनेजमेन्ट आफिस, योगा हॉल, दुकान नंबर, सुइट नंबर 22, एकल कमरे 77 व मम्टी एवं मशीन कम।
- **सी :** डारमैट्री ब्लॉक (जी+5) : -इन्ट्रेन्स, वेटिंग एरिया, मेस किमन, बैरक, रेस्ट रूम पैन्टी, चेन्ज एंडलॉकर रूम, ड्रारमेट्री, टायलेट।
- **डी :** सर्विस ब्लॉक (5+1) पर सर्विसेज।
- **ई :** गार्ड रूम, आफिस एंड पास आफिस, इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन 148 वर्गमीटर में
- **एफ :** सेंट्रल लॉन, वाटर फाउंटेन, स्टाफ पार्किंग, विजिटर पार्किंग, विद्युतीकरण वाटर सप्लाई, बाउंड्री वाल व अन्य।

> वीवीआईपी गेस्ट हाउस की परियोजना के लिए 3281.41 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। निर्माण मई में शुरू हो गया। इसे नवंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।
>
> **-उमेश चंद्र,** अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग खंड-दो

# गोल्फ कार्ट संचालन के नाम पर करोड़ों की ठगी

## कंपनी की मालकिन ने एसएसपी से की शिकायत, मैनेजर पर लगे धोखाधड़ी के आरोप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में गोल्फ कार्ट संचालन के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बालाजी इंफ्रा कंपनी की संचालिका फिरोजाबाद निवासी आरती सिंह ने अपने मैनेजर रैनिक यादव सहित कुछ अन्य लोगों पर करीब करोड़ों की ठगी का आरोप लगाया है। उन्होंने एसएसपी व एसपी सिटी से शिकायत भी की है।

सिरसागंज, फिरोजाबाद निवासी आरती सिंह ने एसएसपी डॉ. गौरव ग्रौवर को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने वर्ष 2023 में स्पीडो ऑटोमोबाइल कंपनी से गोल्फ कार्ट खरीदी थी, जिसका उद्घाटन तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा 26 सितंबर 2023 को किया गया था। गाड़ियों की खरीद के समय उन्होंने कंपनी को 20 लाख रुपये नकद, 1.45 करोड़ रुपये का चेक बतौर सिक्योरिटी और लगभग छह लाख रुपये खाते में जमा किए थे। संचालन के लिए उन्होंने अपने पूर्व ड्राइवर रैनिक यादव को मैनेजर बनाकर जिम्मेदारी सौंपी थी। बताया कि शुरू में वह हिसाब देता रहा, बाद में बताया कि उसने छह सीटर गाड़ी को 1500 रुपये व 12 सीटर गाड़ी को 3000 रुपये प्रतिदिन के किराए पर ड्राइवर पर दिया है। अब उसी में और गाड़ी बढ़ा दूंगा। कंपनी के खाते में समय-समय पर नकद और ऑनलाइन माध्यम से बड़ी धनराशि जमा होती रही, जो अब तक करीब तीन करोड़ रुपये हो चुकी है। बताया कि जब उन्होंने दो वर्षों बाद हिसाब मांगना शुरू किया तो टालमटोल किया। इतना ही नहीं, गाड़ियों पर लिखे रामरथ व उत्तर प्रदेश पर्यटन के नाम को भी उसने मिटा दिया गया। 10 जून 2025 को जब वह दोबारा हिसाब मांगने पहुंचीं तो रैनिक सहित वीरेंद्र यादव, निखिल यादव, शोभित तिवारी और अन्य लोगों ने उनके व उनके स्टाफ से बदसुलूकी की। आरोप है कि रैनिक और एक अन्य व्यक्ति हिमांशु ने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में उनके फर्जी हस्ताक्षर कर कुछ दस्तावेजों पर स्टांप लगाकर धोखाधड़ी की है। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# पीजी पाठ्यक्रमों में 40% प्रवेश सीयूईटी से

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों में सीयूईटी ( कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट) से सीधे प्रवेश मिलेगा। इस संबंध में एनटीए द्वारा प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। सीयूईटी परीक्षा में बैठे छात्र अवध विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीयन कर सकेंगे।



डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि।

आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि सीयूईटी से 40 फीसदी छात्र छात्राओं का प्रवेश विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में दिया जाएगा। इसके 60 फीसदी सीटों पर विश्वविद्यालय स्वयं मेरिट के आधार पर प्रवेश देगा। सीयूईटी के छात्र विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर सौ रुपए शुल्क के साथ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण करना होगा। इस आधार पर छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश ले सकेंगे। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए rmlaucuet.samarth.edu.in/pg/index.php पर जाकर पंजीयन करना होगा। पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। सीयूईटी के अलावा अन्य छात्रों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की प्रवेश पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा। पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई। इस सत्र से इसे लागू किया जा रहा है।

# ताला प्रकरण में कांग्रेस हाईकमान का हस्तक्षेप

- कांग्रेस कार्यालय की तीसरी मंजिल के कमरे में लगा है ताला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** कांग्रेस कार्यालय के तीसरी मंजिल के एक कमरे में दो ताले के प्रकरण में कांग्रेस हाईकमान ने हस्तक्षेप किया है। एक-दो दिन में यह हल हो जाने की संभावना है।

मामला कांग्रेस कार्यालय के तीसरी मंजिल के एक कक्ष में ताला लगाए जाने से जुड़ा है। एक पूर्व जिलाध्यक्ष ने दो दिन पहले इस कमरे में ताला जड़ दिया था। इसके बाद वर्तमान जिलाध्यक्ष ने भी उसमें ताला डाल दिया। कार्यालय में तीन तल हैं। नेताओं की बैठकी और मीटिंग ग्राउंड फ्लोर पर होती है। ताला प्रकरण पर पार्टी के अंदर से बाहर तक इसको लेकर तीखी प्रतिक्रिया हुई। एक वरिष्ठ नेता ने प्रदेश कांग्रेस को भावुक पत्र भेजा। विपक्षी भी इसको लेकर चुटकी लेने लगे। कांग्रेस के एक ग्रुप पर भी इसको लेकर छोटे से बड़े तक की टिप्पणियां आईं। फिलहाल प्रदेश हाईकमान ने इसमें हस्तक्षेप किया।



कांग्रेस कार्यालय की तीसरी मंजिल के एक कक्ष में लगा ताला। अमृत विचार

बता दें कि कांग्रेस में यह लामबंदी जिलाध्यक्ष के चुनाव से चल रही है। इसको लेकर मिल्कीपुर में बगावत के सुर उठ चुके थे, लेकिन इस पर प्रदेश कांग्रेस से लेकर जिले तक संज्ञान नहीं लिया गया। अब जब एक कक्ष में दो ताले लग गए तो जिले से लेकर हाईकमान तक सक्रिय हो गया। बताया गया है कि मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का फोन आया था। जिलाध्यक्ष चेत नरायन सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का फोन आया था। एक-दो दिन में यह मामला समाप्त हो जाएगा। कार्यालय की इमारत की तीसरी मंजिल के एक कमरे का मामला है।

### नदी में कूदी महिला, ग्रामीणों ने बचाकर पुलिस को सौंपा

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सनाहा की एक महिला नदी में कूद गई। पानी की धारा के साथ बहते हुए लगभग छह किमी दूर ढेमवा घाट तक पहुंच गई। रविवार की सुबह सनाहा गांव निवासिनी राजेश्वरी पाण्डेय पुत्री अभिमन्यु पाण्डेय (42) घर से अरकुना बाजार के लिए बताकर अकेले ही निकली थी। पानी के बहाव के साथ बहते- बहते बेहोशी की हालत में ढेमवा घाट तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने जब महिला को पानी में बहते देखा तो नदी के पानी से महिला को बाहर निकाला। रौनाही पुलिस को सूचना दी। रौनाही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ किया तो पता चला कि महिला का मायका सनाहा गांव में है। इस समय यहीं पर है। मानसिक स्थिति ठीक न होने के चलते शहर के एक अस्पताल से इलाज चल रहा है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर महिला को उनकी सुपुर्दगी में दे दिया।

# घर से पांच लाख के जेवर व 50 हजार नकदी चोरी

**वारदात**

- कोतवाली नगर अंतर्गत जेबी पुरम कॉलोनी की घटना
- आपदा विशेषज्ञ सरकारी ट्रेनिंग पर गए थे लखनऊ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत चौकी रामनगर क्षेत्र स्थित जेबी पुरम कॉलोनी में दो सप्ताह से खाली पड़े सरकारी कर्मचारी के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए वहां से पांच लाख के जेवरात व नकदी चोरी कर ली। चोरों ने घर में आलमारी के अलावा अन्य किसी सामान को नहीं छुआ। चौकी रामनगर पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

पीड़ित जिला आपदा विशेषज्ञ यथार्थ तिवारी ने बताया कि वह सरकारी ट्रेनिंग में लखनऊ गए हुए थे, जबकि गर्मियों की छिट्टयों के चलते परिवार भी घर गया हुआ था। बताया कि रविवार को उन्हें आना था तो उन्होंने पड़ोसी को फोन करके काम वाली बाई से लॉन की सफाई करने के लिए कहा था। सुबह करीब 10 बजे जब बाई सफाई करने आई तो उसने देखा गेस्ट रूम की खिड़की खुली है व उसका ग्रिल भी टूटा है। सूचना पर जब वह घर पहुंचे तो देखा बेडरूम का ताला टूटा हुआ था। आलमारी खोलकर उसका लॉकर भी तोड़ा गया था। जांच करने पर पता चला कि लॉकर में रखे करीब पांच लाख के जेवर व नकद 50 हजार रुपये गायब हैं। बताया कि चोरों ने घर में रखे अन्य किसी सामान को हाथ भी नहीं लगाया। पूजा घर में रखी भगवान की चांदी की मूर्ति भी सुरक्षित थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो चौकी प्रभारी रामनगर धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। चौकी प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



चोरों द्वारा तोड़ा गया लॉकर। अमृत विचार

# पुलिस मित्र साबित होगा मेटा एप, आत्महत्या जैसी घटनाएं रोकने में मिलेगी सहायता

**कवायद**

- 24 घंटे सोशल मीडिया पर निगरानी करता है मेटा, सर्विलांस सेल के लिए होगा मददगार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया के इस दौर में मेटा ऐप पुलिस के लिए एक मजबूत सहयोगी साबित हो रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा, अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सिस्टम के जरिए सोशल मीडिया पर आत्महत्या से संबंधित पोस्ट की 24 घंटे निगरानी करती है। यह तकनीक संदिग्ध पोस्ट को तुरंत पहचानकर पुलिस को अलर्ट भेजती है, जिससे समय रहते कार्रवाई कर लोगों की जान बचाई जा रही है।

मेटा और यूपी पुलिस की यह साझेदारी 2022 से चल रही है। एक आंकड़े के अनुसार 1 जनवरी 2023 से 31 मई 2025 तक मेटा के अलर्ट्स की मदद से 986 लोगों की जान बचाई जा चुकी है। मेटा का एआई सिस्टम किल, गुडबाए, डाई जैसे कीवर्ड्स को पहचानकर तुरंत पुलिस को सूचित करता है। पुलिस के अधिकारियों ने इसे डिजिटल तकनीक से जान बचाने का सकारात्मक उदाहरण बताया। यह साझेदारी न केवल आत्महत्या की घटनाओं को रोक रही है, बल्कि पुलिस की सर्विलांस सेल को भी मजबूत कर रही है। जिले के सर्विलांस सेल के प्रभारी अमरेश त्रिपाठी ने बताया कि यह तकनीक न केवल अपराध रोकने, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रहे लोगों की मदद में भी कारगर है। फिलहाल जिले में अभी इसके माध्यम से किसी घटना का अलर्ट नहीं मिला है।

# जिला अस्पताल में महिला को मिला जीवनदान

**सीने में दर्द की थी शिकायत**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** अयोध्या के जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में शनिवार देर रात एक महिला की जान चिकित्सक की तत्परता और समय पर उपचार से बच गई। सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत लेकर पहुंची सावित्री देवी को चिकित्सक ने तुरंत उपचार देकर नया जीवनदान दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया।

साहबगंज के गुड़िया गली निवासी सावित्री देवी पत्नी ओम प्रकाश की शनिवार रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सीने में तेज दर्द के साथ-साथ उलझन और बेचैनी होने लगी। परिजनों ने तुरंत उन्हें रात 12:40 बजे जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में भर्ती कराया। वहां मौजूद इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बिना देरी किए सावित्री की स्थिति का आकलन किया और तत्काल उनका ईसीजी किया। ईसीजी रिपोर्ट में सावित्री में गंभीर हृदय रोग के लक्षण दिखाई दिए, जो हार्ट अटैक के संकेत थे। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने तुरंत लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल की स्टेमी केयर यूनिट से संपर्क कर विशेषज्ञों की सलाह ली। उनकी संस्तुति पर सावित्री को टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन दिया गया। इस इंजेक्शन के प्रभाव से सावित्री को कुछ ही देर में काफी राहत मिली और उनकी स्थिति स्थिर हुई। स्थिति में सुधार के बाद चिकित्सकों ने सावित्री को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर करने का निर्णय लिया। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि हृदयाघात के मामलों में समय पर उपचार बेहद जरूरी होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सीने में दर्द या बेचैनी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करें। सावित्री के परिजनों ने चिकित्सक का आभार व्यक्त किया।




हृदय रोगी महिला का उपचार करते ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

# सर ! मुझे नहीं पता, आज मैं जीवित चिकित्सालय पहुंच पाऊंगा या नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला चिकित्सालय में इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है। वरिष्ठ सहायक प्रशान्त विश्वास ने सीएमएस से गुहार लगाते हुए जान बचाने की अपील की है। उन्होंने साफ कहा है कि सोमवार 16 जून 2025 को वह जीवित ऑफिस पहुंच पाएंगे या नहीं। इस बात की उन्हें खुद जानकारी नहीं है। इस बाबत उन्होंने चिकित्सालय के अधिकृत ग्रुप पर पत्र भी डाला है।

ग्रुप में भेजे गए पत्र में प्रशान्त विश्वास ने लिखा है कि मेरे द्वारा आपको पूर्व में ही प्रार्थना पत्र देते हुए चिकित्सालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता के बारे में कई बार जानकारी दी गई है। अब मुझे विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि मेरे अतिसंवेदनशील गोपनीय प्रार्थना पत्र 28 फरवरी 2025 के कारण एवं चिकित्सालय की गंभीर रूप से संचालित गतिविधियों को सार्वजनिक किये जाने के उपरांत मेरे जीवन को कतिपय संभावित गिरोह, जिसमें आपके अधीन कार्यरत कर्मचारी एवं बाहरी संलिप्त गिरोह से खतरा उत्पन्न हो गया है। सोमवार 16 जून को मैं जीवित कार्यालय पहुंच पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता रहूंगा। चाहे मुझे इसके लिए अपने प्राणों की आहुति ही क्यों न देनी पड़े।



जिला चिकित्सालय के ग्रुप पर डाला गया वरिष्ठ सहायक की ओर से पत्र।

### पत्नी से कहा, मौत के बाद सीएम को बता देना

प्रशांत ने शिकायती पत्र की प्रतिलिपि अपनी पत्नी बिचित्रा विश्वास और मुख्यमंत्री को भी भेजी है। पत्नी से कहा है कि यदि मेरी मृत्यु किसी विषम परिस्थितियों में हो जाये तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संपर्क स्थापित कर वास्तु स्थिति से अवगत कराएं। मुझे उन पर पूर्ण विश्वास है कि इस गंभीर विषय पर अवश्य उचित कदम उठाएंगे।

> वरिष्ठ सहायक दो-तीन दिन से ग्रुप पर कुछ न कुछ डाल रहे हैं। अब एक और पत्र उन्होंने डाला है। शायद बाबुओं में आईडी पासवर्ड को लेकर खींचतान चल रही है। फिलहाल इस पत्र के संबंध में मैंने चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल प्रभाव से वरिष्ठ सहायक का बयान लेने के लिए कहा है। पूछा जाएगा उन्हें किनसे खतरा है?
>
> **-डॉ. एके सिन्हा,** सीएमएस

**तैयारी** — मुख्य अभियंता के निर्देश के बाद लाइन और पावर हाउस समेत प्रभावित क्षेत्रों का दौरा शुरू, शासन द्वारा तलब की गई है डे-रिपोर्ट

# 40 अवर अभियंता और 15 उपखंड अधिकारी उतरे मैदान में

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तापमान के रिकॉर्ड तोड़ स्तर तक पहुंचने के बाद बिजली की मांग भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ गई है। इस स्थिति ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भारी दबाव डाला है, जिसके परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में बिजली कटौती और आपूर्ति में व्यवधान की शिकायतें सामने आ रही है। इस संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन और बिजली विभाग ने कमर कस ली है। एसडीओ अयोध्या नवनीत सिंह ने शनिवार रात और रविवार को विभिन्न उपकेंद्रों तथा क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया के नेतृत्व में एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जिले के 40 अवर अभियंता और 15 उप खंड अधिकारी मैदान में उतर गए हैं। शनिवार रात से ही उपकेंद्रों का निरीक्षण और लाइनों के रखरखाव का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है। मुख्य अभियंता चौरसिया ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनका कहना है कि गर्मी के इस मौसम में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी उपकेंद्रों की तकनीकी जांच की जा रही है, ताकि किसी भी खराबी को समय रहते ठीक किया जा सके। साथ ही बिजली की लाइनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में पुरानी और जर्जर तारों के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी, जिसे बदलने का काम तेजी से किया जा रहा है। जिले के 40 अवर अभियंताओं को अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया है। प्रत्येक अभियंता को अपने क्षेत्र के उपकेंद्रों और बिजली लाइनों की स्थिति की दैनिक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, 15 उप खंड अधिकारियों को समन्वय और निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। ये अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मैदान में काम कर रहे अभियंताओं को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और कार्य में कोई बाधा न आए। शनिवार रात से शुरू हुए इस अभियान के तहत कई उपकेंद्रों में छोटी-मोटी खराबियों को तत्काल ठीक किया गया, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी। पूराबाजार के रसूलाबाद उप केन्द्र के अवर अभियन्ता राजेन्द्र प्रसाद रात को उपकेंद्र पर डंटे रहे।



अयोध्या धाम में बिजली पैनल का निरीक्षण करते एसडीओ अयोध्या नवनीत सिंह।



रसूलाबाद उपकेंद्र पर फीडर का परीक्षण करते अवर अभियन्ता राजेन्द्र प्रसाद।

### बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन पर भी सख्ती

मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि बिजली चोरी और अवैध कनेक्शनों पर भी सख्ती बरती जा रही है, क्योंकि ये भी आपूर्ति में बाधा का एक बड़ा कारण है। यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रहे लोगों के लिए यह एक बड़ी राहत की बात है। हालांकि, इस अभियान की सफलता तभी सुनिश्चित होगी। सभी स्तरों पर समन्वय और तत्परता बनी रहे।

# राम की पैड़ी से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आगाज

## नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया शुभारंभ, योग को जीवन में उतारने का किया आह्वान




आयोजन में शामिल नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी डॉ. एमएस विष्णु। अमृत विचार



राम की पैड़ी पर योगाभ्यास करते साधक। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक राम की पैड़ी में आयोजित होगा। योग के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। रविवार को योग सप्ताह का शुभारंभ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने का आह्वान किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह विष्णु, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता व राजकीय बीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विष्णु ने बताया कि मुख्य योग दिवस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विभिन्न पूर्ववर्ती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें योग प्रतियोगिताएं, महिलाओं, कुष्ठ रोगियों, बंदियों व वृद्धजनों के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन होगा। आयुष योग ग्राम दिवस के रूप में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन होगा। इसमें गुरु वशिष्ठ गुरुकुल के दिलीप सिंह, प्रो. आरके सिंह, विवेक सृष्टि संस्था से योग प्रशिक्षक, जलकल विभाग की जल सखियां सक्रिय रूप से सम्मिलित रहीं।

चिकित्सकीय सहयोग में डॉ. राज कपूर, डॉ. रामदास, डॉ. अर्पण दवे, डॉ. राहुल सिंह व डॉ. मिथिलेश कुमार ने योगदान दिया। आयोजन में डीपीएम सूरज सिंह व योग प्रशिक्षकों दीपेश सिंह, सीमा सिंह, प्रीति निषाद, महिमा, अंशिका आदि का विशेष योगदान रहा।

**गुलाबबाड़ी में आउटडोर पेंटिंग वर्कशॉप के साथ योगाभ्यास: अयोध्या:** गुलाबबाड़ी परिसर में रविवार को आयोजित पेंटिंग वर्कशाप के साथ जिले के कला साधकों ने अपनी कला रंग का जलवा बिखेरने के साथ योगाभयास किया। राज्य ललित कला अकादमी से ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला के तहत आयोजन में जिले के 40 कला साधक शामिल हुए। शैलेश शर्मा, राज्य पुरस्कृत शिक्षक सुनील आनन्द, चित्रकार गया प्रसाद आनंद, अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय, रणजीत यादव खाकी वाले गुरुजी, शोभनाथ वर्मा, राम सुन्दर प्रजापति आदि ने कैनवास पर चित्र उकेरा।

### मैराथन में अंशुमान और साधना रहीं अव्वल

**कुमारगंज, अयोध्या :** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 धावक शामिल हुए। मैराथन अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा परिषद से शुरू होकर अनोमा छात्रावास, नरेंद्र उद्यान, डेयरी, मात्स्यिकी क्षेत्र होते हुए डीएवी स्कूल के पास समाप्त हुआ। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर योग मैराथन धावकों को रवाना किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, वैज्ञानिकों व छात्र-छात्राओं के साथ योगाभ्यास भी किया। मैराथन पुरुष वर्ग में अंशुमान प्रथम, विकास वर्मा द्वितीय व सुरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में साधना बघेल प्रथम, जया कुमारी द्वितीय व नंदनी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. डी.नियोगी ने बताया कि योग मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को विश्व योग दिवस के अवसर पर कुलपति सम्मानित करेंगे। मैराथन डॉ. नियोगी, खेल सहायक डॉ. देवनारायण व नोडल अफसर डॉ दिवाकर सिंह के संयोजन में हुआ। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आयोजन में बुजुर्गों का किया सम्मान

**गोसाईगंज, अयोध्या:** श्रीत्रिलोक चंद बैस राजपूत समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। गांव में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक चंद्रदेव सिंह ने कहा कि यह परम सौभाग्य है कि हम अपने वरिष्ठ जनों का सम्मान कर पा रहे हैं। महामंत्री योगेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले पीढ़ियों को भी इस तरह के कार्यक्रम में रुचि लेनी चाहिए। युवा अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम है। बजरंग बहादुर, फतेह बहादुर सिंह, कमलेश, भगवान सिंह, छेदी सिंह, वेंकटेश्वर सिंह, कालिका सिंह, शिव आदि मौजूद रहे।

## गांवों को बिजली कटौती मुक्त करने की उठाई मांग

**अयोध्या, अमृत विचार:** कांग्रेस ने भीषण गर्मी के मद्देनजर अयोध्या के गांवो को बिजली कटौती मुक्त करने की मांग प्रदेश सरकार से की है। कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा बिजली कटौती के कारण किसानों का संकट बढ़ा है। गांव का किसान नर्सरी नहीं डाल पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ से जिले के गांवों को बिजली कटौती मुक्त करने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### अवधेश जिलाध्यक्ष व जिलामंत्री बने अशोक वर्मा



अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश पर रविवार को हुई बैठक में जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अवधेश यादव को संगठन का जिलाध्यक्ष व अशोक कुमार वर्मा को जिला मंत्री बनाया गया है। फूलचंद सरोज को कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया गया। यह कार्यकारिणी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय की ओर से गठित की गई है। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने प्रांतीय अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट करते हुए जल्द ही जिला कार्यकारिणी के लिए सभी पदों पर जल्द चयन की मांग की है। साथ ही ब्लॉक में शिक्षक अधिवेशन करके ब्लाकों की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन के विस्तार की बात दोहराई है। कार्यक्रम में प्रहलाद वर्मा, रंजीत यादव, उमाशंकर, संजीत यादव, भास्कर यादव, दिनेश सिंह, रीता चौहान, प्रेमलता यादव, सीमा विश्वकर्मा, देवेंद्र प्रताप, डॉ मुकेश आनंद, मनोज यादव, वीरेंद्र वर्मा, उमेश, चंदेश कुमार, दुर्गेश कुमार, महेंद्र वर्मा, रमाकांत वर्मा, प्रदीप मौर्या, हरीश कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने किया रुदौली व सोहावल सीएचसी का निरीक्षण

**रुदौली, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली और सोहावल का निरीक्षण किया। रुदौली के आकस्मिक सेवा, लेबर रूम, ऑपरेशन कक्ष, पोस्ट ऑफ कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, जेएसवाई वार्ड, जनरल वार्ड, हीट वेव से बचाव कोल्ड रूम एवं औषधीय स्टोर का निरीक्षण किया। रुदौली के जेएसवाई वार्ड में भर्ती मरीज से दिन में तीन समय मिलने वाले आहार की जानकारी ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल के निरीक्षण में जेएसवाई वार्ड में भर्ती लाभार्थी से दिन में तीनों समय क्या आहार की जानकारी ली। निरीक्षण के समय डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश चौधरी, डीपीएम राम प्रकाश पटेल, डीसीपीएम अमित कुमार, प्रवीण त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी रहे।

### दो ने पाई नीट में सफलता



सौरभ यादव।



पियूष मिश्र।

**रुदौली, अमृत विचार :** नीट में दो मेधावियों ने सफलता पाई। इनमें रुदौली के पीयूष मिश्रा और सौरभ यादव हैं। पीयूष शहर के काशीपुर का रहने वाला है। सौरभ यादव पूरे टिकरा साऊ मिल्कीपुर का निवासी है। सौरभ ने नीट में एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र व जिले का नाम देश में रोशन किया है। रुदौली में डॉक्टर पुष्कर यादव ने सौरभ यादव को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। सौरभ के पिता श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। माता गृहणी हैं। सेवानिवृत बैंक कर्मी प्रमोद मिश्र और प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने सफलता पर प्रसन्नता जताई। सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### प्रस्तावित निर्माण मौलवी अहमद उल्ला शाह के नाम पर हो

**अयोध्या, अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस समारोह पूर्वक मनाया। आयोजन सिविल लाइंस स्थित एक होटल के सभागार में किया गया। गोष्ठी में चौक सब्जी मंडी में प्रस्तावित निर्माण का नाम मौलवी अहमद उल्ला शाह के नाम किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने गोष्ठी में कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मौलवी अहमद उल्ला शाह का योगदान अविस्मरणीय है। प्रो. विशाल श्रीवास्तव ने आजादी के मकसद को पूरा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया? समाजसेवी सुरेश यादव का स्वागत अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल ने किया। अध्यक्षता वयोवृद्ध समाजसेवी मिर्जा सादिक हुसैन और संचालन अतीक अहमद ने किया। अली सईद खान, दान बहादुर सिंह, विकास सोनकर, अब्दुल रहमान भोलू, राजेन्द्र यादव, सत्यभान सिंह, विकास पाण्डेय, ऋषि ओम पाण्डेय, निहालुद्दीन मनीष पांडेय आदि थे।

### एसडीएम ने पूरा ब्लॉक के गोशालाओं का किया निरीक्षण



गाय को चारा खिलाते एसडीएम सदर।

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** एसडीएम सदर राम प्रकाश त्रिपाठी ने रविवार को पूरा बाजार ब्लॉक के अंजना, रामपुर सरधा व अलावलपुर में गोशाला का निरीक्षण किया। अंजना में अव्यवस्था पाए जाने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की। तत्काल व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया। सबसे पहले वह अंजना के गोशाला पर पहुंचे। यहां 15 जानवर मिले। गोशाला के निरीक्षण के दौरान हरा चारा नहीं मिला। पानी-पीने के स्थान पर शेड न लगा देख नाराजगी जताई। तत्काल प्रभाव से हरा चारा और शेड की व्यवस्था का निर्देश दिया। अलावलपुर गोशाला में 30 जानवर मौजूद मिले, लेकिन हरे चारे की व्यवस्था नहीं थी। हरा चारे की व्यवस्था का निर्देश दिया। ऐमी आलापुर में 32 जानवर मिले और रामपुर सरधा के गोशाला के निरीक्षण में 20 जानवर मौजूद मिले, यहां पर चारा पानी की व्यवस्था ठीक-ठाक पाई गई। कछौली की गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्ष पूरा बाजार अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर सिंह मौजूद रहे।



जिला राइफल क्लब में शूटिंग प्रशिक्षण में प्रतिभाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार

### एडीएम व खिलाड़ियों ने शूटिंग प्रशिक्षण में साधा निशाना

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में अयोध्या शूटिंग रेंज में रविवार को एक दिवसीय शूटिंग प्रशिक्षण व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया और निशानेबाजी में अपना खेल कौशल दिखाया। खिलाड़ियों के साथ एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी का अनुभव लिया। जिला रायफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण व प्रतियोगिता में श्रेयांश सिंह, अविरल सिंह, श्रेया सिंह, ज्योत्सना सिंह, प्रतिष्ठा सिंह, सपना सिंह, अम्बिका मौर्या, अपूर्व मौर्या, पार्थ चौरसिया, भास्कर तिवारी, आकृति तिवारी, आरोही आभा, प्रवीण त्रिपाठी, विवान श्रीवास्तव, ज्योत्स्ना श्रीवास्तव, रंजीत राज, वीर सिद्धार्थ, विकास सिंह, आदित्य सिंह, राजेंद्र गुप्ता, दिव्यांश मिश्रा, अरणव गुप्ता, महेश राव, योगेश सोनी आदि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्लब का गौरव बढ़ाया। जिला प्रशासन की उपस्थिति व खिलाड़ियों की सक्रिय सहभागिता प्रेरणादायक रही।

## 100 से अधिक लोगों को मिला नेचुरोपैथ सेमिनार का लाभ

अयोध्या कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिंधी समाज की अग्रणी संस्था सिंधु सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क नेचुरोपैथ सेमिनार व परामर्श शिविर का उद्घाटन प्रभु झूलेलाल जी व सिंधुपति राजा दाहिर सेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भोपाल के डॉ .रमेश टेवानी ने किया। इस दौरान भोपाल के प्रताप ठाकुर, सिंधी सेंट्रल पंचायत (शहर) के मुखिया पवन कुमार जीवानी, संस्था संरक्षक मोहन मध्यान, मुखिया व संस्था संरक्षक ब भीमन दास माखेजा, साकेत पूर्व प्राचार्य अभय सिंह, संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल आदि मौजूद रहे। बचपन प्ले स्कूल में अमर शहीद हेमू कालाणी हाल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री ( दर्जा प्राप्त) अमृत राजपाल व संचालन संस्था महामंत्री नरेंद्र क्षेत्रपाल ने किया। दो दिवसीय कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार मोटवानी, गोविंद चावला ने किया। कार्यक्रम में भोपाल से आए डॉ. रमेश टेवानी व श्रीप्रताप ठाकुर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद के प्लेन क्रैश हादसे के मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. रमेश टेवानी ने कहा कि दिनचर्या, खानपान एवं पेट को सफा करने व विभिन्न रोगों का इलाज नेचुरोपैथी से संभव है।

संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने भोपाल से आए डॉक्टर व मुखिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिंधु सेवा समिति सदैव स्वास्थ्य के प्रति समय समय पर कैंप लगाकर जागरूक करती है। कार्यक्रम संयोजक राजकुमार मोटवानी व गोविंद चावला ने बताया कि प्रथम दिन 100 से अधिक लोगों ने अलग-अलग बीमारियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श निशुल्क प्राप्त किया। सोमवार सुबह प्रातः 11 बजे महिलाओं के लिए विशेष सत्र रखा गया है। मीडिया प्रभारी धीरज राजपाल ने बताया कि सिंधी समाज के मुखिया रोशन तोलानी, राजकुमार जीवानी, सुशील केशवानी, नंद लाल लखमानी, दीपचंद भारतीय, अशोक मध्यान, सिंधु सेवा समिति के उपाध्यक्ष जेपी क्षेत्रपाल, उपाध्यक्ष सुरेश पंजवानी, सरल ज्ञाप्रटे, नारायण दास केवल रामानी, अजय कटारा, रमेश मोटवानी, कन्हैया लाल सागर, सुखदेव रावलानी, लक्ष्मण माखेजा, संजय सावलानी, प्रकाश नंदवानी, धनेश बजाज, राजेश मध्यान, कैलाश मध्यान, बचपन स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू सावलानी, रागिनी राजपाल, दर्शना क्षेत्रपाल, सूरज सावलानी व समाज के अनेकों समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।

# नैपुरा नहरी व दूबे का पुरवा की एक हजार की आबादी अंधेरे में

पूराबाजार, अयोध्या

**परेशानी**

- फ्यूज जोड़ने के लिए घनघनाते रहे लोग कर्मियों के फोन
- जेई बोला- बिना पावर हाउस पर शिकायत, खराबी नहीं होगी ठीक

**अमृत विचार:** करीब 20 घंटे से नैपुरा नहरी व दूबे का पुरवा अंधेरे में है। भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीणों ने स्थानीय लाइनमैन व पावर हाउस से लेकर जेई तक को फोन लगाया। लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। ट्रांसफार्मर से फ्यूज कटा था, जिसे अब तक जोड़ा नहीं जा सका।

विद्युत उपकेंद्र मसौधा के नंदीग्राम फीडर पर स्थित दुबे के पूरवा के पास ट्रांसफार्मर लगा है। इसी से नैपुरा नहरी व दूबे का पुरवा के लोगों को विद्युत की सप्लाई प्राप्त होती है। दुबे का पुरवा के महेश दुबे, हेमंत दुबे, श्री चंद दुबे, राम संवारे, अशोक कुमार, विनोद कुमार, राकेश दुबे, ओम प्रकाश दुबे चंद्रप्रकाश दुबे, विनय कुमार दुबे, बृजेश दुबे, रोहित शुक्ला, उमेश दुबे, अजय दुबे, पंकज सिंह, महेश निषाद, ने बताया कि रात में करीब 11 बजे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई तो पहले सबसे पावर हाउस पर फोन लगाया गया लेकिन फोन नहीं रिसीव हुआ ,फिर स्थानीय लाइनमैन को फोन लगाया गया, फोन नहीं उठा। सुबह करीब आठ बजे जेई मसौधा को फोन लगाया गया, उन्होंने कहा कि पावर हाउस पर शिकायत दर्ज कराओ, जब उनसे बताया गया कि पावर हाउस का फोन नहीं उठ रहा है। कहा कि पावर हाउस पर जाकर शिकायत दर्ज कराओ तब बिजली ठीक होगी।

अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र मसौधा विमलकुमार ने बताया कि बिना सूचना मिले विद्युत की खराबी कैसे ठीक हो सकती है। पावर हाउस का फोन नहीं उठता। इस पर उन्होंने कहा देख रहा हूं क्यों नहीं फोन उठा। वैसे सूचना मिली है तो अभी ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दिया जाएगा।

# शहरी घरेलू में 40 तो ग्रामीण क्षेत्र में 45% तक बढ़ सकती बिजली दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 40 प्रतिशत तो ग्रामीण क्षेत्र में 45 प्रतिशत तक नई बिजली दरें बढ़ सकती हैं। बिजली दरों पर सुनवाई के लिए तारीख घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में नया प्रस्ताव पेश किया है। यह पहला मौका है कि पावर कॉरपोरेशन ने श्रेणीवार वृद्धि का प्रस्ताव दिया है।

कॉरपोरेशन ने बीते दिनों वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया था। जिसमें आपूर्ति पर खर्च व राजस्व प्राप्ति के बाद 19,644 करोड़ रुपये का अंतर दिखाया गया था। इसकी भरपाई के लिए बिजली दरों में 30 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया था। आयोग ने कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को स्वीकार कर इसे जनता में सार्वजनिक कर इस पर आपत्तियां मांगने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद आयोग ने सुनवाई की तारीख भी घोषित कर दी थी। सुनवाई की तारीख तय होने के बाद कॉरपोरेशन ने 30 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव को ग्रामीण, शहरी, वाणिज्यिक व औद्योगिक श्रेणी में बांटते हुए श्रेणीवार बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया है। बिजली कनेक्शन की दरों में भी 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दाखिल किया गया है। शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 40 प्रतिशत तक और ग्रामीण क्षेत्र की बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि का उल्लेख है।

### उपभोक्ताओं को धोखा देने का किया जा रहा प्रयासः उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं को धोखा देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है, पर परिषद किसी भी हालत में दरें बढ़ने नहीं देगा।

**राम खेलावन जगन्नाथ पी0जी0 कॉलेज सरैया छतिरवा अयोध्या (उ. प्र.)**
(सम्बद्ध: डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय)

में आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर बी0ए0 पाठ्यक्रम में (गृहविज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं अंग्रेजी) तथा बी.एससी. पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
परास्नातक स्तर पर एम0ए0 पाठ्यक्रम में (भूगोल, गृहविज्ञान, हिन्दी, उर्दू एवं समाजशास्त्र) प्रत्येक विषय में प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय– **बैजनाथ वर्मा**
मो0नं0–9956864353

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नहीं हैं धरती के भगवान

हैदरगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** लाखों रुपये की लागत से बना हेल्थ वेलनेस सेंटर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। देख-रेख के अभाव में झाड़-झंकाड़ में तब्दील हो गया है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि यहां अभी तक किसी भी स्वास्थ्य कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई है।

मामला ब्लॉक तारुन अंतर्गत रौहारी कटकौली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का है। स्थानीय लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया होने के उद्देश्य से तीन वर्ष पहले लगभग 25 लाख रुपये की लागत से हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया गया था। आसपास के ग्रामीणों में खुशी थी, लेकिन इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बन जाने के बाद अभी तक यहां एक भी डॉक्टर या स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती नहीं हुई है। परिसर में गंदगी फैली होने के साथ-साथ झाड़ झंकाड़ से घिर गया है। राम गुलाम वर्मा, राजेश दुबे, संजय वर्मा, रामफेर, शीतला उर्फ बबलू सिंह, कृष्णा वर्मा आदि ग्रामीणों का कहना है कि यहां डॉक्टर की तैनाती न होने से स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत होती है।

सीएचसी तारुन के अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता का कहना है कि अभी किसी की पोस्टिंग नहीं हुई है। यह दिक्कतें अन्य सेंटरों पर भी है। उच्च अधिकारियों का निर्देश मिलता है तो स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती कर दी जाएगी।

# न्याय के लिए निविदा संविदाकर्मी बलिदान को तैयार : रघुवंश

**धरना जारी**

अयोध्या कार्यालय




मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर रविवार को नारेबाजी करते निविदा संविदा कर्मचारी।

**अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वावधान में मुख्य अभियन्ता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना रविवार को 55वें दिन भी जारी रहा। प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने कहा कि निविदा संविदा कर्मी न्याय के लिए हर बलिदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मुख्य अभियंता के द्वारा न्याय नहीं मिल जाता है हम सभी कर्मचारी जो भी बलिदान देना होगा साथ देंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत दूर करने के लिए मुख्य अभियंता संविदा कार्मिकों को वापस रखने पर अपमान समझ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से 500 से एक हजार रुपए लेकर रिकाबगंज से चौक तक लाइन ठीक की जा रही है।

पूछने पर कर्मचारियों ने बताया की आप लोगों को निकाल दिया गया है तो इस गर्मी मे हम लोगों की चांदी है। धरने का संचालन जिला अध्यक्ष जय गोविंद ने किया। धरने को प्राविधिक संघ के नेता विजय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। धरने मे बड़ी संख्या में बिजली कर्मी मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 23145087 की अंक तालिका व सनद वास्तव में कहीं खो गई है। **शुभम पुत्र सुभाषचंद्र निवासी विधीचंद्र, औरैया**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सीमा कटियार पत्नी संतोष कटियार निवासी एलआईजी 20तात्या टोपे नगर फेस 3 कानपुर नगर** मेरे कालोनी के कागज वास्तव मे खो गए है ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अजीत कुमार पुत्र सूरज लाल व श्रीमती रूपा पत्नी अजीत कुमार निवासीगण ग्राम जरखा पोस्ट कन्दरौला थाना कोतवाली फतेहपुर जिला बाराबंकी** । मैने अपने बडे पुत्र यश कुमार के गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उपरोक्त द्वारा कोई कृत्य, वाद–विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्व यदि करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना–देना नहीं है न किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जामिन पुत्र स्व. मुल्ला, निवासी–वार्ड नं0–8, अहमदपुर खेड़ा, थाना–इटौंजा, जिला–लखनऊ।** मैने अपने पुत्र जुबेर को उसके गलत आचरण, अनैतिक कृत्यों तथा बिना परिवार की सहमति से किसी लड़की से शादी करने से त्रस्त होकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णतया बेदखल कर दिया है, अब अपने पुत्र जुबेर से कोई भी लेना–देना नहीं है और न ही कोई वास्ता व सरोकार है। किसी भी अनैतिक कृत्य या लेन–देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी, यदि जुबेर ने किसी भी महिला से विवाह आदि किया हो, तो इसके जिम्मेदार जुबेर ही होगें, मेरा व मेरे परिवार के लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

# मझुई नदी के किनारे मिला युवक का शव

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जैतपुर थाना क्षेत्र के मझुई नदी के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में 24 वर्षीय युवक का शव पाए जाने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि रविवार सुबह जैतपुर पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सेहरी गांव के निकट मझुई नदी के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है, जो खून से लथपथ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जिसकी उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है, वहीं युवक के सिर पर चोट के निशान भी हैं। जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है की किसी ने युवक की हत्या कर दी है।


युवक का शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**युवक के सिर पर मिले हैं चोट के निशान, नहीं हुई शिनाख्त**

फिलहाल पुलिस युवक के शव की पहचान के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन युवक का पहचान अभी तक नहीं हुई है। जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरी ने बताया कि युवक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं।

# योग से शरीर को रखा जा सकता है स्वस्थ: धर्मराज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य पूर्ण मनाने के क्रम में रविवार को जनपद के लोहिया भवन में योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग सप्ताह का शुभारंभ विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

लोहिया भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शासन के द्वारा जारी प्रोटोकॉल के माध्यम से सभी को योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के पश्चात जहांगीरगंज के बच्चों द्वारा योग कला का अद्वितीय प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना शर्मा तथा डॉ. प्रवीण शर्मा ने किया। विधायक धर्मराज निषाद ने अपने उद्बोधन में योग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। योग शरीर के लिए ही नहीं बल्कि मन मस्तिस्क के लिए भी बेहत जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने भाषण में बताया कि कैसे प्रतिदिन योग करने से लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में सभी को योगाभ्यास योग प्रशिक्षक अशोक पासवान द्वारा कराया गया।

### योग को धरातल पर उतरने के लिए करना होगा परिश्रम

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. जयराम यादव द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने सभी विकास खंडों, योगा पार्क तथा विभिन्न प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर योगा अभ्यास प्रारंभ करने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस बार योग दिवस का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग को धरातल पर उतरने के लिए सभी को कठिन परिश्रम करना होगा। विभाग के सभी योग प्रशिक्षण एवं चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, इंचार्ज अपने-अपने आसपास इसका प्रचार प्रसार करें।

**आयोजन**

**भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया योग सप्ताह का शुभारंभ**


लोहिया भवन में योग करते विधायक धर्मराज निषाद, सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल व अन्य। अमृत विचार

## एक नजर

### गंगाराम गुप्ता दूसरी बार बने अध्यक्ष

**अंबेडकरनगर:** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। अकबरपुर विकासखंड के सभागार में चुनाव अधिकारी सूर्यभान सिंह की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। संरक्षक हंस प्रकाश सिंह ने चुनाव की देखरेख की। चुनाव में गंगाराम गुप्ता लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए। अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अतुल कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मित्रसेन यादव को महामंत्री चुना गया। शिवकुमार वर्मा कोषाध्यक्ष और बबिता वर्मा महिला उपाध्यक्ष बनीं। नई कार्यकारिणी में शिवकुमार जयसवाल को संगठन मंत्री और रंजय मौर्य को संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया। गौरव कुमार को ऑडिटर और इंद्रसेन को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधान, ग्राम सचिव और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता रहे।

### दिव्यांग युवक की सरयू तट पर डूबने से मौत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर:** जनपद के जहांगीरगंज में रविवार को सरयू तट के रामबाग घाट पर एक दिव्यांग युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक की पहचान मखदूमपुर निवासी सत्यजीत निषाद के रूप में हुई है। वह अपने पिता श्यामलाल के साथ रहते थे। सत्यजीत परिवार के साथ सरयू नदी के रामबाग स्थित समाधि स्थल पर पूजा और स्नान के लिए आए थे। स्नान करते समय उनका संतुलन बिगड़ गया। वह गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जहांगीरगंज अजय प्रताप यादव पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई की।

### निशुल्क कोचिंग के लिए परीक्षा आज

**अंबेडकरनगर:** जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 16 जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित की जाएगी। बता दें कि जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने जानकारी दी कि यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यह योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत प्रवेश परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि बीते सात जून को मेरी पुत्री स्कूल गई थी और वहां से वह गायब हो गई और शंका जताते हुए बताया कि एक नंबर पर किशोरी बात करती थी, जिसके साथ वह भाग गई है। इसी बीच रविवार को दुष्कर्म के आरोपी अंकित विश्वकर्मा निवासी इटौरी बुजुर्ग टडवा जलालपुर थाना राजेसुल्तानपुर को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र के बाबा दास महिला पीजी कॉलेज के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।

# शिवबाबा धाम में मुख्यमंत्री आज करेंगे जनसभा

## योगी आदित्यनाथ 1184 करोड़ रुपये की 198 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनपद दौरे पर रहेंगे। इससे पहले विगत 13 जून को मुख्यमंत्री का जनपद दौरा प्रस्तावित था, लेकिन गुजरात के अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद शोक के कारण मुख्यमंत्री ने उक्त कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। विधान सभा क्षेत्र कटेहरी के उपचुनाव के बाद मुख्यमंत्री पहली बार जनपद दौरे पर आ रहे हैं। शिवबाबा धाम तथा श्रवणधाम में मुख्यमंत्री दर्शन-पूजन व भ्रमण करेंगे। दोनों ही स्थानों पर तैयारियों को पूरा कर लिया गया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ शिवबाबा धाम स्थित कार्यक्रम स्थल तथा श्रवण क्षेत्र धाम का भ्रमण कर तैयारी का जाएजा लिया। मंडलायुक्त ने जिम्मेदारों को समस्त तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को दोपहर बाद अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र के शिवबाबा मैदान में पहुंचेंगे। यहां वह शिवबाबा धाम में दर्शन-पूजन करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री जनपद में 1184 करोड़ रुपये की 198 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शिवबाबा धाम में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्रों को लाभान्वित करेंगे। नवनियुक्त चिकित्सकों, आशा और आंगनबाड़ी आदि को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्रों को लाभान्वित करेंगे। लगभग आधे घंटे शिवबाबा धाम में विश्राम कर मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से श्रवण क्षेत्र धाम जाएंगे। श्रवण क्षेत्र धाम में पहुंचकर दर्शन-पूजन के बाद श्रवण धाम परिसर में हाल ही कराए गए विकास कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। श्रवण क्षेत्र धाम में स्थापित श्रवण कुमार और उनके माता-पिता के साथ भगवान भोलेनाथ, श्रीराम और बजरंगबली की मूर्तियों पर माल्याणर्पण और पुष्प अर्पण कर वापस शिवबाबा धाम स्थित हैलीपैड पर पहुंचेगे। जिसके बाद मुख्यमंत्री शिवबाबा धाम से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।


श्रवण क्षेत्र धाम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयार पंडाल। अमृत विचार

### आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगा नियुक्ति पत्र


तैयारियों का जायजा लेते मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार। अमृत विचार

मुख्यमंत्री जनपद में 1184 करोड़ रुपये की 198 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जिनमें 631.60 करोड़ की 102 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री जल निगम की 162 करोड़ की 72 परियोजनाएं जिसमें शामिल हैं। साथ ही 552.52 करोड़ रुपये की 96 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में कृषक दुर्घटना बीमा के लाभार्थियों को भुगतान की शुरुआत की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयनित 70 आशा कार्यकर्ताओं में से पांच को मंच से नियुक्ति पत्र मिलेगा। कोविड काल में नियुक्त 11 चिकित्सकों का विभाग में समायोजन किया गया है। जिनमें से तीन को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 183 चयनित पदों में से पांच को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र देंगे।

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद प्रजापति। अमृत विचार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** राजेसुल्तानपुर नगर पंचायत के चेयरमैन विनोद प्रजापति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकता कर क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं से जुड़ा मांगपत्र सौंपा है। जिसमें सडक़ निर्माण, अस्पताल और बिजली व्यवस्था से जुड़ी प्रमुख मांगें शामिल हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए जर्जर तारों को बदलने और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की गई है। वर्तमान में 400 केवीए के तीन ट्रांसफार्मर को 600 केवीए, 100 केवीए के तीन ट्रांसफार्मर को 250 केवीए, 63 केवीए के पांच ट्रांसफार्मर को 100 केवीए और 25 केवीए के पांच ट्रांसफार्मर को 63 केवीए में अपग्रेड करने की मांग की है। क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति 20 किलोमीटर दूर स्थित बिजली घर से होती है। जिससे लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत में नए बिजली घर की मांग की गई है। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 50 बेड वाले संयुक्त अस्पताल की मांग की है। वर्तमान में क्षेत्र में कोई स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। लोगों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय या दूसरे जनपद जाना पड़ता है। अस्पताल बनने से टीकाकरण, मातृ-शिशु देखभाल और सामान्य चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

### आदिल रजा, अली अब्बास व अतिका ने पास की नीट परीक्षा

**जलालपुर/टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** नीट-यूजी परीक्षा परिणामों में नेवारी दुराजपुर निवासी आदिल रजा पुत्र इफ्तेखार अहमद नेहाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। मात्र 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में आदिल रजा ने एआर-16945वीं रैंक हासिल की है। ज्ञात रहे वर्ष 2018 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भी आदिल रजा ने यूनिवर्सिटी टॉप किया था। हाफिज इकबाल पूर्व प्रधान, इफ्तेखार अहमद, मौलाना वसीम, फहीम अख्तर, डॉ. वासिफ रजा, हामिद इकबाल, मो. खेसाल, मो. जावेद, शबीह रज़ा, मसूद अंसारी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं जलालपुर के उसमापुर मुहल्ला निवासी अली अब्बास मिंटू ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। अलमदार हुसैन के पुत्र अली ने 720 अंकों में से 548 अंक प्राप्त किए हैं। अली अब्बास ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने मुहल्ले से ही प्राप्त की। उन्होंने जलालपुर के मसूद अख्तर इंटर कॉलेज से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। चार भाइयों में सबसे छोटे अली अब्बास का अब किसी प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेकर डॉक्टर बनने का लक्ष्य है। उनकी इस उपलब्धि पर मामू जीशान, मौलाना रईस हैदर, भाई मोहम्मद सादिक, एजाज अब्बास, जफर हैदरी और मास्टर जफर ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उधर, टांडा विधानसभा क्षेत्र की अतिका तस्नीम ने नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। परिणाम में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 14583वीं रैंक हासिल की है। अतिका ने अपने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष वह 651 अंकों से असफल हो गई थीं। लेकिन हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत और लगन से स्वाध्याय जारी रखा। अतिका ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहनों और दादा-दादी की प्रार्थनाओं को दिया है।


आदिल रजा व अली अब्बास।

### बिना कोचिंग के नीट परीक्षा में हासिल की सफलता

**आजमगढ़, अमृत विचार:** जिले के कप्तानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हवत (लहरपार) के निवासी रियांश सिंह पुत्र श्री राजभूषण सिंह ने की नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए सामान्य श्रेणी में 14990वीं रैंक प्राप्त की है। खास बात यह है कि रियांश ने यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग व स्वअध्ययन के दम पर हासिल की है। रियांश की इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। परिवार के साथ-साथ स्थानीय लोग भी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। रियांश के बड़े भाई सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। रियांश के दादाजी श्री चन्द्रभान सिंह, जो उदयराज सिंह रामप्यारी पीजी कॉलेज, जलालपुर कौड़ियां में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। उन्होंने रियांश की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की। कहा कि रियांश ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह सफलता पाई है, जो आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। रियांश की इस कामयाबी से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।


रियांश सिंह।

### आप कार्यकर्ताओं ने की आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सफाई

**आजमगढ़, अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी आजमगढ़ इकाई द्वारा ग्राम मतौलीपुर तहसील सदर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव की उपस्थिति एवं जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में रचनात्मक कार्यक्रम के तहत रविवार को साफ-सफाई की गई। प्रांतीय अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि आज हम सभी अपने रचनात्मक कार्य के कार्यक्रम से ग्राम मतौलीपुर जो जिला मुख्यालय से सटा हुआ है। जब हम यहां पहुंचे तो यहां गंदगी से पटा ग्राम चिकित्सालय देख कर दुख हुआ। वहीं ग्रामीणों ने बताया की कि यहां कभी कोई बड़ा अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं आता है। जबकि गांव में चार सफाई कर्मी नियुक्त हैं, लेकिन जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण यहां गंदगी का अंबार लगा है। उधर, कृपाशंकर पाठक ने कहा कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर साफ-सफाई का समुचित इंतजाम किया जाए, नहीं तो हमारी पार्टी उपरोक्त मुद्दे पर घेराव धरना-प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव, अनिल यादव, अभिषेक राय, अश्वनी राय, संजय यादव, रमेश मौर्य, रामरूप यादव, शिवम राय, एम पी यादव, अमन राय, उमेश यादव पर मौजूद रहे।

### सोशल ऑडिट टीम की जांच में 419 जॉब कार्ड मिले एक्टिव

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** बसखारी विकासखंड की ग्राम सभा हंसवर के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को सोशल ऑडिट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामनगर ब्लॉक के सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर माला मौर्य और कालिका प्रसाद मौर्य मौजूद रहे। ग्राम प्रधान कन्हैया राम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दो आरसीसी रोड का सत्यापन किया गया। रोजगार सेवक अनीता गुप्ता ने बताया कि ग्राम सभा में कुल 1137 जॉब कार्ड धारक हैं। जिनमें से केवल 419 जॉब कार्ड धारक एक्टिव पाए गए। बैठक में चार-छह कार्ड धारक, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सोशल ऑडिट टीम के भूपेश मणि त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद, राम स्वरूप और निर्मला उपस्थित थे। खंड विकास अधिकारी दिनेश राम ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने किशोरी को किया बरामद, आरोपी की तलाश जारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** माहभर पूर्व भगाई गई किशोरी को पुलिस ने बरामद करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया है, लेकिन अभी भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां राहुल ने एक 16 वर्षीय किशोरी को एक माह पूर्व लेकर फरार हो गया था। किशोरी के पिता ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के काफी दबाव के चलते किशोरी पहुंची, लेकिन आरोपी नहीं आया। पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सुपुर्द करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सरयू नदी में डूबे तीसरे युवक का शव 50 मीटर दूर हुआ बरामद

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** टांडा थाना क्षेत्र में सरयू नदी में डूबे पांच युवकों में दो युवकों के शव को बीते दिवस बरामद कर लिया गया था। वहीं एक युवक की तलाश जारी थी। रविवार को सुबह विजय का शव घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर बरामद हुआ। टांडा कोतवाली क्षेत्र के कश्मिरिया क्षेत्र में राम नवल के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए पांच युवक नहाते वक्त सरयू नदी में डूब गए थे। बृजेश, बप्पी, अभिषेक, अजय और विजय नाव से उतरकर नहाने गए थे। वह अचानक गहरे पानी में चले गए। नाविक ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। उसने बृजेश और बप्पी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अभिषेक को निकालने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सगे भाई अजय और विजय भी गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय गोताखोरों ने खोजबीन की। अजय का शव शनिवार को मिल गया था। विजय का शव रविवार को बरामद हुआ है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-ए-गदीर का जश्न


मस्जिद में ईद-ए-गदीर पर इबादत करते अकीदतमंद। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** 18 जिलहिज्जा इस्लामी इतिहास का वह महत्वपूर्ण दिन है। जब इस्लाम धर्म के अंतिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वाआलेही वसल्लम ने अमीरुल मोमिनीन हजरत अली इब्ने अबीतालिब अलैहिस्सलाम को अपना जानशीन सवा लाख हाजियों की उपस्थिति में चुना था। यह तथ्य मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास ने प्रस्तुत किया।

वह मीरानपुर शिया जामा मस्जिद में रविवार को ईद-ए-गदीर के अवसर पर अंजुमन गुंचे अकबरिया द्वारा आयोजित वार्षिक महफिल कार्यक्रम में बोल रहे थे। संस्था के सचिव यासिर हुसैन व कमर अब्बास, शुजाअत अब्बास, समीर, राशिद, वसी, सलमान, मसर्रत हुसैन आदि के दिशा-निर्देशन में संपन्न महफिल में रजी अकबरपुरी, महफूज, दानिश, जैबी, अदनान, जौन आदि ने कसीदा पढ़ा। अंत में मौलाना शारिब अब्बास ने कहा ईद-ए-गदीर उस दिन की याद है जब पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने अपने बाद हजरत अली को वसी घोषित करते हुए सम्पूर्ण उत्तराधिकार सौंपा था। मौलाना अकबर अली वायज जलालपुरी ने आमाल और दुआ के साथ विशेष नमाज अदा कराई। जलालपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत मौजा मछलीगांव में मौलाना सैयद नूरुल हसन की अगुवाई में विशेष इबादत के संग फातिहाखानी के बाद सामूहिक दुआखानी हुई। जिसमें राष्ट्र की उन्नति के साथ विश्व शांति हेतु प्रार्थना की गई। जाफराबाद स्थित बड़ा हुसैनी चौक में अंजुमन जुल्फिकारिया के बैनर तले जश्न ईद गदीर का आयोजन किया गया।

# जहानागंज ब्लॉक में 71 ग्राम पंचायत 13 सचिवों के भरोसे, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, जहानागंज, आजमगढ़

**लापरवाही**

**ब्लॉक परिसर में दीवार पर अंकित सचिवों की सूची रोस्टर 2022 का है**

**अमृत विचार:** विकासखंड जहानागंज की 71 ग्राम पंचायतें मात्र 13 पंचायत सचिवों के भरोसे संचालित हो रहीं हैं, जिससे पंचायत स्तर पर कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। हालात यह हैं कि अधिकांश पंचायत सचिव समय पर पंचायत भवन पर उपस्थित नहीं रहते और ब्लॉक मुख्यालय पर ही डटे रहते हैं।

परिणामस्वरूप ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक प्रमाणपत्रों के लिए तेज धूप और गर्मी में कई किलोमीटर पैदल चलकर ब्लॉक मुख्यालय आना पड़ता है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार सचिवों को सप्ताह में कम से कम दो दिन पंचायत भवन पर उपस्थित रहना चाहिए, लेकिन अधिकांश सचिव इस नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। इससे पंचायत स्तर पर न तो विकास योजनाओं की जानकारी मिल पा रही है और न ही लोगों को जरूरी दस्तावेज समय से मिल पा रहे हैं। यहां तक की ब्लॉक मुख्यालय पर दीवारों पर अंकित सूची की रोस्टर वर्ष 2022 का अंकित है, वहीं नए रोस्टर की कहीं भी ब्लॉक मुख्यालय पर अंकित नहीं है। जिससे किसी सचिव का ग्रामीणों को पता नहीं चल पाता कि सचिव किस दिन व किस गांव में वह रहेंगे। लापरवाही के चलते सचिव अपनी मनमर्जी के हिसाब से नौकरी करते हैं। इनके समय से न बैठने के कारण ग्रामीणों को ब्लॉक का चक्कर काटना पड़ता है। ग्रामीण भीषण गर्मी में जब ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते हैं तो सचिव वहां भी नहीं मिलते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सभी सचिवों ने अपने मिनी सचिव रखे हुए हैं, जो रिश्वत लेकर परिवार रजिस्टर व जन्म प्रमाण पत्र की नकल देते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि सचिवों की संख्या बढ़ाई जाए और उन्हें रोस्टर के हिसाब से पंचायतों पर बैठने के लिए बाध्य किया जाए।

इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विकास शुक्ला ने बताया की कि कुछ लोग गांव जाते हैं और कुछ लोग नहीं जाते हैं। वहीं दीवार पर अंकित सचिवों की सूची जो अपडेट करने के लिए एडीओ पंचायत से कह दिया गया है।

**आयोजन**

**मण्डल संकल्प सभा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश**

# देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर की है प्रगति

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा शासित केंद्र सरकार के 11 वर्ष बेमिसाल कार्यकाल पर संगठन नेतृत्व के निर्देशन और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और कार्यक्रम जिला संयोजक डॉ. राना रणधीर सिंह के संयोजन में जनपद के मंडलों में चले रहे विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर केंद्रित अभियान के अंतर्गत मंडलों में आयोजित मण्डल संकल्प सभा बसखारी में आयोजित हुई।



भाजपा कार्यकर्ताओं को विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ दिलाते पूर्व जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा व चेयरमैन ओमकार गुप्ता। अमृत विचार

बसखारी मंडल में मुख्य अतिथि व भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने केंद्र सरकार के 11 साल की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के पथ पर ऐतिहासिक प्रगति की है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। हमारे जवानों की वीरता से सीमाएं सुरक्षित हैं और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र ने देश के हर नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। देश का हर वर्ग और हर क्षेत्र एक साझा संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि भीटी मंडल में अतिथि जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह, डॉ राना वीर सिंह, सद्दरपुर में जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, श्याम बाबू, हंसवर में ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, राजेसुल्तानपुर में पूर्व विधायक अनीता कमल, सुरेश कन्नौजिया, नेवादा में पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव के आतिथ्य में सम्पन्न संकल्प सभा में शामिल लोगों को विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ दिलाई गई।

### कार्यक्रम में यह भी रहे शामिल

भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के चेयरमैन ओमकार गुप्ता, भाजपा नेता रुद्र प्रसाद उपाध्याय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश वर्मा, मीरा पाण्डेय, वीरेंद्र वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, लल्लन सोनी, अखिलेश मिश्र, सुग्रीव कन्नौजिया, आनंद सिंह, अच्छे लाल गुप्ता, मंजू चौरसिया, महेंद्र जायसवाल सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# तराई में संकट, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

## सरकारी उदासीनता से ग्रामीण बेहाल, 12 दिनों से टैंकरों के सहारे बुझ रही प्यास

संवाददाता, गैसड़ी/तुलसीपुर

**अमृत विचार।** आग बरसाती गर्मी और सूखते जलस्रोतों ने तराई क्षेत्र में पेयजल संकट को और गहरा कर दिया है। तुलसीपुर नगर के आसपास के गांवों और गैसड़ी विकास खंड के सिरसिहवा गांव के लोग पिछले 12 दिनों से पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहे हैं। हैंडपंप पूरी तरह से सूख गए हैं नलों में पानी नहीं है। सरकार की 'हर घर नल से जल' योजना गांव तक अब तक नहीं पहुंच पाई है। अगर पहुंच भी गई है तो शुरू नहीं हो पाई है।

स्थानीय ग्राम प्रधान द्वारा अपनी तरफ से टैंकर के माध्यम से सुबह और शाम पानी उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। जैसे ही टैंकर गांव में पहुंचता है, लोग बाल्टी, डिब्बा और कंटेनर लेकर लंबी लाइन में खड़े हो जाते हैं। गांव के हर घर में पेयजल की भारी किल्लत है और गर्मी के इस मौसम में लोगों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



टैंकर से पेयजल लेने के लिए लगी ग्रामीणों की लाइन। अमृत विचार

### प्रशासन नदारद, फोन पर ली जा रही जानकारी

प्रधान प्रतिनिधि शिवजीत सिंह शिवा ने जानकारी दी कि पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए सुबह 7 से 9 और शाम को 6 से 8 बजे तक कुल चार टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है। शनिवार को लेखपाल प्रशांत गुप्त और आपदा प्रबंधन विभाग के एक कर्मचारी ने फोन पर स्थिति की जानकारी तो ली लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के चलते आज गांव के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।

### हर घर नल से जल योजना से वंचित सिरसिहवा

करीब एक हजार की आबादी वाले सिरसिहवा गांव में पिछले साल ही भूमिगत जलस्तर में भारी गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन प्रशासन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। गांववासियों का कहना है कि अगर समय रहते पाइपलाइन से जलापूर्ति की योजना लागू की जाती तो आज यह स्थिति न होती। भीम कुमार पांडेय बताते हैं कि उनके घर और आसपास के हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं। यदि टैंकर से पानी न मिले तो पीने का पानी भी नसीब न हो। ग्रामीणों पाटेश्वरी वर्मा, राम अभिलाष पांडेय, श्याम सिंह, हुसेनी यादव और झगरू विश्वकर्मा ने बताया कि टैंकर से पानी भरकर ही किसी तरह दिन गुजरता है।

## एक नजर

### स्वास्थ्य मेले में 2357 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर।** रविवार को जनपद बलरामपुर के इकतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महदेइया में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2357 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया, जिसमें 983 पुरुष, 778 महिलाएं तथा 596 बच्चे शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों एवम पैरा मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को न तो बाहर की दवा और न ही बाहर की जांच लिखा जाय, यह सुनिश्चित किया जाए कि जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों को समस्त आवश्यक औषधियां व जांचे पीएचसी पर ही उपलब्ध हो। मौके पर डॉ मनीष श्रीवास्तव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महदेइया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महदेइया के स्टाफ मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों की देखभाल व पुनर्वास पर प्रशिक्षण

**बलरामपुर।** दिव्यांग बच्चों की समय पर पहचान और समावेशी देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गिफ्टएबल्ड फाउंडेशन द्वारा धुसाह में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 28 आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर की शुरुआत गिफ्टएबल्ड की क्षेत्रीय प्रमुख शिल्पा सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य हर व्यक्ति की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। प्रशिक्षण के पहले दिन विशेषज्ञ प्रकाश पांडे ने प्रारंभिक हस्तक्षेप विषय पर जानकारी दी। बच्चों के विकास में किसी भी असमानता को समय रहते पहचान कर उचित हस्तक्षेप किया जाए तो उनका भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है।

### जनकल्याण के लिए किया ठंडा पानी व मिष्ठान वितरण

**बलरामपुर।** भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति उत्तर प्रदेश की जिला कार्यकारिणी बलरामपुर के तत्वाधान में मासिक बैठक भगवतीगंज में जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही। बैठक में विशेष रूप से वर्तमान एसडीएम तुलसीपुर श्री राकेश जैन के योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जनकल्याण हेतु राहगीरों और आम जनमानस के लिए ठंडे पानी और मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक दुर्गा शंकर मिश्रा, अध्यक्ष के. के. प्रतवारी, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष आरबी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मरीज की मौत, चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**गोंडा, अमृत विचारः** निजी नर्सिंग होम में भर्ती महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा और नगर कोतवाली में नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ तहरीर दी है।

कटरा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोकपुर बंजरिया गांव के रहने वाले गीता मिश्रा के बच्चेदानी मे कोई समस्या थी जिसको लेकर उनको 3 जून को गायत्री पुरम स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। नर्सिंग होम के चिकित्सकों द्वारा का इलाज किया जा रहा था। ऑपरेशन किया गया लेकिन समस्या और बढ़ गई। परिजनों का आरोप है जब दोबारा चिकित्सक से बात की गई तो उन्होंने ऑपरेशन की बात कहते हुए ऑपरेशन थिएटर में ले गए। ऑपरेशन भी हुआ और करीब 27 टांके लगाए। इसी दौरान मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी और उसकी मौत हो गई।

मौत की जानकारी होने पर परिजन हंगामा काटने लगे और नर्सिंग होम संचालक पर इलाज मे लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों की ओर से नगर कोतवाली में नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध तहरीर दी गई है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# पूर्णाहुति और भंडारे के साथ गायत्री महायज्ञ पूर्ण

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार।** थारू बाहुल्य जनजाति गांव गोड़नी में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति यज्ञ और भंडारे के साथ संपन्न हो गई। स्थानीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को संस्कार पूर्वक विद्यारंभ कराया गया।

कार्यक्रम में आए सीमा सुरक्षा बल के संतोष त्रिपाठी और 50 वीं वाहिनी कंचनपुर सशस्त्र सीमा बल के महेश शर्मा का सम्मान टोली नायक श्रीराम भारती ने गुरुदेव का साहित्य और गायत्री मंत्र दुपट्टा प्रदान कर किया। कैलाश शर्मा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गायत्री महायज्ञ जैसे कार्यक्रमों से सीमा पर बसे गांवों में रह रहे लोगों के अंदर राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और नई ऊर्जा पैदा करती है। कार्यक्रम के अंतिम दिन यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर स्थानीय जनजाति समाज के भाई बहनों ने यज्ञ भगवान को गायत्री मंत्र, रुद्र शिव मंत्र तथा विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां समर्पित की और राष्ट्र, समाज को सबल बनाने की प्रार्थना की। इस अवसर पर गायत्री मंदिर पचपेड़वा के परिव्राजक रामकुमार, बालेश्वर, बलवान, अंगनू, अंगद प्रजापति और अजय की उपस्थिति सराहनीय रही।



गायत्री यज्ञ पूर्णाहुति और भंडारे में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

# नगीना सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ तत्काल दर्ज हो एफआईआर : बृजभूषण

▸▸ पूर्व सांसद बोले- दलित की बेटी की आवाज को दबाने के बजाय कार्रवाई करे सरकार

**गोंडा, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बयान देते हुए कहा कि दलित की बेटी की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए और चंद्रशेखर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को अपने विश्नोहरपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नगीना सांसद चंद्रशेखर पर एक दलित लड़की ने गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के आरोप पर सरकार को गंभीरता पूर्वक मामले का संज्ञान लेकर के कार्रवाई करनी चाहिए। दलित बेटी की आवाज को नहीं दबाना चाहिए। उसकी आवाज सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दलित के बेटी का सवाल है। क्या इस पर मीडिया के सामने चंद्रशेखर मुंह खोलेंगे। उन पर जो आरोप लगा रहे हैं उसका उनको जवाब देना चाहिए। पूर्व सांसद ने कांग्रेस व आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि न्याय के ठेकेदार आज वह क्यों मौन हैं। कांग्रेस क्यों मौन है। आम आदमी पार्टी क्यों मौन है। किसान नेता क्यों मौन है। ममता बनर्जी, अशोक गहलोत क्यों मौन है। आज यह लोग चुप क्यों बैठे हैं। उन्होंने कहा कि आज वास्तव में कमजोर वर्ग के बेटी का सवाल है और मेरा मानना है कि सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। जांच में जो निकले उसके बाद कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इतना कहना चाहता हूं कि दलित के बेटी की आवाज को दबाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए उसकी आवाज बाहर निकलना चाहिए।

# 18 घंटे से गुल है दर्जनों गांवों की बिजली

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार।** 18 घंटे से बिजली सप्लाई बाधित होने के कारण दर्जनों गांव के लोगों को प्रचंड गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बिजली न आने के कारण वाटर सप्लाई ट्यूबवेल बंद हो गया है।




तुलसीपुर विद्युत केंद्र से पिछले 18 घंटे से रविवार रात्रि 11:00 बजे से खबर लिखे जाने तक विद्युत सप्लाई बाधित है जिसके कारण बगहीसीर, सिरसिहवा, सड़वा गुलरिहा, दुल्हनडीह चतुर नगर, भदुवा, जमुनी, जिगनिहवा, शंकर नगर समेत दर्जनों गांव की बिजली गुल हो गई है।

प्रधान संघ अध्यक्ष शिवजीत सिंह ने बताया कि बिजुली न आने के कारण विजुली उपकरण पंखे, टुल्लू मशीन गांव में लगे ट्यूबवेल बंद हो गए हैं जिसके कारण प्रचंड गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एक्स ई एन एवं बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन मिलाया लेकिन किसी का फोन नहीं उठा। लोगों ने शासन प्रशासन से तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने की मांग की है।

# बालक-बालिकाओं ने कुश्ती प्रतियोगिता में दिखाए दांव-पेच

खेलकूद

▸▸ विभिन्न भार वर्गों में बेटियों ने कुश्ती में दिखाया दम

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 15 बालक बालिका कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिकाओं के चैम्पियनशिप का समापन पदक अलंकरण के साथ किया गया। इस मौके पर पूर्व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण ने पहलवानों का हाथ मिलवा कर चैंपियनशिप की शुरुआत कराई।

अंडर -15 बालिका वर्ग फ्री स्टाइल -29 किलो भार वर्ग में बागपत की सोनम ने गोल्ड मेडल जीता। बनारस की कोमल ने सिल्वर, प्रतापगढ़ की आयुषी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 36 किलो भार वर्ग में गोरखपुर की सुकन्या ने गोल्ड मेडल, यहीं की आयुषी ने सिल्वर, चंदौली की रागिनी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 39 किलो भार वर्ग में गोरखपुर की रागिनी ने गोल्ड मेडल, कानपुर की पायल ने सिल्वर, मेरठ की पायल ने सिल्वर और कनक ने कांस्य पदक जीता।

42 किलो भार वर्ग में मेरठ की ज्योति ने गोल्ड, बनारस की साक्षी ने सिल्वर, मुजफ्फरनगर की बानी ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। 46 किलो भार वर्ग में बनारस की रिया ने गोल्ड, मुजफ्फरनगर की भूमिका ने सिल्वर, बागपत की सविता ने कांस्य, 50 किलो भार वर्ग में संतकबीर नगर की साक्षी ने गोल्ड, मेरठ की दीपांशी ने सिल्वर तथा मुजफ्फरनगर की जोया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 54 किलो भार वर्ग में शामली की आर्या ने गोल्ड, बनारस की आन्द्री ने सिल्वर, गोरखपुर की नैना ने कांस्य, 58 किलो भार वर्ग में मुजफ्फरनगर की वंशिका ने गोल्ड, बिजनौर की प्रज्ञा ने सिल्वर, सहारनपुर की मानसी ने ब्रॉन्ज जीता। 62 किलो भार वर्ग में मेरठ की अंकिता ने गोल्ड, कानपुर की पायल ने सिल्वर, गोरखपुर की अवनी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 66 किलो भार में मेरठ की खुशी ने गोल्ड, गौतमबुद्ध नगर की वैष्णवी ने सिल्वर, देवरिया की अदिति ने ब्रांज जीत लिया।

अंडर -15 बालक वर्ग ग्रीको रोमन में 34 किलो भार वर्ग में देवरिया के आदित्य ने गोल्ड, सैफई के पवन ने सिल्वर, बागपत के चिराग व दिग्विजय ने ब्रांज मेडल जीते। 41 किलो भार वर्ग में सैफई के कृष्णा ने गोल्ड, बागपत के मोहम्मद शान ने सिल्वर, कानपुर के दिशांत व संभल के सुमित ने ब्रांज जीते। 44 किलो भार वर्ग में आलोक, रोहित, हर्ष व वासु अव्वल रहे।



हाथ मिलवाकर कुश्ती शुरू कराते पूर्व कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह।

### कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतने वाले मूक बधिर पहलवान को किया जाएगा सम्मानित

**नवाबगंज :** नंदिनी नगर महाविद्यालय के पहलवान ने कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय मूक-बधिर कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर जिले सहित नंदिनी नगर के पहलवानों ने खुशी जताई है। भारतीय कुश्ती सघ्र के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण ने मूक-बधिर पहलवान आयुष सिंह को सोमवार को नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्टेडियम में सम्मानित करने की घोषणा की है। पूर्व सांसद ने कहा कि परसपुर के छतौनी गांव के धीरेंद्र प्रताप सिंह के लड़का आयुष सिंह को करीब पांच साल पहने नंदिनी नगर लाया गया था और कुश्ती का प्रशिक्षण दिया गया था। कानपुर के नवाबगंज में वीएसएसडी कालेज में आयोजित राष्ट्रीय मूक-बधिर कुश्ती प्रतियोगिता के 60 किलो भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीत कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में 400 से अधिक ने प्रतिभाग किया था।

श्रद्धा | विधि-विधान से पूजा पाठ के बाद हुई भंडारे की शुरूआत

# कैंची धाम स्थापना दिवस पर युवा व्यापारियों ने आयोजित किया भंडारा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** विश्व विख्यात बाबा नीम करोली के कैंची धाम स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर में पूजा पाठ के बाद शुरू हुआ भंडारा शाम तक चलता रहा।

रविवार को भगवतीगंज के भरत मिलाप चौराहे पर युवा व्यापारियों के द्वारा कैंची धाम के स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हनुमान जी महाराज व बाबा नीम करोली के चित्र पर विधि विधान से पूजा पाठ व आरती से हुई। जिसके बाद भंडारे का शुभारम्भ किया गया। व्यापारियों ने भंडारे में गीला चना, लस्सी, व शीतल पेय आदि वितरित किया। इस दौरान पूरा भरत मिलाप चौराहे बाबा नीम करोली के भजनों व गीतो से गुंजायमान रहा। भंडारे के दौरान सुनील वर्मा, अजय मोदनवाल, प्रमोद गुप्ता, रवि गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रशांत सिंह, पिंटू मोदनवाल, राम बाबू मोदनवाल, दीपक गुप्ता, सतीश, प्रहलाद, शिवम, मोहित, महेश, परवेश, लड्डूलाल, प्रवीन, यार मोहम्मद, आकाश, सोनू, पिंटू जायसवाल, प्रशांत, प्रकाश, रणधीर मोदनवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।



कैंची धाम स्थापना दिवस पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

### 15 जून की क्या है मान्यता

मान्यता के अनुसार नीम करोली बाबा ने स्वयं कैंची धाम का प्रतिष्ठा दिवस 15 जून को तय किया था। नीम करोली बाबा ने 10 सितंबर 1973 को महासमाधि ली थी और भौतिक शरीर को छोड़ा। उनके अस्थि कलश को कैंची धाम में स्थापित किया गया था और इस तरह बाबा के भक्तों ने बाबा के मंदिर का निर्माण कार्य 1974 में शुरू किया। 15 जून 1976 को महाराज की मूर्ति की स्थापना और अभिषेक किया गया।



श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते नगर पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

### बाबा नीम करौली के चरणों में बलरामपुर हुआ भक्तिमय

**बलरामपुर।** रानी तालाब स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ जहां भक्तों ने प्रभु श्रीराम और बजरंगबली की महिमा का गुणगान किया। राजेश्वर मिश्र, आशीष शुक्ला, शिवम मिश्र और पंकज शुक्ल ने बताया कि बाबा नीम करौरी की स्मृति में अखंड रामायण पाठ और भंडारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, और जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, डीपी सिंह उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### विमान हादसे में मारे गए लोगों के लिए किया शांति हवन



शांति हवन करते सनातन जागृति मंच के लोग। अमृत विचार

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** विगत दिनों अहमदाबाद से लन्दन जा रहे एयर इंडिया के विमान ए आई 0171 के दिल दहलाने वाली हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु सनातन जागृति मंच के तत्वाधान में स्थानीय हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में शांति हवन कर प्रार्थना की। संयोजक दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि सबसे सुरक्षित हवाई यात्रा की दुर्घटना एक राष्ट्रीय त्रासदी जैसी है जिसने में सवार 241 यात्रियों व क्रू मेम्बर सहित मेडिकल छात्रों समेत कुल 270 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। साथ ही इन यात्रियों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी भी शामिल रहे।इसे दुर्भाग्य की पराकाष्ठा ही कहेंगे कि यह अभागा विमान उड़ान भरते ही पास के मेडिकल कालेज के छात्रावास पर जा गिरा वहां भी छात्रों समेत कई लोग असमय ही काल कवलित हो गए।यह एक भयावह व दिल दहलाने वाली घटना है।इस घटना में मृतक की आत्मा के लिए शांति यज्ञ कर प्रार्थना की गई व पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना है तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना है। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, सोम देव, सूर्य दीप पांडे, अभय आर्या, अशोक सोनी, उदय अग्रहरि, विजय प्रताप सोनी, पंकज शुक्ला, राम दयाल सोनी, मनोज (रिंकू) सुमित गुप्ता, सिविल चौहान, लक्ष्य, केशरी नंदन शुभम मौजूद रहे।

### बुजुर्गों की सेवा हम सभी की जिम्मेदारी

**गोंडा :** बुजुर्गों की सेवा और उनकी देखभाल करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ये मानवता की भी सबसे बड़ी सेवा है। उक्त बातें पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने कही। उन्होंने मौजूद बुजुर्गों से कहा कि जो भी उनकी संपत्ति का उपभोग करने वाला है और बुजुर्गों की देखभाल नहीं करता तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ चाहे वह संतान हो या रिश्तेदार भरण-पोषण का वाद दायर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से संबंधित जो भी योजनाएं शासन द्वारा चलाई जा रही हैं उनका जरूरतमंदों को शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए समाज कल्याण विभाग प्रतिबद्ध है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृजलाल तिवारी ने बुजुर्गों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी बुजुर्ग को भरण-पोषण के वाद में या अन्य किसी मामले में विधिक सहायता अथवा जानकारी की आवश्यकता है तो ऐसे लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क पैनल अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है। कोई भी बुजुर्ग इस सुविधा का लाभ ले सकता है। नायब तहसीलदार सदर रंजन वर्मा ने बुजुर्गों को उनके कल्याण के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वृद्धाश्रम के प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर केयरटेकर विशाल सिंह व कन्हैयालाल तिवारी मौजूद रहे।

### अलग-अलग गांवों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट

**खरगूपुर, गोंडा :** अलग-अलग स्थानों पर जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में दस लोगों को चोंटे आयीं। पुलिस ने महिला सहित 14 आरोपियों के विरुद्ध हमला, धमकी सहित अन्य मामले में मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार देर सायं थाना क्षेत्र के रनियापुर गांव के महेश तिवारी ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि जमीन विवाद को लेकर उसे तथा वंशीधर, मिथुन, सचिन को गांव के शिवराम, विजय कुमार, चेतराम, मोनी पुत्री शिवराम ने लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। जिसमें वंशीधर का इलाज मेडिकल कॉलेज गोंडा में चल रहा है। दूसरी तरफ ग्राम भटपी में केशरी प्रसाद दूबे तथा उनकी मां शकुंतला, आशीष कुमार, मनीष को गांव के राजेश, मोहित, पूजा पुत्री राजकुमार, जनक दुलारी पत्नी राजकुमार ने लाठी डंडे से मार पीट कर घायल कर दिया। जमीन विवाद में इसी गांव के राजेश व उनकी मां जनक दुलारी, भाई रोहित को गांव के मुन्नू, छोटकन, शकुंतला पत्नी बाबूराम, संगीता पत्नी केशरी ने लाठी डंडे से हमलाकर जान से मारने की धमकी दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि 14 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को स्थानीय सी एच सी भिजवाया गया है।

### अभिमान जीव के पतन का कारण है: उद्धव शरण

**गोंडा :** झझरी ब्लॉक क्षेत्र के नरायनपुर वली ग्राम पंचायत में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास डॉ स्वामी उद्धव शरण ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण लीला पुरुषोत्तम है। प्रभु की लीलाएं बड़ी विलक्षण हैं। अभिमान जीव के पतन का कारण है। इसलिए भगवत भक्त को अपने जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए।भगवान अपने भक्तों के अहम को नष्ट करते हैं। इसलिए भगवान ने ब्रह्मा जी के अभिमान को नष्ट किया। गोवर्धन धारण करके इंद्र के अभियान का पतन किया। महारास की लीला करके कामदेव के अभिमान का पतन किया। अभिमानी कंस का वध किया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति का पतन होना होता है तो उसको अभिमान हो जाता है। अपने लोग बुरे लगने लगते हैं। बाहरी व्यक्ति प्यारा लगने लगता है। श्री कृष्ण ने सदा धैर्य व धर्म सम्मत आचरण करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि जब-जब धर्म के हानि होती है तब तब ईश्वर किसी न किसी रूप में पृथ्वी पर आते हैं और पपिया का अंत करते हैं। यदि सुख का दिन ज्यादा दिन तक नहीं रहा है तो दुख का भी अंत होगा इसलिए आवश्यकता है धैर्य पूर्वक समय को काटना सबसे उचित कार्य होता है। व्यक्ति को ईश्वर की शरण में रहकर धर्म परायण कार्य करना चाहिए। इस दौरान विनोद शुक्ल, रानू शुक्ल, शालू शुक्ल, सुशील शुक्ल, रंजीत पांडेय, शिवमूर्ति पांडेय सहित तमाम लोग रहे।

### विकसित भारत संकल्प सभा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां



विकसित भारत संकल्प सभा में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बलरामपुर।** सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। शुक्रवार को विधान सभा तुलसीपुर के शिवपुरा मंडल में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री अजय सिंह पिंकू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मण्डल प्रभारी अंशुमान शुक्ला, ओम प्रकाश, शंकर सिंह, आलोक रंजन पाण्डेय, धर्मेन्द्र, राजेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद थे। इसी क्रम में शनिवार देर शाम नगर के टेढ़ीबाजार स्थित सेखुआ परमेश्वरी मंदिर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने कहा कि पीएम मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत में आर्थिक प्रगति, वैश्विक सम्मान और आतंकवाद पर कठोर पर कार्रवाई जैसे अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। कार्यक्रम आयोजक मनीष तिवारी ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, बिंदू विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष आनंद स्वरूप श्रीवास्तव, अविनाश मिश्रा, विश्वमोहन द्विवेदी, तुलसीश दूबे, झूमा सिंह, शरद कमलापुरी, धीरज मोदनवाल, राघवेन्द्र कांत सिंह मंटू, संदीप मिश्रा, विनोद गिरी व अक्षय शुक्ला सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : राम प्रताप सिंह

**बेलसर, गोंडा :** रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन बेलसर के एमबी मैरिज लान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। बिना कार्यकर्ता के पार्टी शून्य होती है। भाजपा की सरकार में जितने लोग हैं उनके यहां का कोई आजादी की लड़ाई में नहीं था जबकि कांग्रेस पार्टी के तमाम लोग आजादी की लड़ाई में शामिल रहे हैं। कांग्रेस की देन है कि संपूर्ण देश एकता की सूत्र में आज भी बंधा हुआ है। कार्यक्रम के आयोजक निशांत सिंह बिसेन पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनरेगा निगरानी समिति, अवधेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव शुक्ल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी त्वरिता सिंह, वासुदेव शुक्ल, केटी तिवारी, नीरज तिवारी मौजूद रहे।

# अधूरी परियोजनाओं पर जिम्मेदारों को भेजी गई नोटिस

## डीएम ने दी कठोर कार्रवाई की चेतावनी, जल जीवन मिशन का मामला

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : जिले में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रही 145 परियोजनाओं को पूर्ण बताकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया है। स्वतंत्र सत्यापन में परियोजनाएं अधूरी पाई जाने पर डीएम ने कार्यदायी एजेंसियों, एलएंडटी के परियोजना प्रबंधकों और जलनिगम के अधिकारियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जल जीवन मिशन की 145 परियोजनाओं का भौतिक सत्यापन कराया गया। इन परियोजनाओं को पहले पूर्ण बताया गया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान हकीकत निराशाजनक पाई गई। अधिकांश स्थानों पर पाइप लाइन बिछाने, बाउंड्रीवाल निर्माण, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन, ऑटोमेशन, सड़क पुनर्स्थापना, सोलर पैनल और जलाशयों में लाइटिंग कंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण कार्य अधूरे पाए गए। जल निगम के अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र कुमार को जिलाधिकारी ने तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जल जीवन मिशन की 145 में से 141 परियोजनाएं एलएंडटी द्वारा निष्पादित की गई हैं। इस पर मनोज कुमार परियोजना प्रबंधक को 24 घंटे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। सुनील कुमार दूसरे परियोजना प्रबंधक को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने ठेकेदार फर्म मेसर्स केएलएसआर रेज पावर इन्फा प्रा. लि. को भी 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। इनके द्वारा निष्पादित चार परियोजनाएं लालेमऊ, विशुनपुर संगम, बरदीहा और माधव नगर की स्थिति निराशाजनक पाई गईं हैं।

### चार सहायक अभियंताओं को चेतावनी, नौ अवर अभियंताओं को प्रतिकूल प्रविष्टि

स्वतंत्र सत्यापन में कई विकास खंडों की परियोजनाओं के अधूरे पाए जाने पर चार सहायक अभियंताओं को व्यक्तिगत रूप से चेतावनी पत्र जारी कर 10 दिनों की अंतिम मोहलत दी गई है। करनैलगंज, कटरा बाजार एवं हलधरमऊ विकासखंडों में अधूरी परियोजनाओं को पूर्ण दर्शाने के आरोप में जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता शुभम मिश्रा को जिलाधिकारी ने कड़ा चेतावनी पत्र जारी किया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 68 परियोजनाएं अधूरी पाई गईं, जबकि इन्हें पूर्व में पूर्ण घोषित किया गया था। इस पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता अतुल कुमार त्यागी को चेतावनी पत्र जारी करते हुए 10 दिवस के भीतर सभी कमियां दूर कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मनकापुर एवं छपिया विकास खंडों में सहायक अभियंता नितिन किशोर के अधीन कुल 12 पेयजल योजनाएं अधूरी अवस्था में पाई गईं। सहायक अभियंता सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय को चेतावनी पत्र जारी किया है। सत्यापन में इटियाथोक, वजीरगंज, नवाबगंज व बेलसर में कुल 46 परियोजनाएं अधूरी पाई गईं। जिलाधिकारी ने 10 अवर अभियंताओं के विरुद्ध मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि (परिनिन्दा) की कार्रवाई की है। हर्षित मिश्रा अवर अभियंता, करनैलगंज/नवाबगंज : कुल 6 परियोजनाएं अधूरी होने के बावजूद उन्हें पूर्ण घोषित किया गया था। अंकुश गुप्ता इटियाथोक 17 में से अधिकतर परियोजनाएं अपूर्ण थीं। रिपोर्ट में सोलर पैनल, पाइपलाइन, कनेक्शन आदि कार्य अधूरे पाए गए। सरोज कुमार गुप्ता हलधरमऊ/मनकापुर 15 परियोजनाएं अधूरी थीं। मनीष कुमार पांडेय कटरा बाजार/बभनजोत 6 योजनाओं में सोलर पैनल, सड़क, पाइपलाइन अधूरी थी। डीएम ने कहा कि यह प्रशासनिक जवाबदेही से बचने का प्रयास है। रियाज अहमद तरबगंज/छपिया 18 योजनाएं अधूरी पाई गईं। सचिन कुमार वर्मा परसपुर/बेलसर 12 परियोजनाओं में कार्य अपूर्ण थे। विशाल पाठक के क्षेत्र में 36 योजनाएं अपूर्ण पाई गईं। अनुज कुमार केक क्षेत्र में 27 योजनाएं अधूरी थीं। रोहन कुमार वर्मा के क्षेत्र में 8 योजनाओं में पाइपलाइन, सोलर पैनल आदि कार्य अधूरे पाए गए।

## युवती से दुष्कर्म, आरोपी सहित माता-पिता पर मुकदमा दर्ज

**करनैलगंज** : कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक गांव की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। प्रकरण ग्राम बुढ़वलिया महीपतगंज का है। पीड़िता के मुताबिक, 29 मई की रात वह अपने कमरे में सो रही थी। रात्रि लगभग 11 से 12 बजे के बीच नितीश नामक युवक उसके कमरे में घुस आया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगा। पीड़िता ने जब यह बात नितीश के माता–पिता से कही, तो उन्होंने न सिर्फ गाली–गलौज की, बल्कि धमकाया कि अगर घटना किसी को बताई तो अंजाम बुरा होगा। पुलिस ने नितीश, उसके पिता और माता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### संपत्ति विवाद में मारपीट एक गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के मामले में कौड़िया के भवनियापुर गांव निवासी लल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्यनगर के लिए प्रभारी अवनीश शुक्ल व आरक्षी लव कुश द्वारा की गई है।

### लोहे की रॉड से हमला कर किया लहूलुहान

**गोंडा, अमृत विचार** : कोतवाली देहात क्षेत्र के माधवपुर ग्राम पंचायत के मजरा चौबे पुरवा निवासी अमर सिंह ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। पीड़ित ने दिए तहरीर में कहा है कि वह किसी काम में जा रहा है तभी रास्ते में गांव के दबंगों ने रंजिश में उसके ऊपर लोहे की रॉड से हमला करके लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल हो इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज भेजा है। कोतवाल देहात संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### छेड़खानी का आरोप मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव निवासिनी महिला ने थाने पर तहरीर दिया कि उसकी 11 वर्षीय किशोरी पुत्री बकरी चराने गयी थी। गांव निवासी गरीब ने बहाने से उसे घर में बुलाकर कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगे। पुत्री आरोपी को धक्का देकर भाग आयी तथा मां को घटना से अवगत कराया। प्रभारी अपराध निरीक्षक राधेश्याम यादव ने बताया कि पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग को पीटकर किया लहूलुहान

**नवाबगंज** : नवाबगंज के तुलसीपुर माझा गांव में जमीन के विवाद को लेकर विपक्षियों ने 82 वर्षीय बुजुर्ग को लाठी–डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। तुलसीपुर माझा गांव के पूरे बालू मजरा निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग संतराम पुत्र जयलाल ने रविवार को थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि रविवार की सुबह करीब नौ बजे वह अपनी जमीन जिसमें पक्का पिलर लगा है उसी में लेटा हुआ था। तभी गांव के ही विपक्षी शिवकुमार पुत्र हीरालाल, श्रीदेवी पुत्री शिवकुमार आये और गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडे से मारने लगे। मुझे बचाने मेरा भाई गन्नू आये तो उसे भी विपक्षियों ने लाठी–डंडे से मारा–पीटा। गांव के लोगों ने बीच–बचाव किया तो विपक्षी देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार एनसीआर दर्ज कर लिया गया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 11 मरीजों का हुआ उपचार

**रुपईडीह, गोंडा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ वीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस मेले में विभिन्न रोगों से परेशान 18 मरीजों का उपचार किया गया।

### आरक्षी नागरिक पद पर चयनित हुए सूरज

**गोंडा** : जिले के मोतीगंज बीरेपुर बाजार के निवासी सूरज मौर्या का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पद पर हुआ था। रविवार को ज्वाइनिंग पत्र लखनऊ में दिया गया। सूरज मौर्य के पिता बलराम मौर्या किसान है। सूरज के बड़े भाई संतोष मौर्या भी सेवा क्षेत्र में है। सूरज ने माता पिता एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया। पुलिस में भर्ती होने से क्षेत्रीय लोगों ने उनको बधाई दी है।

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने भू माफियाओं को बेच दी पीएचसी की सरकारी जमीन

## विधायक ने मौके पर पहुंच रुकवाया निर्माण कार्य, सीएमओ पर लगाया आरोप


पीएचसी की जमीन पर चल रहा था अवैध निर्माण। अमृत विचार


मौके पर पहुंच जानकारी लेते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

संवाददाता, गौराचौकी, गोंडा

**अमृत विचार** : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीन को बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भू माफियाओं को बेची गई जमीन पर पीएचसी का पुराना भवन गिराकर उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। इसकी सूचना क्षेत्रीय विधायक प्रभात वर्मा को दी गई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर काम कर रहे लोगों को भगाया और इसकी शिकायत कमिश्नर, डीएम से की और आरोप लगाया कि सरकारी जमीन को सीएमओ की शह पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने बेच दी है और दबंग उस पर निर्माण करवा रहे थे।

जिले में लगभग सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का उच्चीकरण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई थी। पहले पीएचसी 4 बेड का अस्पताल था। बाद में सीएचसी को 30 बेड का अस्पताल बनाया गया। पुराने भवन को ध्वस्त कर उसके स्थान पर सीएचसी का निर्माण कराने को कहा गया। लेकिन जहां पर जमीन अधिक थी वहां अलग से भवन का निर्माण कराया गया। ऐसे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत का जर्जर भवन नहीं ढहाया गया। अधिकांश हिस्सा अपने आप ढह गया। विधायक प्रभात वर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की पीएचसी भवन की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएचसी अधीक्षक तरुण मौर्य से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सीएमओ को ही इसकी जानकारी है। मौके पर हो रहे निर्माण कार्य के बारे में एसडीएम मनकापुर से बात की तो उन्होंने कार्य रोकवा दिया। विधायक ने आरोप लगाया की सीएमओ ने सरकारी भूमि को बेच दिया है। इसकी शिकायत शासन में की गई है। कमिश्नर और डीएम को भी सूचना दे दी गई है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. तरुण मौर्य ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है इसके बारे में सीएमओ ही बता सकते हैं। सीएमओ ने मामले को गंभीर देखते हुए अपना मोबाइल बंद कर दिया। विधायक प्रभात वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा पर आरोप लगाया कि उनकी मिलीभगत से ही क्षेत्र के इसरार अहमद निवासी महुआ पाकड़ व अन्य व्यक्तियों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में ऐसी हिमाकत कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा कुत्सित कार्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस बाबत थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया है कि उप जिलाधिकारी के आदेश पर मौके पर निर्माण को रुकवा दिया गया है।

## निजी फैक्ट्री के ट्रांसफार्मर में लगी आग, वीडियो वायरल

**करनैलगंज** : भीषण गर्मी और तपते आसमान के बीच करनैलगंज क्षेत्र में एक निजी फैक्ट्री का ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गया। घटना दोपहर में लखनऊ-गोंडा हाईवे पर ग्राम पिपरी के पास घटी, जहां अचानक ट्रांसफार्मर से आग की भीषण लपटें उठने लगीं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर में आग लगते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। राहगीर और फैक्ट्री कर्मी तुरंत मौके से हट गए। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि चंद मिनटों में ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। मौके पर दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। विद्युत विभाग के एसडीओ आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांसफार्मर निजी है और यह पब्लिक उपयोग में नहीं था। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। गनीमत रही कि कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सामान्य है। बढ़ती गर्मी के कारण ट्रांसफार्मरों पर असर पड़ रहा है। विभागीय कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मरों पर पानी डालकर उन्हें ठंडा रखने का प्रयास किया जा रहा है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## मारपीट में घायल व्यक्ति की मौत

**गौरा चौकी।** खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 जून को सब्जी खरीदने गए युवक की चार लोगों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। हालत गंभीर देखकर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान 6 दिन बाद रविवार को युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मनकापुर सीओ उदित नारायण पालीवाल मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को कड़ी कार्रवाई करने का दिया आश्वासन। गोविंद शर्मा 9 जून को शाम करीब 5:00 बजे सब्जी खरीदने के लिए गिन्नी नगर बाजार गया हुआ था जहां पर विपक्षी निहाल तनवीर, तनु व नवे पुत्र जमाल उर्फ मन्नान निवासी बकवा दरगाह मारा पीटा था इसके संबंध में मृतक की माता माया शर्मा ने थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल ने बताया कि जो दोषी हैं उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा संगठन में चल रही तकरार, विधायकों ने संभाली कमान

**गौराचौकी/तरबगंज, अमृत विचार** : भाजपा के जिलाध्यक्ष को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने के बाद कार्यालय पर सन्नाटा पसरा है। संगठन की बागडोर अभी तक किसी को नहीं दी गई है।

तरबगंज कार्यालय पर 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पांडेय ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि जनता का हित भाजपा सरकार में ही सम्भव है। 11 साल में सरकार ने देश की तस्वीर बदल दी है जिससे जनता में खुशी की लहर है। गरीब व कमजोर वर्ग के लोग सकून की जिन्दगी जी रहे हैं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक प्रगति हुई है भारत मजबूत कड़ी बनकर उभरा है जो हर चुनौती का सामना करते हुए आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। आज हमारा देश विश्व पटल आर्थिक शक्ति बन चुका हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष दुबे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश पांडे, जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीनारायण पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महामंत्री प्रेम तिवारी, शिवम सिंह राजा, अनुज शुक्ला, अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य रामधोख मिश्रा एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं गौरा विधानसभा के मंडल छपिया के परसा तिवारी एव मसकनवा ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित मण्डल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने उपलब्धियां गिनाईं। मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचा है। इस अवसर पर संयोजक श्रवण कुमार शुक्ला, मंडल अध्यक्ष राम चंदर वर्मा, श्रवण शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह, ग्राम प्रधान भूपेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह, मंडल महामंत्री विश्वनाथ पाठक, पप्पू सिंह, अवधेश त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता बंधु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



सरकार की उपलब्धियां बताते विधायक प्रेम नरायन पांडेय। अमृत विचार



छपिया में कार्यक्रम में बोलते हुए गौरा विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार


विधायक अजय सिंह। अमृत विचार

### विधायक ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**करनैलगंज** : करनैलगंज के डाक बंगले में रविवार को विधायक अजय सिंह ने पार्टी की नीतियों और 11 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर और केंद्र–प्रदेश सरकार की योजनाओं की विशेष चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि बीते 7 दशकों में किसी भी सरकार ने न तो इतना विकास किया और न ही देशविरोधी ताकतों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया, जैसा भाजपा सरकार ने दिया है। उन्होंने दावा किया कि हर वर्ग आज भाजपा शासन में सुरक्षित है और सभी को लाभ मिल रहा है।

## सार-संक्षेप

### बाबा नीम करौरी धाम के स्थापना दिवस पर लगे भंडारे


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

**करनैलगंज** : बाबा नीम करौरी महाराज के आठवें स्थापना दिवस पर रविवार को करनैलगंज क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। हुजूरपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग चौराहे पर कैंची धाम उत्तराखंड की तर्ज पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पूड़ी–सब्जी व कढ़ी–चावल का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे की शुरुआत सुबह बाबा नीम करौरी की प्रतिमा के समक्ष पूजन–अर्चन से की गई। भंडारे में शामिल प्रमुख अनुयायियों में भाजपा नेता धर्मेंद्र तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, मुरारी तिवारी, कौशल तिवारी, बजरंग तिवारी, मिंटू पांडेय सहित अन्य स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं छतई पुरवा गांव के पास बालाजी मेडिसिन कंपनी के सामने प्रसाद के रूप में चना वितरित किया गया।

### 18 घंटे करनैलगंज में बड़े वाहनों की आवाजाही रही ठप

**करनैलगंज** : लखनऊ में आयोजित पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण समारोह के चलते करनैलगंज क्षेत्र में शनिवार की देर रात से लेकर रविवार की रात तक बड़े वाहनों की आवाजाही बंद रही। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और सड़कों पर किलोमीटरों लंबा जाम लग गया। शनिवार रात 11 बजे से ही करनैलगंज बस स्टॉप से बड़े वाहनों को रोकना शुरू कर दिया गया। देखते ही देखते हाईवे पर ट्रकों और बसों की लंबी कतारें लग गईं। रात करीब 2 बजे पुलिस ने इन वाहनों को कटरा बाजार रोड, परसपुर रोड और हुजूरपुर रोड की ओर मोड़ दिया। फिर भी बस स्टॉप क्षेत्र में वाहनों का भारी जमावड़ा बना रहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा कारणों से यह निर्णय लिया गया था। आदेश के तहत केवल रोडवेज बसों, एंबुलेंस और छोटे वाहनों को आवागमन की अनुमति दी गई थी, जबकि भारी वाहनों को रोक दिया गया। इस बाबत कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार रात से लेकर रविवार देर रात तक लखनऊ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रोका गया था। मध्यरात्रि के बाद यातायात सामान्य कर दिया गया।

### 45 सागौन का पेड़ काट ले गए माफिया, दो पर केस

**गौरा चौकी** : खोड़ारे में सागौन के हरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सादुल्लानगर रेंज गोण्डा के वन दरोगा बहुश्रुत यादव ने इस संबंध में नामजद दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। वन दरोगा बहुश्रुत यादव ने पुलिस को दिए हुए शिकायती पत्र में बताया है कि सादुल्लानगर रेंज गोण्डा वन प्रभाग गोण्डा में कार्यरत हैं। शुक्रवार को अपने कार्यक्षेत्र में बीट प्रभारी सत्यनरायन के साथ गश्त कर रहा था। गश्त दौरान ग्राम सभा सेमरा बुजुर्ग थाना खोड़ारे में सागौन हरे पेड़ों का अवैध कटान मिला। मौके पर भौतिक निरीक्षण करने के पश्चात इसकी सूचना स्थानीय थाना खोड़ारे को दिया, जिस पर पुलिस विभाग के बीट कर्मचारी हेड कांस्टेबल ऋषि कुमार व कांस्टेबल आशीष कुमार मौके पर आए। संयुक्त जा aच में पता चला कि मौके पर कुल 45 पेड़ सागौन के अवैध कटे बूंट मिले। थाना अध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया है कि वन दरोगा की प्रार्थना पत्र पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। मालिक राम सुभावन वर्मा पुत्र प्रहलाद वर्मा निवासी ग्राम सेमरा बुजुर्ग व ठेकेदार गोपाल सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम ठाकुरडीह जगन्नाथपुर ने मिलकर उक्त पेड़ों को 2 दिन पहले काटकर समस्त प्रकाष्ठ मौके से उठा ले गए। उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 दर्ज किया है।

### नीट परीक्षा में आभूषण व्यवसायी की बेटी सफल



**परसपुर, गोंडा।** नगर पंचायत परसपुर की प्रतिभाशाली बेटी श्रेया सोनी ने नीट परीक्षा में 720 में से 533 अंक अर्जित कर अपने परिवार, जिले को गौरवान्वित किया है। श्रेया को इस प्रदर्शन के आधार पर नीट ऑल इंडिया रैंक में 21893वीं और ओबीसी केंद्रीय सूची श्रेणी में 9908 वीं रैंक प्राप्त हुई है। श्रेया सोनी नगर पंचायत के आभूषण व्यवसायी रोशन लाल सोनी एवं रेनू सोनी की पुत्री हैं। उनकी माता एक गृहणी हैं। श्रेया ने अपनी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की पढ़ाई परसपुर कस्बे के बेनी माधव जंग बहादुर इंटर कॉलेज से पूरी की।

### पांच सरकारी क्रय केंद्रों पर आज से होगी मक्का की खरीद

**गोंडा** : जिले में मक्का की खेती करने वाले किसानों के लिए शासन की ओर से पांच सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने पांच केंद्रों के अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी को पत्रावली भेजी थी जिलाधिकारी ने केंद्र खोलने की अनुमति दे दी है। जिले के कर्नलगंज व तरबगंज तहसील में मक्का की खेती होती है। जिले में पहले न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का के सरकारी केंद्र खोले जाते थे लेकिन विगत वर्ष में केंद्र नहीं स्थापित किए गए थे। जिसका व्यापारी पूरा लाभ उठाते थे। खुले बाजार में मक्के का मूल्य करीब 2000 रुपये प्रति क्विंटल है, इसी भाव से मंडी में व्यापारी किसानों के मक्के की फसल खरीदते थे, लेकिन सरकार की ओर से जनपद में पांच केंद्र खोले जा रहे हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024– 25 के लिए पां क्रय केंद्र का प्रस्ताव किया गया था इसकी अनुमति जिला प्रशासन की ओर से मिल गई है। विपणन विभाग की ओर से केंद्र खोले जाएंगे। नवीन गल्ला मंडी में दो केंद्र, कर्नलगंज, मुजेहना तथा नवाबगंज में एक–एक क्रय केंद्र स्थापित किया जाना है। क्रय केंद्र खोले जाने को लेकर तैयारी पूरी कर दी गई है। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2225 रुपये के प्रति क्विंटल के भाव से किसानों से मक्का खरीदा जाएगा। हालांकि रवि वर्ष 2025–26 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 175 रुपया बढ़ाया है, जो आगामी सत्र में किसानों को मिलेगा। आगामी सत्र में किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से मक्का खरीदा जाएगा। फिलहाल मक्का खरीद को लेकर तैयारी जोरों पर है माना जा रहा है कि सोमवार से केंद्र शुरू हो जाएंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि सोमवार से खरीद की शुरुआत की जाएगी।

### आकाशीय बिजली की कड़क व चमक से बेहोश हुई महिला

**नवाबगंज** : सिरसा गांव में रविवार की भोर करीब 2 बजे से क्षेत्र में बादलों के तेज गर्जना और बिजली चमकने के बीच हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। क्षेत्र के सिरसा गांव के खैरगाड़ा मजरे में सुबह के करीब चार बजे शिव सरन की नई–नवेली दुल्हन शौच के लिए गई थी। इसी दौरान सड़क के किनारे रामबरन के गोबर के घूर पर बादलों की तेज गर्जना के बीच बिजली गिरी और देखते ही देखते गीले गोबर का घूर धूं–धूं कर जलने लगा। बिजली गिरने की घटना को देख कर नवविवाहिता वहीं बेहोश होकर गिर गई।

कार्रवाई

**राशन कार्ड सूची से नाम हटने के बाद जिला पूर्ति कार्यालय के काट रहे हैं चक्कर**


# जनपद में 11381 राशन कार्ड निरस्त, ले रहे थे मुफ्त अनाज का लाभ

शिव अंकम् ओझा, गोंडा

**अमृत विचार** : जनपद में राशन कार्ड सूची से 11381 राशन कार्ड हटा दिए गए हैं। ये वे राशन कार्ड धारक है, जिन्होंने सरकारी क्रय केंद्र पर विगत वर्षों में गेहूं धान बेचा था तथा आयकर दाता के श्रेणी में आते है। पूर्ति विभाग की इस कार्यवाही से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है चाहिए ऐसे लोग भी भी हैं जो गरीब है उनका भी नाम कट गया है अब वह लोग राशन कार्ड बनवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सरकार की ओर से प्रत्येक माह करीब 6 लाख राशन कार्ड धारकों को गेहूं चावल उपलब्ध कराया जाता है। हर महीने कोटेदार नि शुल्क खाद्यान्न का वितरण करते हैं। राशन कार्ड बड़े संख्या में बनने के बाद भी काफी संख्या में पात्र व्यक्ति राशन कार्ड की चाहत के लिए प्रतिदिन जिला पूर्ति कार्यालय का चक्कर काटते थे, जिस पर शासन गंभीरता दिखाते हुए सभी राशन कार्ड धारकों के सत्यापन के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा था, लेकिन जिला प्रशासन के सत्यापन की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद शासन ने ऐसे राशन कार्ड धारकों को चिन्हित किया जिन्होंने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं धान की बिक्री की थी तथा आयकर दाता की श्रेणी में आते हैं। यही नहीं करीब 4000 से अधिक ऐसे यूनिटों की भी सूची आई जो लोग निराश्रित पेंशन लेने के साथ-साथ खाद्यान्न भी ले रहे थे।

**▸▸ क्रय केंद्र पर बिक्री किया गया था धान गेहूं**




> शासन की ओर से ऐसे लोगों की सूची आई थी जिन लोगों ने सरकारी केंद्रों पर गेहूं धान बेचा था तथा जो आयकर के श्रेणी में आते थे। सत्यापन किया गया। अपात्र पाए जाने पर राशन कार्ड की सूची से नाम हटा दिया गया है। यदि कोई राशन कार्ड धारक पात्र है तो आवेदन करें। सत्यापन करने के बाद उसका राशन कार्ड जारी कर दिया जाएगा। कुछ लोगों ने आवेदन किया था जांच में पात्र भी पाएंगे उनका राशन कार्ड जारी भी किया गया है।
>
> –कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी

शासन की ओर से सूची आने के बाद सत्यापन किया गया तो बड़े स्तर पर यह पाया गया कि अपात्र व्यक्ति राशन उठा रहे हैं और पात्र राशन कार्ड के लिए घूम रहे हैं। जिस पर पूर्ति विभाग ने सख्त कदम उठाते हुए गेहूं धान बेचने वाले राशन कार्ड धारको को सूची से हटा दिया। शासन की ओर से जो सूची आई उनमें गेहूं धान बेचने वाले करीब 7998 राशन कार्ड धारक थे जिनमें से सत्यापन के बाद 5547 राशन कार्ड को सूची से बाहर किया गया, इसी तरीके से आयकर श्रेणी में जो सूची शासन की ओर से भेजी गई थी उसकी संख्या 7582 थी, इसमें से 5834 राशन कार्ड धारकों को सूची से हटाया गया। निराश्रित पेंशन लेने वालों की यूनिट जिले में करीब 4488 थी इनमें से 4036 को राशन कार्ड से हटाया गया है। अधिकतर उपभोक्ताओं को पता ही नहीं चला लेकिन जब वे लोग राशन लेने कोटेदार के घर पहुंचे तो पता चला उनका नाम राशन कार्ड सूची से हट गया है। हालांकि पूर्ति विभाग का दावा है यदि कोई व्यक्ति जो पात्रता श्रेणी को पूरा करता है और उसका राशन कार्ड कट गया है तो वह आवेदन करें उसका नया राशन कार्ड जारी किया जाएगा। फिलहाल पूर्ति कार्यालय पर प्रतिदिन सैकड़ों लोग राशन कार्ड की चाहत में दौड़ लगा रहे हैं।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देशों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए–यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो जुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंज़ूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क' बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

-फेसबुक वॉल से

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ॠतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजनिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## देव स्थान पर अवैध अतिक्रमण का आरोप

**खैरीघाट ( बहराइच)।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मटेरा कला ग्राम पंचायत के सरलीबाग में स्थित देवस्थान पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। अतिक्रमण के विरोध में ट्रैक्टर ट्राली से सैकड़ों ग्रामीण थाने पहुंचे। गांव निवासी लल्लन, देवतादीन, दयाराम, गरीबे, राजेंद्र, परवारी लाल, बुधई, मुंशी, केशव राम, रीना देवी, फुल कुमारी, बऊर, रेनू, कुंवारा, ननकुन्ना, दयाराम आदि सैकड़ों लोगों ने सामूहिक हस्ताक्षरित शिकायत पत्र थाने में देकर जांच एवं कार्यवाही की मांग की। इन सब का आरोप है, कि गांव में एक देवी स्थान है। जिसमें सभी ग्रामवासी पूजा पाठ व हवन सदियों से करते आ रहे हैं। आज रविवार है, कल सोमवार को टीम के साथ पहुंचकर जांच की जाएगी। प्रभारी थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व टीम के साथ पुलिस फोर्स को मौके का जांच करने के लिए भेज गया है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह की हुई शुरूआत

**संवाददाता, बहराइच**



वृहद पथ संचलन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

**अमृत विचार।** इंदिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव एवं ज़िला विकास अधिकारी राजकुमार ने भगवान धनवंतरी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इससे पहले प्रातः 06:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से इंदिरा स्पोर्ट्स स्टेडियम के लिए एक वृहद पथ संचलन को अपर जिलाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ज़िला विकास अधिकारी राजकुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम लोगों को योग को एक दिन या सप्ताह तक ही सीमित नहीं रखना है वरन इसको अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करना चाहिए। आज पूरे विश्व ने योग की क्षमता को स्वीकार कर अपने दिनचर्या का अंग बनाया है और इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम की भूमिका में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग को प्रधानमंत्री ने वैश्विक बनाकर अखिल विश्व को स्वास्थ्य प्रदान करने की गारंटी दी है। आज विश्व के 180 से अधिक देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हृदय से स्वीकार किया है और इसको पूरे मन और उत्साह से मनाते है। इन्दिरा स्टेडियम में मास्टर योग प्रशिक्षक जय प्रकाश वर्मा और राकेश कुमार दुबे ने योग प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, ज़िला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ यूनुस अली अंसारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद श्रीमती प्रमिता सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के भूपेंद्र, डॉ राजेश कुमार, डॉ विक्रम, डॉ अंतरिक्ष बैसवार, डॉ अजय सिंह, डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ उपेंद्र रावत, डॉ उमेश चंद्र सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण सहित सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने तथा योग प्रोटोकॉल का संचालन जय प्रकाश वर्मा ने किया।

### स्वस्थ गांव, समृद्ध भारत का संकल्प लेकर निकली योगा रैली

**कैसरगंज (बहराइच)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में ब्लॉक परिसर कैसरगंज से योगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने किया, जिसमें ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं सफाई कर्मचारी शामिल हुए। रैली ब्लॉक मुख्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए वापस ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एडीओ पंचायत बृजेश सिंह ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 जून से 21 जून तक प्रत्येक कर्मचारी अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में रहकर योगाभ्यास कराएं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की कुंजी है। स्वास्थ्य ही धन है, इसलिए सभी लोग अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन योग को शामिल करें और न्यूनतम आधा घंटा योग अभ्यास अवश्य करें। इस अवसर पर आशीष कुमार सोनकर, कृष्ण श्रीवास्तव, सौजन्य मिश्रा, रामप्रवेश, गुलाबचंद, पंकज मौर्या, सुधीर कुमार मौर्य, हरीश कुमार, मोहम्मद इमरान, प्रमोद यादव, मृत्युंजय सिंह, राकेश कुमार, राजेश सोनी, इमरान अहमद, राजेश कुमार सहित रोजगार सेवक व पंचायत सहायकगण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### राज्य स्तरीय निगरानी समिति की सदस्य का आगमन आज

**बहराइच , अमृत विचार।** सदस्य, राज्य स्तरीय निगरानी समिति उ.प्र. शासन श्रीमती पूजा बाल्मीकि का 16 जून 2025 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्रीमती बाल्समीकि प्रातः 10 :30 नगर पंचायत मिहीपुरवा, अपरान्ह 01 :00 बजे नगर पालिका परिषद नानपारा तथा अपरान्ह 03 :00 बजे नगर पंचायत जरवल में अधिशासी अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष के साथ (एम.एस. एक्ट-2013) के अन्तर्गत जनपद में चयनित स्वच्छकारों के पुर्नवास रोजगार हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं समस्त सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में समीक्षा एवं मलिन बस्ती का भ्रमण करेगी। अपरान्ह 05 :15 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी व लो.नि.वि. के निरीक्षण गृह में रात्रि विश्राम करेंगी तथा 17 जून 2025 को प्रातः 09 :00 बजे प्रस्थान कर जायेंगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

### दो साल की बच्ची के साथ युवती लापता

**बहराइच ,अमृत विचार।** जनपद थाना बौण्डी क्षेत्र की निवासी एक युवती अपने दो वर्षीय बच्चे के साथ लापता हो गई । इस मामले में युवती के मियके वालों ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी जुलेखा का विवाह बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अली निवासी मेराज के साथ हुई थी। उसके मायके वाले तीन-चार दिन से मायके वाले जुलेखा से बात करना चाहते थे बात नहीं हो पा रही थी। उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। जिसके बाद जुलेखा का भाई अफशान उसके घर सरायअली पहुंचा तब पता चला कि उसकी बहन लापता है।जिसके बाद अफशान ने अपनी बहन के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए बौंडी थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### जूस की दुकान पर काम करने वाले श्रमिक की हुई मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** लखनऊ के अवध बस स्टैंड के पास एक फ्रूट जूस कार्नर पर नौकरी कर रहे प्रवासी श्रमिक के परिजनों को उसके काफी गंभीर रूप से बीमार होने की सूचना देकर बुलाया। वहां पहुंचने पर श्रमिक का शव सौंप दिया गया। इलाज व मौत के बारे में कुछ भी नही बताया। परिजन शव को गांव ले आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। कैसरगंज थाने के हसना मूलई गांव निवासी 65 वर्षीय बाबूराम लखनऊ के अवध बस स्टैंड के निकट एक फ्रूट जूस कार्नर पर नौकरी कर रहा था। वह वहां एक किराए के मकान में रह रहा था। लखनऊ से फ्रूट कार्नर के मालिक ने शनिवार रात सूचना दी कि बाबूराम की हालत काफी गंभीर है। परिजनों को तत्काल बुलाया गया। जब परिजन किराए के मकान पर पहुंचे तो बाबूराम का शव सौंप दिया। बाबूराम को क्या बीमारी हुई। उसका कहां इलाज कराया। यह कोई जानकारी नही दी गई। परिजनों ने शव को वाहन पर लाद गांव लाए जाने पर घर में हाहाकार मच गया। सूचना पर कैसरगंज थाने की पुलिस ने गांव पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। एसएचओ सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि लाश का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### हुजूरपुर में हुआ संकल्प सभा का आयोजन

**हुजूरपुर ( बहराइच)।** आज विधानसभा पयागपुर के मंडल हुजूरपुर में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान के अन्तर्गत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला मंत्री श्री हरेंद्र विक्रम सिंह , विशिष्ट अतिथि निशंक त्रिपाठी , कार्यक्रम सयोजक महेंद्र पाठक , जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव , मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह रैकवार , मंडल महामंत्री जटाशंकर तिवारी, सेक्टर संयोजक घनश्याम सिंह , शिवकुमार शुक्ला , सुधीर निषाद , वीरेंद्र वर्मा , अनूप गोस्वामी , प्रमोद सिंह कटघरी , दिनेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार सिंह दीपू, बूथ अध्यक्ष रामसुघर शुक्ला, जंग बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, इंद्रकुमार शुक्ला , हरकेश सिंह, दिलीप शुक्ला, रामपाल गौड़, ओमप्रकाश सिंह पिंटू शिवकुमार पाल , अवधेश सिंह , संजय जायसवाल, रमेश गोस्वामी, बृजेश कुमार सिंह महामंत्री युवा मोर्चा, मनोज मिश्रा , अखंड प्रताप सिंह, अंकित दूबे, राजेश कुमार आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ वैष्णवी का चयन

**विशेश्वरगंज ( बहराइच), अमृत विचार ।** विशेश्वरगंज क्षेत्र के वीर इण्टर कॉलेज धनुही की छात्रा वैष्णवी का जवाहर नवोदय विद्यालय बहराइच की कक्षा 9 में चयन हुआ है। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश त्रिपाठियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। साथ ही उनके माता-पिता, रिश्तेदार व शुभचिंतक भी गर्व अनुभूत कर रहे हैं। परिजनों ने उम्मीद जाहिर किया है कि वैष्णवी आगे भी अच्छे अंक लाकर विद्यालय, परिवार सहित जनपद का नाम ऊँचा करेगी।

### किशोरी के अपहरण मामले में 4 पर केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा क्षेत्र से एक किशोरी का शनिवार शाम अपहरण हो गया। परिजनों ने सभी संभावित जगहो पर तलाश की । पता न चलने पर गांव के ही चार लोगों को नामजद कर एफआईआर दर्ज कराई गई है। नानपारा कोतवाली के एक गांव से एक व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी शनिवार शाम गांव के बाहर निकली थी। जब काफी देर बाद भी वह घर नही आई। तो चिंतित परिजनों ने उसकी सभी संभावित जगहो पर तलाश की ।उसका कोई पता न चलने पर थाने में गांव के ही चार लोगों को नामजद कर अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया है।

# कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग पर्यटकों के लिए किया गया बंद

## बारिश के दौरान जंगली जानवरों के हिंसक होने का रहता है खतरा

**संवाददाता, बहराइच**

**एहतियात**

▶▶ 14 नवम्बर को पर्यटकों के लिए फिर से खोला जाएगा सफारी

**अमृत विचार।** पर्यटकों के लिए कतर्नियाघाट रविवार से बंद कर दिया गया। इससे बाहर से आने वाले पर्यटक फिलहाल जंगल सफारी का आनंद भी नही पाएंगे। कतर्नियाघाट अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यहां पर बड़ी संख्या में पर्यटक इसका आनंद लेने पहुंचते है।

जनपद के कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार 15 जून से 14 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया जाएगा। यहां पर आने वाले पर्यटक अब से जंगल सफारी का भी आनंद नहीं ले पाएंगे। अगर बात की जाए तो कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग करीब 400.6 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इस जंगल में कई लुप्तप्राय प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें घड़ियाल, बाघ, गैंडा, डॉल्फिन, हिरण, हिसपिड खरगोश, बंगाल फ्लोरिकन, सफेद पीठ वाले और लंबी चोंच वाले गिद्ध यहां आसानी से देखे जा सकते हैं। वहीं अगर तेंदुए और बाघ की बात की जाए तो पूरे क्षेत्र में इनकी संख्या करीब 250 बताई जाती है। यहां पर पहुंचने वाले पर्यटक जंगल सफारी के दौरान ज्यादातर बाघ और तेंदुआ देखकर रोमांचित होते हैं। इन जंगली जानवरों के अलावा घने जंगलों में हाथी, गैंडा, बारा सिंघा, हिरन समेत अन्य पशु पक्षी सड़क पर करते हुए देखे जा सकते है। 15 जून से बरसात होने लगती है और इस समय मे सभी पशु पक्षी प्रजनन भी करते है। इसी वजह से इन सभी जानवरो को कोई परेशानी न हो और आने वालों पर हमला न करे जिससे वन्य जीव विहार 15 जून से 14 नवम्बर तक के लिए बंद किया जाता है। इस मामले में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि आज 15 जून से अग्रिम आदेश तक पर्यटकों के लिए कतर्नियाघाट बंद कर दिया गया है। अब यह 14 नवम्बर को पर्यटकों के लिए फिर से खोला जाएगा। वन जीव संरक्षित क्षेत्र में किसी को भी आने जाने की अनुमति नही होगी।

# कतर्नियाघाट के डीएफओ का वाराणसी हुआ तबादला

**बहराइच**

**इधर से उधर**

▶▶ जंगल क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने जमकर की आतिशबाजी, लगाए नारे

**अमृत विचार।** जनपद के कतर्निया घाट वन्य जीव विहार के डीएफओ का शासन ने तबादला कर दिया है, जिसके बाद जंगल इलाके में रहने वाले लोगों ने जमकर आतिशबाजी करते हुए नारे लगाए और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। जनपद के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में तैनात रहे प्रभागीय वनाधिकारी बी शिव शंकर का शासन द्वारा रविवार देर शाम तबादला वाराणसी के रामनगर कर दिया गया। जैसे ही इसकी सूचना जंगल के बीच रहने वाले बिछिया बाजार के निवासियों को लगी तो उन्होंने आतिशबाजी करते हुए खुशियां मनाईं और नारे लगाए। ज्ञात हो की 17 दिन पूर्व नोटिस का साक्ष्य प्रस्तुत करने आए बिछिया बाजार के लोगों ने शहर के डीएफओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था वह काफी समय से कतर्निया घाट वन्य जीव क्षेत्र इलाके में रहते चले आ रहे हैं। डीएफओ ने नूरी मस्जिद समेत 185 लोगों को नोटिस थमाई थी। इन सभी ग्रामीणों को 61 बी के तहत जारी नोटिस में अतिक्रमण खाली करने की बात कही गई थी। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव के मूर्तिहा रेंज के बीट संख्या 20 में बनी लक्कड़ शाह समेत चार मजारों को अवैध बताकर ध्वस्त किया गया था जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध दर्ज किया था। शासन द्वारा कतर्नियाघाट में अभी किसी भी डीएफओ की तैनाती नही की गई है।

## हाइवे पर तीन दिन से खड़े ट्रक में मिला शव

**मटेरा ( बहराइच) ।** कोतवाली नानपारा के बकरा मंडी के पास हाईवे पर रविवार को खड़ी ट्रक के अंदर तीन दिन पुराना शव मिलने से सनसनी फैल गई। ट्रक के केबिन में मृत मिले व्यक्ति की पहचान राजभान सिंह पुत्र राजेन्दर सिंह निवासी ग्राम विनौर थाना सचेंडी जनपद कानपुर देहात के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ट्रक पिछले तीन दिनों से वहीं खड़ा था, लेकिन इस पर किसी की नजर नहीं पड़ी। स्थानीय लोगों को ट्रक से दुर्गंध आने पर शक हुआ,इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब ट्रक का दरवाजा खोला तो अंदर राजभान सिंह का सड़ा-गला शव मिला। मृतक ही ट्रक चालक बताया जा रहा है। इस ट्रक में नई मोटर साइकिल लोड थी। पुलिस के मुताबिक ट्रक में मोटर साइकिल लोड थी जो हरिद्वार से बिहार जा रही थी। पुलिस ने बताया कि जहां से गाड़ी लोड होकर चली थी वहां बात करने पर पता चला है कि ट्रक में केवल चालक ही था, शव का पीएम होने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि तीन दिनों तक एक संदिग्ध स्थिति में ट्रक खड़ा होने के बावजूद किसी ने जांच नहीं की और पुलिस पेट्रोलिंग करती रही। नानपारा पुलिस के मुताबिक परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## अपहृत किशोरी बरामद, आरोपी हिरासत में

**जरवल रोड बहराइच अमृत विचार।** जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र की एक नाबालिग हिंदू लड़की के अपहरण कर उससे निकाह की तैयारी कर रहे आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और किशोरी को बरामद कर लिया है। बरामद किशोरी को वन स्टॉप सेंटर बहराइच में रखा गया है, जहां महिला कल्याण विभाग द्वारा काउंसलिंग कर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। जरवलरोड थाना क्षेत्र की एक नाबालिग हिंदू किशोरी अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन पर भी पता न चलने पर उसकी मां ने जरवलरोड थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी बीच परिजनों को जानकारी मिली कि किशोरी को दूसरे समुदाय का एक युवक भगा ले गया है। इसके बाद यह मामला अपहरण की धारा में दर्ज किया गया। बताते हैं कि किशोरी को नकाब पहना कर निकाह की तैयारी की जा रही थी। जरवलरोड थाना प्रभारी निरीक्षक ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसके कब्जे से किशोरी को भी बरामद कर लिया। किशोरी को वन स्टॉप सेंटर बहराइच में रखा गया है, जहां महिला कल्याण विभाग द्वारा काउंसलिंग कर उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

# नेपाल-भारत मैत्री संगठन की अंतरराष्ट्रीय समिति की काठमांडू में हुई बैठक




समिति की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष अनूप सिंह। अमृत विचार

**रुपईडीहा ( बहराइच ) अमृत विचार।** नेपाल-भारत मैत्री संगठन की अंतरराष्ट्रीय समिति की दो दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आरंभ हुई। बैठक का उद्घाटन संगठन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर संगठन की अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्चना सिंह सहित भारत और नेपाल के विभिन्न प्रांतों से आए 7 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। कार्यक्रम में समाजसेवी, राजनीतिक विश्लेषक, छात्र प्रतिनिधि, उद्यमी एवं नागरिक समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अनुप कुमार सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल का संबंध केवल दो देशों के बीच नहीं, बल्कि दो आत्माओं के बीच का भावनात्मक और सांस्कृतिक रिश्ता है। हम इस बैठक के माध्यम से युवाओं को जोड़कर इस संबंध को नई दिशा देना चाहते हैं। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देने, शिक्षा एवं पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने, तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है।

## 19 को आयोजित होगी मोबाइल कोर्ट

**बहराइच, अमृत विचार ।** न्यायालय, कार्यालय राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ.प्र. द्वारा जारी पत्र के अनुसार जनपद के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराएं जाने के उद्देश्य से महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में अवस्थित ऑडीटोरियम में 19 जून 2025 को मोबाईल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मोबाईल कोर्ट को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

# सांसद ने ककरहा में किया राघव गौशाला का उद्घाटन

**संवाददाता, बहराइच**



सांसद आनंद गोंड के साथ पीठाधीश्वर रविशंकर जी महराज।

**अमृत विचार।** धार्मिक गुरु व पंचवटी श्री सीताराम आश्रम श्रषिभूमि रिसिया के पीठाधीश्वर रविशंकर जी गुरुभाई की ओर से ककरहा में स्थापित की गयी राघव गोशाला का उद्घाटन सांसद आनंद गोंड ने किया। इस दौरान सांसद ने महराज जी की ओर से किये जा रहे धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संरक्षण के प्रयासों की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराज जी के प्रयासों से आम लोगों के जीवन में सुखद बदलाव आ रहे हैं जिसकी जितनी सराहना की जाये कम होगी।

सांसद ने कहा कि नेपाल सीमा से सटे इस वन क्षेत्र में जिस तरह से महराज जी ने यहां के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर विगत सात दिनों से श्रीराम कथा की पावन गंगा प्रवाहित की है उसमें डुबकी लगाकर यहां की आम जनता धन्य हो गयी है इस दौरान महराज रविशंकर जी गुरुभाई ने सांसद से अपने प्रवास के दौरान अनुभव की गयी स्थानीय समस्याओं का जिक्र भी किया जिसे सांसद श्री गोंड ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने कहा कि ककरहा का यह आश्रम लोक कल्याण का केंद्र बने यही उनकी इच्छा है गुरु जी ने कहा कि यहां की गौशाला निराश्रित पशुओं व अन्य पीड़ित जीवों पर सतत काम करेगी। इस दौरान यहां बहराइच से आए हुए प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि नूतन माहेश्वरी ने आश्रम की गतिविधियों का विस्तृत परिचय कराते हुए सांसद जी से सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर यहां भारी संख्या में क्षेत्रीय जनमानस, अतिथि गण तथा आश्रम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 ऍं | | | |
| मो | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** — आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** — आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** — आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** — आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

# मेडिकल कॉलेज में दो मौतों के बाद बवाल

## इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा और तोड़फोड़

संवाददाता, सुलतानपुर



मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में बवाल के बाद पहुंची पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राजकीय मेडिकल कालेज में अलग-अलग मामलों में दो लोगों की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। एक मामले में मृत महिला के परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि दूसरे मामले में युवक की मौत के बाद इमरजेंसी वार्ड में तोड़फोड़ और हाथापाई तक की नौबत आ गई।

पहला मामला तमेहड़ी गांव की आशा देवी (45) का है, जिन्हें पेट दर्द की शिकायत पर 14 जून को दोपहर एक बजे जिला अस्पताल लाया गया था। इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामान्य बताकर वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। रात में स्थिति सामान्य रही, लेकिन सुबह 8 बजे फिर दर्द उठा। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाया, पर समय पर इलाज नहीं मिला। नर्स द्वारा इंजेक्शन दिए जाने के बाद उनकी मौत हो गई। भाई रंजीत ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर की मांग की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीएमएस डॉ आरके मिश्रा ने बताया कि आरोप बिल्कुल गलत है। डॉ अविनाश ने महिला को जाकर देखा था। मरीज को पहले से कार्डिया संबंधी दिक्कत थी। कुछ दिन पहले भी उसे भर्ती कराया गया था, स्वस्थ होने पर घर ले गए थे।

### युवक की मौत के बाद इमरजेंसी में किया बवाल

**सुलतानपुर :** अयोध्या जिले के बीकापुर थाना क्षेत्र के चौरे बाजार के शिवम (21) पुत्र अशोक को जहरीले जंतु के डसने से हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी और कर्मचारियों से झड़प हो गई। इमरजेंसी में घंटों अफरातफरी मची रही, जिससे अन्य मरीजों को काफी परेशानी हुई। सीएमएस डॉ आरके मिश्रा ने बताया कि युवक को एक बजकर 40 मिनट पर गंभीर हालत में लाया गया था, उसके भाई सुंदरम को उसकी हालत के बारे में बताया भी गया था और रेफर कर दिया गया। तत्काल एसबीके 10 इंजेक्शन दिया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई। हंगामा व तोड़फोड़ के लिए एसपी से बात कर कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### एक नजर

#### प्राचीन इतिहास की मौखिकी परीक्षा 18 और 20 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के बीए छठवें सेमेस्टर की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा दिनांक 18 जून को एवं एमए द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 जून को प्रातः 10:30 बजे से संपन्न होंगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो शैलेंद्र प्रताप सिंह ने दी है।

#### दूबेपुर में मना विकसित भारत का अमृत काल कार्यक्रम

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दूबेपुर ब्लॉक में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर आधारित विकसित भारत का अमृत काल कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री संदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह व विनोद पांडेय ने दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर संदीप सिंह ने कहा कि जनधन, उज्ज्वला व पीएम आवास जैसी योजनाओं ने गरीबों का जीवन बदला है। इस दौरान कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

#### फोन बंद करने पर नाजिर का वेतन रोका

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में कार्यरत मनोज नाजिर द्वारा बिना किसी कारण रविवार को सरकारी फोन बंद कर दिए जाने की सूचना है, जिससे शासन को भेजी जाने वाली आवश्यक रिपोर्ट तैयार नहीं की जा सकी। पीडी डीआरडीए एके सिंह ने इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए आदेश दिया है कि मनोज नाजिर का 15 जून का वेतन अस्थायी रूप से अवरुद्ध किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सूचना के कार्य में बाधा डालना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, 12 लोग घायल

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** जमीनी विवाद एवं रास्ते को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्ष के दर्जन भर लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मंगरावा गांव के लाल बहादुर की विपक्षियों से जमीन एवं रास्ते का विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार की रात विपक्षीगण उनके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। मना करने पर लाठी डंडे एवं कुल्हाड़ी से मारा पीटा। बीच बचाव करने आए पुट्टन, हुबलाल, रामप्रयाग, सुनीता, सोनी एवं मालती को चोटे आई। पीड़ित लाल बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राम आशीष, राम आसरे, राम मूरत, अनुपम, अजेश, सत्यम, शिवम एवं तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। वहीं पर दूसरे पक्ष के राम आशीष का आरोप है कि वे रात में 8:30 बजे अपने दरवाजे पर बैठे थे। तभी रास्ते में नीम की डाल टूट कर गिर गई। वे डाल हटाने लगे तभी विपक्षीगण उन्हें लाठी डंडा एवं लोहे के रॉड से से मारने लगे वे डर बस घर में भागे। विपक्षी घर में घुसकर उन्हें एवं बीच बचाव करने आए राम मूरत, राम आसरे, सत्यम, शिवम को भी मारा पीटा। जिससे उन लोगों को काफी चोट आई। घर का दरवाजा खिड़की एवं कुर्सियां तोड़ दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने लालू प्रसाद, पुट्टन, शीतला प्रसाद, हुबलाल, गोलू, अनुज, विकास, संगम, मालती, अनामिका, सोनी एवं सुनीता के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

▸▸ पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया क्रास केस

# सड़क हादसे में एक की मौत व 3 घायल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घटना पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 131 के पास हुई, जहां गुड़गांव से मुंगेर जा रही स्कॉर्पियो आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ी।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो चला रहे पिंकू कुमार (32) को नींद आने से वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया और टक्कर हो गई। हादसे में 72 वर्षीय कुमार विनय की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में कलावती देवी (65), नूतन देवी (25) और चार साल की बच्ची विदुषी शामिल हैं, जिन्हें सीएचसी बिरसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। सूचना पर सहायक सुरक्षा अधिकारी राम जगत तिवारी, उपनिरीक्षक परमानंद पांडे समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन हटवाया। फिलहाल यातायात सामान्य है।




पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाती यूपीडा की सुरक्षा टीम। अमृत विचार

▸▸ बेकाबू स्कार्पियो सामने जा रही ट्रक में घुसी, एक की मौत, तीन घायल

### तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक और खलासी घायल

**लंभुआ, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के बेदूपारा (शिव नगर) स्थित नेशनल हाइवे पर रविवार तड़के एक तेज रफ्तार ट्रक खड़ी ट्रक में जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का केबिन चकनाचूर हो गया और चालक व खलासी उसमें फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी लंभुआ भेजा, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान गोपालगंज निवासी अनूप मिश्रा (25) और सुमित पाल (16) के रूप में हुई। हादसे के कारण घंटों यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने बहाल कराया।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर घायलावस्था में मिली महिला

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 172.2 किमी पर कल्याणपुर अंडरपास के निकट रात लगभग 10 बजे एक महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस 108 ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखंडनगर में भर्ती कराया।

महिला की पहचान अर्चना देवी पत्नी संजय कुमार, निवासी ज़फरपुर, थाना अखंडनगर के रूप में हुई है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। महिला की पहचान हो चुकी है और परिजनों की मौजूदगी में उपचार के लिए जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया है। महिला के पिता रामसकल, निवासी बेलवाई माधोपुर ने बताया कि उनकी पुत्री की हालत गंभीर है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर में चल रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा ने बताया कि अस्पताल में घायल महिला ने प्रारंभिक पूछताछ में खुद यह स्वीकार किया है कि उसने पारिवारिक कलह से परेशान होकर ब्लेड से स्वयं अपने गले को काटा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों की तहरीर के इंतजार में है।



घायल महिला को अस्पताल में कराया गया भर्ती। अमृत विचार

▸▸ गले पर धारदार हथियार से वार, पारिवारिक कलह में खुदकुशी की कोशिश का दावा

# पर्यावरण पार्क में योग सप्ताह की हुई शुरुआत

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सुबह से पर्यावरण पार्क में योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, रेड क्रॉस सोसाइटी चेयरमैन डॉ. डीएस मिश्रा, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला सूचना अधिकारी डा. धीरेंद्र व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राधा बल्लभ सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सुनील तिवारी ने योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार योगासन, प्राणायाम, ध्यान और वैकल्पिक चिकित्सा का अभ्यास कराया तथा 21 जून को अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



पर्यावरण पार्क में योगाभ्यास करते अधिकारी, कर्मचारी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ पालिकाध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन कर की कार्यक्रम की शुरुआत

# संदिग्ध हालात में जेल में बंद कैदी की मौत

**दोस्तपुर, सुल्तानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के जयचंदपुर गांव निवासी सब्बीर अहमद (उम्र 32 वर्ष), पुत्र रमजान अली, की रविवार को मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, सब्बीर अहमद विगत 6 माह से पॉक्सो एक्ट में अहमट जिला कारागार में बंद थे। उनकी मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। शब्बीर अहमद का शव पोस्टमॉर्टम के बाद देर रात तक पहुंचने की आशा है, शब्बीर के मौत के कारणों की जानकारी के बाद घर के परिजन सुल्तानपुर पहुंच गये। घटना से गांव में शोक की लहर है, वहीं परिजन मौत की परिस्थितियों को लेकर कई सवाल उठा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एमएलसी ने किया श्री नरसिंह भगवान मंदिर का उद्घाटन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकासखंड दूबेपुर के ग्राम सभा सोमनाभार में निर्मित नरसिंह भगवान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का रविवार को भव्य उद्घाटन किया गया। राज्य योजना अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराए गए कार्य का शिलापट एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अनावरण कर किया।

इस अवसर पर एमएलसी ने निर्माण कार्य की जिम्मेदारी निभाने वाली संस्था के कांट्रेक्टर नितिन सिंह के साथ मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, पुजारी सुनील उपाध्याय एवं प्रधान प्रतिनिधि महेश को मंदिर का प्रमाण पत्र व चाबी सौंपते हुए परिसर को जनसमर्पित किया। परियोजना की कुल लागत 473.53 लाख रुपये रही, जिसके अंतर्गत मुख्य द्वार, टॉयलेट ब्लॉक, यात्री हॉल, शेड, शू-हाउस, ग्रेनाइट इंटरलॉकिंग पाथवे, सोलर लाइटिंग, स्टोन बेंच, साइनेज, यूरिनल और वाल स्टेज आदि का निर्माण कराया गया। कार्यदायी संस्था ने बताया कि अवशेष कार्य जून के प्रथम सप्ताह में पूर्ण कर लिया गया था। कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप सिंह, डॉ. अशोक सिंह, एडवोकेट अवनीश सिंह, प्रधान भारत भूषण सिंह, प्रधान आकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

▸▸ 4.73 करोड़ की लागत से तैयार हुआ दिव्य मंदिर परिसर

# शादी समारोह में अश्लीलता रोकने पर युवक को मारा चाकू

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के बदरुद्दीन पुर गांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान द्वाराचार के समय अश्लीलता रोकने पर हिंसक घटना हो गई। मोतिगरपुर थाने के खैरहा गांव से आई बारात में शामिल कुछ बारातियों द्वारा द्वाराचार के दौरान अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। घराती पक्ष से 22 वर्षीय प्रशांत निषाद ने जब इसका विरोध किया, तो कुछ बारातियों ने उसे जबरन खींचकर एकांत में ले जाकर उसके पेट में चाकू मार दिया। हमले के बाद प्रशांत गंभीर रूप से घायल हो गया और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल से उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

देहात कोतवाल अखंड देव ने बताया कि घायल की तहरीर पर एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गांव में पुलिस बल की तैनाती कर स्थिति को शांत किया गया है।

▸▸ पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

# युवक पर चाकू से हमला, मुकदमा दर्ज

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शनिवार की रात सराय मकरकोला निवासी धीरज पाठक बाइक से घर लौट रहे थे कि पथरा मोड़ के पास कुछ हमलावरों ने उन्हें जबरन रोक लिया और चाकू से हमला कर दिया। हमले में धीरज के शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले में कुलदीप चौहान और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# झाड़ियां बनीं दुर्घटनाओं का सबब

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकास खंड भदैया के धरमगंज से हनुमानगंज उचहरा को जोड़ने वाले रामगंज राजबहा मार्ग पर झाड़ियों की वजह से दुर्घटनाएं थम नहीं रही हैं। खासकर पूरेकिरता गांव के लोदीपुर माइनर के पास सड़क के मोड़ पर उगी झाड़ियां दृश्य बाधित कर रही हैं, जिससे अब तक एक दर्जन से अधिक बाइक और साइकिल सवार घायल हो चुके हैं।

कॉलेज खुलने के बाद विद्यार्थी भी हादसों का शिकार हुए हैं। हालिया दुर्घटनाओं में रामदेव, जगदीश, अनुराग और राम केवल समेत कई लोग चोटिल हुए हैं। स्थानीयों का आरोप है कि सड़क किनारे सफाई की जिम्मेदारी गैंगमैन की है, जिन्हें इसके लिए वेतन भी मिलता है, फिर भी अनदेखी की जा रही है। लोगों ने सड़क किनारे की झाड़ियों की तत्काल सफाई की मांग की है। जूनियर इंजीनियर पीके यादव ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही झाड़ियों की कटाई कर रास्ता साफ कराया जाएगा।



सड़क किनारे बढ़ीं झाड़ियों से हो रहीं दुर्घटनाएं। अमृत विचार

▸▸ रामगंज-राजबहा मार्ग पर हालत बद से बदत्तर, लोगों की कटवाने की मांग

## सार-संक्षेप

### पिता की लाइसेंसी रायफल से फायरिंग, बालिका की मौत

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के छतौना गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। अनीस अहमद खान की 12 वर्षीय बेटी तूबा बानो को उनके पिता की लाइसेंसी रायफल से गोली लग गई। गोली लगने के बाद परिवार ने आनन–फानन में घायल बच्ची को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान देर रात उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को घर ले जाकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। रविवार सुबह जनाजे की नमाज के बाद दफन की प्रक्रिया शुरू ही होने वाली थी कि कोतवाली देहात पुलिस को घटना की जानकारी मिल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पिता अनीस अहमद खान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। देहात कोतवाल अखंड देव मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और रायफल के लाइसेंस को निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। पिता को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली चलने की यह घटना हादसा थी या इसके पीछे कोई और वजह है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### असलहा निकालकर धमकाने के मामले में केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने असलहा निकाल कर धमकाने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द गांव के रत्नेश शुक्ला शनिवार को दोपहर नलकूप के पानी से अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे। तभी विपक्षीगण मौके पर पहुंच कर उन्हें बुलाया। नलकूप के कमरे से बाहर निकलते ही विपक्षियों ने गाली देते हुए असलहा निकाल कर धमकाने की कोशिश की। तभी उन्होंने नलकूप का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और अपने परिजनों को फोन से सारी बात बताई। परिजनों को आते देख विपक्षीगण मौके से फरार हो गए। पीड़ित के पिता जयप्रकाश शुक्ला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मुन्ना यादव एवं एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

### धान की नर्सरी चरने पर बकरी को रोकना पड़ा भारी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अरवल किरी करवत गांव में शुक्रवार सुबह खेत में बकरी के घुसने और धान की नर्सरी चरने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक परिवार पर चाकू व लाठी–डंडों से हमला कर दिया गया। गांव निवासी जगन्नाथ पुत्र रामफेर ने अपने खेत में धान की नर्सरी लगाई थी। सुबह करीब 5:30 बजे अमित पुत्र वंशलाल की बकरी बेरन चर रही थी। जब जगन्नाथ ने विरोध किया तो अमित आगबबूला हो गया और गाली–गलौज करते हुए लाठी, डंडा और चाकू से हमला कर दिया। बीच–बचाव करने आई जगन्नाथ की पत्नी कमलेश देवी और बेटी अर्चना को भी नहीं बख्शा गया। हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घटना में तीनों को चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

▸▸ परिवार पर चाकू-लाठी से हमला, केस दर्ज

### रोडवेज बस में मिला परिचालक का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रविवार को रोडवेज बस स्टेशन पर अमेठी डिपो की एक बस में संदिग्ध हालात में परिचालक का शव मिला। मृतक की पहचान अमेठी डिपो में कार्यरत संजय श्रीवास्तव के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच और विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, संजय श्रीवास्तव अमेठी डिपो में नियमित परिचालक के पद पर कार्यरत थे। शनिवार शाम वह अमेठी से यात्रियों को लेकर सुलतानपुर आए थे। ड्यूटी पूरी करने के बाद उन्होंने बस स्टेशन पर रात्रि विश्राम किया। अगली सुबह यानी रविवार को उन्हें उसी बस से यात्रियों को लेकर अमेठी लौटना था, लेकिन सुबह उनका शव बस के अंदर संदिग्ध हालात में पाया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अमेठी डिपो की बस से शव को उतरवाया और परिजनों को सूचित किया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

▸▸ अमेठी डिपो के परिचालक की रात में हुई मौत

### आने वाला समय कांग्रेस का होगाः राजेश

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विधानसभा में रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव व सुलतानपुर प्रभारी अर्जुन पासी ने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान दोनों को खत्म करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा, "संविधान इस देश का सर्वमान्य ग्रंथ है, जिसे किसी भी हाल में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।" निवर्तमान राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि देश में अगर कोई बीजेपी सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है तो वह सिर्फ राहुल गांधी हैं। शहर संयोजक संदीप त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान की रक्षा के लिए कटिबद्ध हैं और आने वाला समय कांग्रेस का होगा। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने संगठन को मजबूत बनाने पर ज़ोर देते हुए कहा कि अगर कांग्रेस मजबूत रहेगी, तो संविधान भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम को योगेश सिंह, वरुण मिश्रा, फिरोज़ अहमद खान, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ नेता सियाराम तिवारी, संतोष वर्मा, दीपक सोनी, मोहित तिवारी, ऋषभ पाठक, ओम प्रकाश तिवारी चौटाला, धर्मराज मिश्रा, चंद्रभान सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), लालता पाठक, अरुण तिवारी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।

▸▸ बीजेपी सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता

**मौसम ने ली करवट** | दिन भर भयंकर गर्मी से लोग परेशान, शाम को उमस बढ़ी

# झमाझम बारिश होने पर गर्मी से मिली थोड़ी राहत

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवा को जिले में मौसम ने अचानक करवट ली और शाम होते-होते तेज झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत दिलाई। सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर के बाद आसमान में अचानक बादल छा गए और देर शाम तक जिले के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम पूरी तरह खुशगवार हो गया।

रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। कृषि मौसम विज्ञान विभाग, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 85 प्रतिशत और न्यूनतम 48 प्रतिशत दर्ज की गई। हवा की दिशा उत्तर-पूर्वी रही और गति 5.5 किमी प्रति घंटा रही।

हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 24 घंटों के भीतर पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम दोबारा शुष्क हो सकता है। पूर्वानुमान है कि आने वाले एक दिन तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की संभावना नहीं है और औसत तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक बना रह सकता है। हवा की दिशा पूर्वी तथा गति सामान्य बनी रहेगी।

शहरवासियों ने शनिवार को अचानक हुई बारिश का लुत्फ उठाया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मौसम के इस बदलाव का आनंद लिया। दुकानों, बाजारों और गलियों में बारिश के बाद थोड़ी देर के लिए हलचल तेज हो गई। किसानों के लिए यह बारिश फसलों की बुआई से पहले एक शुभ संकेत मानी जा रही है, हालांकि निरंतर बारिश की अब भी प्रतीक्षा है।



शाम को शहर में हुई झमाझम बारिश। अमृत विचार

### हल्की बरसात से ही कस्बे में हुआ जलभराव

**लंभुआ, सुलतानपुर :** नगर पंचायत लंभुआ में हल्की सी बरसात में ही जगह जगह रोड की पटरियों पर पानी जमा हो गया। जिससे आवागमन व रेहड़ी पटरी वालों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। नालियां चोक होने से यह समस्या लगातार बनी रहती है, कस्बे में काफी समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही है फिर भी जिम्मेदार लोग नजर अंदाज करते रहते हैं। जबकि नगर पंचायत की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी है।

# सीएचसी धनपतगंज में चोरी, जांच शुरू

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धनपतगंज में शनिवार की रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। चार चोरों ने अस्पताल परिसर में लगे हीट वेव जागरूकता पोस्टर को पहले क्षतिग्रस्त किया, फिर उसी स्थान पर लगे लोहे के एंगल को उखाड़कर अपने साथ ले गए। पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरुणेश सिंह ने तुरंत धनपतगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### बिजली गिरने से 11 वर्षीय युवती की मौत

गोरखपुर, अमृत विचार : सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। वहीं, दो बच्चे घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, भरपहीं निवासी फेंकू की पुत्री खुशबू (11) की मौत हो गई है जबकि छोटे भाई सागर का बेटा अजय (10) और बेटी ज्योति (12) आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गये।

### पांच बोरी चावल के साथ युवक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : थाना मोहाना पुलिस ने 5 बोरी चावल को बरामद कर धारा–11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। मोहाना थानाध्यक्ष डॉ कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज ककरहवा वीरेंद्र यादव मयफोर्स द्वारा चेकिंग के दौरान फसदीपुर बॉर्डर के पिलर नं. 543 के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से 5 बोरी चावल बरामद कर कार्यवाही के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त जाहिद अली ग्राम दुल्हा शुमाली टोला फसादीपुर चौकी ककरहवा थाना मोहाना का निवासी बताया जाता है।

# सिद्धार्थनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह की हुई शुरुआत

## सांसद जगदंबिका पाल एवं जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने किया शुभारंभ

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



अलंकृत उद्यान पार्क में योगाभ्यास करते सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर।

**अमृत विचार:** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का भव्य शुभारंभ अलंकृत उद्यान पार्क में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल एवं जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक महेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को योगाभ्यास कराया। सांसद जगदंबिका पाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा और आज से इसकी सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की शुरुआत हो रही है।

उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों से 15 जून और 21 जून को योग से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लेते आए हैं, लेकिन पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोग 15 जून को एकत्र हुए हैं, खासकर शिक्षक वर्ग की भागीदारी सराहनीय है। सांसद पाल ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और इसकी महत्ता को पूरी दुनिया ने स्वीकारा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 21 जून को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने इस अवसर पर सांसद, सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग का विशेष सहयोग रहा है और बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित हुए हैं। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की और कहा कि नियमित योग से स्वास्थ्य लाभ होता है एवं आयु लंबी होती है। उन्होंने सभी नागरिकों से 21 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक योग में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय बहादुर, योग सहायक उदय सिंह, सत्य प्रकाश सहित अन्य योग प्रशिक्षक एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समय से पूरा करें निर्माण कार्य : एसपी

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन ने थानाक्षेत्र बांसी में निर्माणाधीन पुलिस पिंक बूथ का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, और समयबद्धता का जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि पुलिस पिंक बूथ का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हो, जिसमें सुरक्षा, स्वच्छता, और बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली, और संचार उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गयी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधा को तत्काल दूर करने के लिए कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बांसी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गांव में घुसे तेंदुएं ने 4 लोगों को घायल कर जंगल में जा छिपा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



झाड़ियों में छिपा बैठा तेंदुआ।

**दहशत**

- ड्रोन के सहारे पकड़ने में जुटी वन विभाग की टीम
- हमले के बाद जंगल में छिपने से ग्रामीणों में डर का महौल है

अमृत विचार: मोहाना थाना क्षेत्र के रामभारी गांव में एक तेंदुए के अचानक घुस जाने से गांव में दहशत फैल गई। उसे पकड़ने का प्रयास देर रात तक जारी रहा, मगर सफलता नहीं मिल पाई है।

रामभारी गांव में शनिवार तेंदुए को देखकर कुत्ते भौंकने लगे और भगदड़ मच गई। उसके हमले में चार ग्रामीण घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि तेदुआ झाड़ियों में छिप गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मोहाना थाना पुलिस और वन विभाग की टीमें ड्रोन की मदद तेंदुए की तलाश में जुटी हुई हैं।

मोहाना थाना के रामपुर ग्राम पंचायत के टोला रामभारी में शनिवार की दोपहर एक तेंदुआ घुस गया। गांव की सड़क पर घूम रहे तेंदुआ को देख हड़कंप मच गया। गांव के कुत्तों ने उसे देख भौंकना शुरू किया जिससे वह हमलावर हो गया। भगदड़ में में पंजा मार दिया। इसमें हिमांशु, राममिलन, नावेद और पप्पू घायल हो गए। जब तक वन विभाग और पुलिस की टीम पहुंचती, तेंदुआ गांव के बाहर घने बाग के रास्ते झाड़ी में जा छिपा। ग्रामीणों का कहना है कि नेपाल के जंगल से वह भटक कर आ गया। फिलहाल उसे रविवार को भी पकड़ा नहीं जा सका है। सूचना पर डीएफओ, रेंजर, एएसपी, एसडीएम, नायब तहसीलदार मोहाना फोर्स पहुंच गई है। इस संबंध में डीएफओ पुष्प कुमार के ने बताया के उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# 75 किग्रा रेसलिंग में मोहाना के ऋतिक ने मारी बाजी





रेसलिंग चैंपियन को प्रमाणपत्र प्रदान करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** कपिया चौराहे पर एसएन जिम एंड फिटनेस क्लब की ओर से रविवार को प्रदेश स्तरीय एआरएम रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सिद्धार्थनगर के साथ-साथ गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, महराजगंज सहित कई जनपदों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी ताकत व कौशल का प्रदर्शन किया। रेसलिंग की 75 किलोग्राम भार वर्ग श्रेणी में मोहाना निवासी ऋतिक जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं खुनियांव के तारिक आलम द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह 65 किलोग्राम भार वर्ग में नौगढ़ के आफताब आलम ने प्रथम स्थान हासिल किया और शोहरतगढ़ के सुमित द्वितीय स्थान पर रहे। 55 किलोग्राम श्रेणी में अली खान ने बाजी मारी और मनीष ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार मिश्रा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता को हल्के में नहीं लेना चाहिए। जब हम यह सोच कर तैयारी करते हैं कि सामने वाला हमसे अधिक मजबूत है, तो हमारी तैयारी भी उसी हिसाब से सुदृढ़ होती है और सफलता निश्चित होती है। आयोजक गौरव सिंह ने आए हुए सभी प्रतिभागियों, दर्शकों एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में शैलू सिंह, अंकित त्रिपाठी, विंध्याचल पाण्डेय, अर्जुन मद्धेशिया, बृजेश मिश्रा, जितेन्द्र सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# 25 तक पूरा करें गड्ढों की खुदाई, समय पर हो पौधरोपण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**समीक्षा**

- नहरों के किनारे पौधरोपण की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न
- जिलाधिकारी ने आधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार:** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में नहरों के किनारे पौधरोपण कराए जाने की कार्ययोजना की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सिद्धार्थ सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने की।

बैठक में जिलाधिकारी को बताया गया कि जनपद के नौगढ़, शोहरतगढ़, बढ़नी, डुमरियागंज, मिठवल और खेसरहा विकास खण्डों में नहरों के किनारे कुल 318 किलोमीटर क्षेत्र में पौधरोपण के लिए चिन्हांकन किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 25 जून तक चयनित स्थलों पर गड्ढों की खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि समयबद्ध ढंग से पौधरोपण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) की ड्यूटी लगाई जाए तथा खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य को समय से पूर्ण किया जाए। साथ ही, विकास खण्डवार ग्राम पंचायतों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए और पौधों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, जेई एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य का निरीक्षण वे स्वयं करेंगे। जिलाधिकारी का यह प्रयास जिले में हरियाली बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर।

## सार-संक्षेप

### अवैध ई-टिकट में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार



आरपीएफ ने रेल ई–टिकटों के अवैध कारोबार में लिप्त तीनों आरोपियों को पकड़ा।

संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत गोरखपुर आरपीएफ. पोस्ट द्वारा रेल ई–टिकटों के अवैध कारोबार में लिप्त तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई लखनऊ आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट चंद्रमोहन मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। मुख्यालय से प्राप्त संदिग्ध पर्सनल यूजर आईडी के आधार पर कार्रवाई करते हुए गोरखपुर आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक दशरथ प्रसाद के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने बांसगांव क्षेत्र के बघराई ग्राम सभा स्थित ग्राहक जन सेवा केंद्र के संचालक संतोष यादव सहित दो अन्य विनीत कुमार और संगम शर्मा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : डुमरियागंज ब्लाक सभागार में रविवार को भाजपा ने विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत मण्डलीय कार्यशाला आयोजित का आयोजन किया। जिसमें मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। लोगों ने विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। पूर्व विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सशक्त और सुरक्षित भारत का सपना साकार किया है। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का उल्लेख किया। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप दी। उन्होंने पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और जन धन योजना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं ने लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान नरेंद्र मणि त्रिपाठी, अमरेंद्र त्रिपाठी, मनोज निषाद, अजय अग्रहरि, सन्तोष अग्रहरि, उमाशंकर गौड़, रामचंद्र यादव, कन्हैया गुप्ता, राजू कन्नौजिया, प्रेम चन्द्र पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन आज

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के बहेरिया स्थित नाथ भवन शिव मंदिर पर आयोजित द्वितीय स्थापना दिवस समारोह को लेकर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को श्रीराम चरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। जिसका समापन गुरुवार को हवन व भंडारे के साथ होगा। समारोह के दूसरे दिन आचार्य राम विलास शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। मंदिर के व्यवस्थापक अमरनाथ पाण्डेय ने बताया कि द्वितीय स्थापना समारोह को लेकर कलश यात्रा समापन के बाद अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम का समापन सोमवार को भंडारे के साथ समापन होगा।

### योगाभ्यास के साथ योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार : 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत रविवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में 15 से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह का शुभारंभ जिला प्रशासन द्वारा कराया गया। विधायक पडरौना मनीष जायसवाल एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उपाध्यक्ष बीज विकास निगम राजेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। योग सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तरीय तहसील स्तरीय व ब्लाक स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। सदर विधायक मनीष जायसवाल और राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह ने योग कर निरोग एवं स्वस्थ रहने का संदेश दिए। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया। विधायक पडरौना ने बताया कि 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस की तैयारियां एक सप्ताह तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

## पुलिस ने क्षेत्रों में की पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने–अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस–पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़–भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त, चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।

# बिजली चोरी पर विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

- 52 के काटे कनेक्शन, 4 पर केस दर्ज, 6.55 लाख की वसूली

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: विद्युत विभाग ने इटवा एवं डुमरियागंज क्षेत्र में मेगा चेकिंग ड्राइव चलाकर बकायेदारों और बिजली चोरों पर सख्त कार्रवाई की। इस अभियान में कुल 52 उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया बिल न जमा करने के कारण काट दिए गए, वहीं चार लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया। डुमरियागंज टाउन फीडर के छह वार्डों में चेकिंग अभियान के तहत बिजली विभाग की छह टीमों ने सुबह से ही कार्यवाही शुरू कर दी। जांच के दौरान कुल 160 घरों की जांच की गई, जिसमें चार उपभोक्ता कटे हुए कनेक्शन को अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग करते हुए पाए गए। इसके अतिरिक्त लगभग 12 लाख रुपये के बकाये पर 52 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई। चेकिंग के दौरान मौके पर ही करीब 6.55 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। अभियान के दौरान अवर अभियंता मनोज कुमार शुक्ला एवं सुभाष गुप्ता सहित इटवा और डुमरियागंज के कर्मचारी मौजूद रहे। डुमरियागंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डिस्कॉम द्वारा नामित अधिकारियों की निगरानी में अभियान चलाया गया। प्रबंध निदेशक के निर्देश पर बिजली चोरी और बकायेदारों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## शादी के 12 दिन बाद प्रेमी संग दुल्हन फरार

संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार: खभराभार निवासी युवक की शादी 2 जून को गोरखपुर के रामनगर मिर्जापुर पचपेड़वा की युवती से हुई थी। लेकिन शादी के महज 12 दिन बाद ही दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवक के अनुसार शुक्रवार को युवती ने चाऊमीन खाने की इच्छा जताई। वह उसे कप्तानगंज किसान चौक स्थित फ्लाइंग पोटैटो रेस्टोरेंट लेकर युवक खाना ऑर्डर करने काउंटर पर गया, उसी दौरान युवती मौका देखकर बाहर निकली और वहां पहले से स्कूटी लेकर खड़े प्रेमी के साथ बैठकर फरार हो गई। युवक ने तत्काल स्कूटी का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह दोनों को पकड़ नहीं सका। पति ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# ऊर्जा संरक्षण में पूर्वोत्तर रेलवे की पहल

संवाददाता, गोरखपुर

- एचओजी प्रणाली से डीजल बचत व कार्बन उत्सर्जन में कमी
- वर्तमान में 128 ट्रेनों का संचलन हेड ऑन जेनरेशन से हो रहा है

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे पर सुनियोजित प्रयासों से ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के अपेक्षित परिणाम मिल रहे हैं। ऊर्जा दक्षता एवं पर्यावरणीय स्थिरता को ध्यान रखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे पर हेड ऑन जेनरेशन एच.ओ.जी. से कोचेस में बिजली की आपूर्ति की जा रही है, जिसके फलस्वरूप डीजल की बचत हो रही है तथा डीजल खपत से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है।

वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे पर 128 ट्रेनों का संचलन हेड ऑन जेनरेशन से किया जा रहा है। हेड ऑन जेनरेशन एक तकनीकी प्रगति है, जो ईंधन लागत तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने में प्रभावी साबित हुई है। एच.ओ.जी. प्रणाली एक विद्युत आपूर्ति तंत्र के रूप में कार्य करती है। जो प्रकाश, एयर कंडीशनिंग, पंखे, पेंट्री संचालन और अन्य यात्री सुविधाओं सहित पूरी ट्रेन की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये ओवर हेड इलेक्ट्रिक लाइनों से बिजली खींचती है। यह पहल न केवल लागत दक्षता को बढ़ाती है बल्कि प्रदूषण के स्तर को भी कम करती है। यह पारंपरिक ऊर्जा संरक्षण का एक ठोस कदम है। रेलवे गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत की ओर लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में, ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण अनुकूल हेड ऑन जेनरेशन (एच.ओ.जी.) का उपयोग पूर्वोत्तर रेलवे के 128 ट्रेनों में किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप वित्त वर्ष 2025-26 में मई, 2025 तक 311 किलो लीटर एच.एस.डी. की बचत हुई है, जिससे रेल राजस्व के रूप में रू. 2.81 करोड़ की बचत हुई है। इस नई तकनीकी के उपयोग से पहले लगने वाले दो पॉवर कारों में से एक पॉवर कार हटा दी जाती है तथा उसके स्थान पर एल.एस.एल.आर.डी. कोच लगाया जाता है, जिसमें 31 यात्रियों के लिये बैठने की क्षमता होती है एवं अतिरिक्त लगेज स्पेस भी होता है। इसका लाभ भी यात्रियों को मिलता है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मिट्टी पटाई कार्य में फर्जी हाजिरी लगाने का लगाया आरोप

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

- जिला योजना समिति सदस्य ने जिलाधिकारी को पत्र देकर की मामले की शिकायत

**अमृत विचार :** तहसील शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत चकईजोत में चक रोड पर मिट्टी पाटकर पांच परियोजनाओं पर कागज में फर्जी तरीके से काम कराये जाने का आरोप सदस्य जिला पंचायत एवं जिला योजना समिति जहूर खां ने लगाया है। जांच के बाद ही भुगतान की मांग की है। सदस्य जिला पंचायत ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि जहां काम दिखाया जा रहा है। वहां मजदूरों के साइट पर उपस्थित न रहने के बावजूद भी फर्जी तरीका से फोटो लगाकर हाजिरी भरते हुए सरकार के लाखों रुपये का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कार्य की जांच कर भुगतान पर रोक लगाने की मांग की। उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुये कहा है कि कागजों में 300 आदमी कम कर रहे हैं, लेकिन मौके पर सब नदारद रहते हैं। कार्य का बोर्ड भी किसी साइट पर नहीं लगाया गया है। जिला पंचायत सदस्य जहूर खां ने जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा है कि चकईजोत गांव के पूरब बगीचे से बहादुरपुर सरहद तक, मिश्रौलिया गांव के पश्चिम तुलसी के घर से नहर तक, अहिरौली गांव से दक्षिण बाबूराम के खेत से नहर तक, अहरौली गांव के दक्षिण रामचरित्र के खेत से पूरब नहर तक, चकईजोत गांव के पूरब मुर्तजा के खेत से बगीचे तक चक रोड पर मिट्टी पिटाई के कार्य का भौतिक सत्यापन के बाद ही भुगतान कराया जायें।

**दुखद** कुशीनगर के सीआरपीएफ जवान सत्यवान ओडिशा में नक्सल ऑपरेशन के दौरान शहीद हो गए

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ शहीद जवान का अंतिम संस्कार

संवाददाता, कुशीनगर

- देश सत्यवान सिंह के सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा: एडीएम

**अमृत विचार:** हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर सोहरौना के निवासी सत्यवान सिंह पुत्र प्रेम सिंह सीआरपीएफ झारखंड में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे शनिवार को उनके नक्सली हमला में शहीद होने की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। उनकी बटालियन गस्त करके लौट रही थी। घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा उनके बटालियन पर हमला कर दिया गया।



सत्यवान सिंह की फाइल फोटो।

जिसमें सीआरपीएफ के जाबांज योद्धा सत्यवान सिंह नक्सलियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उनके पार्थिव शरीर को विधायक हाटा मोहन वर्मा तथा जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सलामी देते हुए भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तिरंगे में लिपटा हुआ शहिद का शव जब गांव पहुंचा तो भारत माता की जय व वंदे मातरम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। नम आंखों के साथ उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। यह एक ऐसा पल था जब उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार क्षेत्रीय लोगों और उनके बटालियन के साथियों की आंखें नाम हो गई। माता गीता देवी, पत्नी प्रियंका व बेटे सभ्य सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। हजारों की संख्या में उमड़ी भीड़ ने उनकी शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। देश इनके सर्वोच्च बलिदान हेतु सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक पवन केडिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जेपी शाही, ज्ञान विक्रम सिंह, उपजिलाधिकारी हाटा योगेश्वर सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, तहसीलदार नरेंद्र राम, कोतवाली प्रभारी रामसहाय चौहान सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे उपस्थित रहे।



सलामी देते हाटा विधायक मोहन वर्मा व बटालियन के अधिकारी। अमृत विचार

# कानून व्यवस्था में सुधार का प्रतीक बना उत्तर प्रदेश : राजेश पाण्डेय

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार हुआ है, जिसे समाज का हर वर्ग महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के पीछे तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर और सबसे अहम राजनीतिक इच्छाशक्ति की निर्णायक भूमिका रही है। रविवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'कितनी बदली कानून व्यवस्था' विषयक संवादपरक विमर्श में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण पाया है। उन्होंने कहा कि अब अपराधियों में भय है और आमजन में सुरक्षा का बोध बढ़ा है। एसटीएफ और एटीएस के संस्थापक सदस्य रह चुके श्री पांडेय ने बताया कि 2019 के बाद शुरू हुए 'हाफ एनकाउंटर' दौर और 2020 से 2025 के बीच बढ़ी सजा दिलाने की दर, बदली हुई कानून व्यवस्था की गवाही देते हैं। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस, सीसीटीवी और इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग जैसी तकनीकों की मदद से 72 प्रतिशत अपराधों का खुलासा संभव हुआ है। श्री पांडेय ने कानून व्यवस्था को बेहतर करने में मुख्यमंत्री योगी की निर्णायक भूमिका को सराहा और कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने 90 के दशक के कुख्यात अपराधी श्रीप्रकाश शुक्ला के आतंक और खात्मे की घटनाओं को साझा कर प्रदेश की कानून व्यवस्था में आए बदलाव को रेखांकित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी तीन पुस्तकें 'ऑपरेशन बजूका', 'वर्चस्व' और 'बैज एंड बुलेट' प्रेस क्लब को भेंट कीं। प्रेस क्लब अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने उनका स्वागत करते हुए उनके योगदान और उपलब्धियों की सराहना की।



राजेश पाण्डेय, पूर्व आईपीएस अधिकारी।

## एक नजर

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक हैं। नियुक्ति समिति ने 1 अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते मुरैना पहुंचे, दहशत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए।

### महिला और उसकी नाबालिग बेटी नदी में डूबी

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को विश्वगंगा नदी में 20 वर्षीय महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी डूब गईं। यह घटना तब घटी जब पूनम बेटी के साथ नंदुरा तालुका में नदी के तट पर स्थित निम्बादेवी मंदिर में दर्शन करने गई थीं।

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।



● 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी।

घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

● रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# म्यांमार के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

**ठाणे, एजेंसी**

● ठाणे में अवैध रूप से रहते हुए किया गया था गिरफ्तार, सजा के बाद निर्वासित करने का आदेश

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। उसपर इन लोगों की मदद करने का आरोप था।

मामले के अनुसार ठाणे जिले के उत्तन सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चौकगांव जेट्टी पर छापा मारा, जहां से म्यांमा के आठ नागरिकों को पकड़ा गया था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा, हालांकि, आरोपी संख्या एक से आठ के पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौता, 1951 और उसके 1967 प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। ऐसे में निष्कर्ष है कि ये सभी आरोपी विदेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे हैं।

### काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

**मुंबई, एजेंसी**

● राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

# कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।



# पहलगाम में पटरी पर लौट रहा पर्यटन

**पहलगाम, एजेंसी**

● छंटने लगा आतंकी हमले का साया पर्यटकों के प्रति और ज्यादा मित्रवत हुए स्थानीय कारोबारी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं।

यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। यहां से छह किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन थम गया था।

श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं, पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे।

एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कुछ नहीं है, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या ज्यादा नहीं बढ़ी क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी।

## कारोबार/कृषि

# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।



● पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।

### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।



### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



● दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास

● 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

### ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।




● आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

### डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

## एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती हुईं। फाइनल में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हरा दिया। ● एजेंसी

### मेडिसन कीज क्वींस क्लब सेमीफाइनल में हारीं

**लंदन :** दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वरीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं। शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीद: कुलदीप

**बेकेनहैम :** अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई :** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

# मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

## भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

● भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
● नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

**लंदन, एजेंसी**

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती है। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया। भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।







नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

# विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

### क्वालीफाई करने वाली अन्य महिलाएं

**पहलवानों में श्रुति** (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन शैली** के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

## बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडु कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा, ''भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।


# आस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

● बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था


**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिये। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाये। दक्षिण अफ्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



मिचेल जॉनसन



जोश हेजलवुड

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है।'' जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

# तीरंदाज गाथा, पृथिका ने विश्व कप के लिए ट्रायल जीते

**पुणे, एजेंसी**

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला। अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए, जबकि तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई।

ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं। क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए। ये चारों मैड्रिड में विश्व कप चरण चार (8-13 जुलाई) में हिस्सा लेंगी जबकि केवल शीर्ष तीन तीरंदाज ही ग्वांगझू (5-12 सितंबर) में विश्व चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए।

# मेसी की इंटर मियामी गोल रहित ड्रॉ खेला

**मियामी गार्डन्स :** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।



क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

# भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

### एफआईएच प्रो लीग

● ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया। टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया। भारतीय टीम को मैच के 27 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 36वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा और अभिषेक की मदद से बनाये मौके को दिलप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर मैच में भारत की वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 10 मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाठक ने तीनों मौकों पर अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।



भारत के जुगराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में ग्रेस स्टीवर्ट ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

# नक्सल प्रभावित में क्षेत्र में 50 मैदान विकसित होंगे

● प्रशासन की पहल पर सचिन का फाउंडेशन पूरा करेगा काम

**दंतेवाड़ा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए, प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

# पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।

### पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है


- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

### इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

### कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) – आत्म-साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।



### अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन-से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

### जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

## एक नजर

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल-जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल-जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

# इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

## इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इजराइल ने कथित तौर पर एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही तबाही से बच सकता है। रविवार को तेहरान तथा देश के अन्य हिस्सों से भी नए विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं, लेकिन ईरान ने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि कितने लोग हताहत हुए हैं।



तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए हैं तथा 320 घायल हैं। इजराइल की बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम के अनुसार इजराइल में शनिवार रात भर और रविवार को हुए ईरानी हमलों में 10 लोग मारे गए हैं।

चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

### यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

**दुबई।** इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

**दुबई।** इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। ईरान में हताहत हुए लोगों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।




### इराक ने अमेरिका से इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का किया आग्रह

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किये जाने का सख्त विरोध करता है। इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शिकायत दर्ज की, जिसमें इजरायल के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गयी।

## ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

# अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर उतरे लोग

**फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था।




लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

### अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी है। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

## पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत


**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

# तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।



### सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ-35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

**शिखर सम्मेलन** ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

# संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

**बैंफ (कनाडा), एजेंसी**

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।




ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की शृंखला बनकर रह जाएगा।

### शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।